नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

- वर्ष : 14
- अंक : 08
- सोमवार, 25 से 31 मार्च 2024
- मूल्य : 5 रू प्रति
- रू 250 वार्षिक

सुकेश की शिकायत पर सत्येंद्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच 03

बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे? 08

# NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

बाबर के कप्तान के तौर पर वापसी से बढ़ सकती हैं पाकिस्तान की मुश्किलें 10

घर में इस जगह पर रखें एलोवेरा प्लांट 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

विलेन का रोल निभाएंगे बॉबी? 12



## आईएनडीआईए की महारैली में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला

# देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है मोदी सरकार

**एनसीआर समाचार**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की महारैली में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। कांग्रेस यह साजिश कभी कामयाब नहीं होने देगी।

दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में कांग्रेस समेत 27 दलों के नेता शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने हिस्सा लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपने भाषण में कहा कि आज की रैली का उद्देश्य केवल विपक्ष की एकजुटता दिखाना है। 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' विविधता में एकता दिखाती है। हम सभी देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते, वे तानाशाही की विचारधारा के हैं। उनसे राष्ट्रपति भवन में नड्डा जी ने पूछा- आपका चुनाव प्रचार कबसे शुरू हो रहा है? उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पार्टी के खातों से पैसे चोरी हो गए। हजारों करोड़ का जुमार्ना लगा दिया गया ताकि हम चुनाव प्रचार न कर सकें।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार चुनावों को फिक्स करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष चुनाव लड़े। इसके लिए उन्होंने इलेक्शन कमीशन में अपने लोग बिठाए। दो मुख्यमंत्री को जेल में डाला, कांग्रेस के बैंक अकाउंट बंद कर दिए और अब न्यायपालिका पर दबाव डाल रहे हैं। ये सब इसलिए कि मैच फिक्स हो, संविधान रद्द किया जाए और मोदी सत्ता में रहें।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट में 'मैच फिक्सिंग' शब्द होता है। मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका 400 पार का नारा, बिना ईवीएम बिना मैच फिक्सिंग के 180 पार नहीं होने जा रहा है। मैच फिक्सिंग का एकमात्र लक्ष्य- हिंदुस्तान की जनता के हाथ से संविधान छीनना है। मीडिया खरीदा जा सकता है, लेकिन आप हिंदुस्तान की आवाज को नहीं खरीद सकते। दुनिया की कोई ताकत हिन्दुस्तान की आवाज को नहीं दबा सकती है।

प्रियंका गांधी ने इंडी गठबंधन की ओर से पांच मांगें रखीं। ये मांगे थीं चुनाव आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करे, विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई रोकें, हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए, विपक्षी दलों पर आर्थिक कार्रवाई बंद हो और चुनावी चंदे को लेकर भाजपा पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी का गठन हो।

### पूरा देश आपके साथः उद्धव ठाकरे

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, आप लोग (कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल) चिंता मत करो, सिर्फ हम ही नहीं पूरा देश आपके साथ है कुछ दिन पहले आशंका थी कि क्या हमारा देश तानाशाही की ओर चल रहा है? लेकिन अब ये आशंका नहीं सच्चाई हो गई है। भाजपा पार्टी को लग रहा होगा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं। बहन लड़ रही तो भाई क्यों पीछे रहे। उन्होंने आगे कहा, मेरे भारत में हर कोई डरने वाला नहीं, लड़ने वाला है। भाजपा सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोका। अब भाजपा को दिल्ली आने से रोकना होगा। ईडी, आईटी और सीबीआई ये सभी बीजेपी की साथी पार्टियां हैं. बीजेपी देश के लिए खतरनाक हो गई है।

### केजरीवाल को परेशान कर रही भाजपा- मुफ्ती

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इसलिए परेशान किया गया ताकि वो भाजपा में चला जाए। भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। उसका क्या कसूर था। उन्होंने अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाए। भाजपा पर हमला करते हुए मुफ्ती ने कहा कि इनको अगर परिवारवाद से दिक्कत होती तो सिंधिया जैसे नेताओं को ना लेते। इनको बस नेहरू गांधी परिवार से दिक्कत है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ नौकरियां देने की बात की गई थी, लेकिन इन्होंने नौजवानों का अपराधीकरण किया उनसे दंगा कराए. कौन क्या खा रहा है ये दिखाया।

## लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' करना चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदीः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके।

गांधी ने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में लोगों का आह्वान किया कि वे इस 'मैच फिक्सिंग' को रोकने के लिए पूरी ताकत से मतदान करें, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। राहुल गांधी ने क्रिकेट की मैच फिक्सिंग का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया, ''नरेन्द्र मोदी जी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''ये बिना मैच फिक्सिंग, बिना ईवीएम (छेड़छाड़) एवं सोशल मीडिया और प्रेस पर दबाव डाले बिना 180 पार नहीं होने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, ''कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। चुनाव के बीच में ही सबसे बड़े विपक्षी दल के खाते फ्रीज कर दिए।'' उन्होंने दावा किया, ''धमकाया जाता है, सरकारों को गिराया जाता है, नेताओं को जेल में डाल दिया जाता हैड्ढयह मैच फिक्सिंग नरेन्द्र मोदी और तीन-चार सबसे बड़े अरबपति मिलकर कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि इस मैच 'फिक्सिंग' का एक लक्ष्य है कि संविधान को गरीब जनता से छीना जा सके। उनका कहना था कि जिस दिन यह संविधान खत्म हो गया उस दिन यह हिंदुस्तान नहीं बचेगा। राहुल गांधी ने कहा, ''यह संविधान हिंदुस्तान के दिल की धड़कन है, लोगों की आवाज है।

## 'चाइनीज माल वाली गारंटी' है 'मोदी की गारंटी' : तेजस्वी यादव

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को केंद्र सरकार पर 'अघोषित आपातकाल' लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में 1990 के दशक की फिल्म 'साजन चले ससुराल' के गाने 'तुम तो धोखेबाज हो का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे। तेजस्वी यादव ने कहा, ''रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगेड्ढहम जहां जा रहे हैं, जनता का साथ मिल रहा हैड्ढहम लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा, ''देश को बांटा जा रहा है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है। इसलिए हम आपकी लड़ाई लड़ रहे हैं।'' यादव ने कहा, ''लोग 400 पार का नारा लगाते हैं, वे कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन जनता मालिक है और जनता को तय करना है कि कौन शासन करेगा।'' उन्होंने दावा किया कि '400 पार' का नारा ऐसे लगाया जा रहा है कि जैसे ईवीएम में पहले ही 'सेटिंग' हो चुकी है। राजद नेता ने आरोप लगाया, ''देश में अघोषित आपातकाल लागू हो चुका है। सत्ता में बैठे लोग तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रहे हैं, घमंडी हो गए हैं देश में सबसे बड़ी दुश्मन बेरोजगारी और महंगाई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''मोदी जी प्रियंका चोपड़ा से मिलेंगे, किसानों से नहीं मिलेंगे। मोदी जी अब बिल गेट्स को बुलाकर साक्षात्कार दे रहे हैं।''

# राष्ट्रपति ने चार हस्तियों को भारत रत्न से किया सम्मानित

**एनसीआर समाचार**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इन चारों हस्तियों को यह सम्मान मरनोंपरांत दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्हें आज यह सम्मान नहीं दिया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री नरसिम्हा राव के पुत्र श्री पी वी प्रभाकर राव, श्री चौधरी चरण सिंह के पौत्र श्री जयंत सिंह, श्री कपूर्री ठाकुर के पुत्र श्री रामनाथ ठाकुर और डॉक्टर स्वामीनाथन की पुत्री सुश्री नित्या राव ने यह सम्मान लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कई केंद्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ हम झुकने वाले नहीं हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ की धरती से किया लोकसभा चुनाव का शंखनाद
- 2024 का चुनाव महज सरकार बनाने के लिये नहीं है, बल्कि दो खेमों की लड़ाई

**एनसीआर समाचार**



**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद करते हुये रविवार को कहा कि कितना भी बड़ा भ्रष्टारचारी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और मोदी झुकने वाला नहीं है। श्री मोदी यहां मोदीपुरम स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मैदान में आयोजित विशाल रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वहद (मोदी) भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहे हैं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुये कहा, मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वे कहते हैं, भ्रष्टाचारी बचाओ! प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2024 का चुनाव महज सरकार बनाने के लिये नहीं है, बल्कि दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का है, जो भ्रष्टाचार हटाने के लिये मैदान में है, जबकि दूसरा वह है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये मैदान में है। उन्हो्ंने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने, इन बेइमानों ने जिनका धन लूटा है, उनका धन मुझे वापस लौटाना है और इन्हीं लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है।

श्री मोदी ने कहा, इनको लगता है 'मोदी' इससे डर जायेगा, लेकिन मेरे लिये, मेरा भारत, मेरा परिवार है। अपने देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिये यह कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंझने स्प ष्टं कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा और इसलिये बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। उच्चतम न्यायालय तक से जमानत नहीं मिल रही है और उन्हें न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के किये कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। ऐसे लोगों को देश कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम किया जा रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है, इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिये जा रहे हैं।

### हमारी काशी भारत के विकास का रोल माडल बन रही

कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप सभी के मेहनत से आज हमारी काशी भारत के विकास का रोल मॉडल बन रही है। देश दुनिया में काशी के विकास और विरासत की चर्चा होने लगी है। दस साल पहले कौन सोच सकता था कि बनारस में इतना विकास हो सकता है। लेकिन इन दस सालों में हम सबने मिलकर दिखा दिया कि विकास की गंगा बनारस में भी तेजी से बह सकती है।

# तहखाने में पूजा की इजाजत को चुनौती देने वाली मस्जिद कमेटी की याचिका पर आज सुनवायी

**एनसीआर समाचार**



**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय एक अप्रैल को सुनवाई करेगा जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के फैसले को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी। यह कमेटी वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामलों का प्रबंधन करती है।

उच्च न्यायालय ने कमेटी की याचिका खारिज कर दी थी जिसमें उसने जिला अदालत के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी। जिला अदालत ने अपने आदेश में हिंदुओं को तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी थी।

उच्च न्यायालय ने 26 फरवरी को मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि ज्ञानवापी के दक्षिणी तहखाने में स्थित ह्यव्यास तहखानाह्न के अंदर पूजा पाठ रोकने का उत्तर प्रदेश सरकार का 1993 का निर्णय 'अवैध' था।

उसने कहा था कि पूजा-पाठ को 'बिना किसी लिखित आदेश के राज्य की अवैध कार्रवाई' द्वारा रोक दिया गया था और मस्जिद प्रबंधन कमेटी द्वारा दायर दो अपील खारिज कर दी थीं। कमेटी ने अपनी एक अपील में वाराणसी जिला न्यायाधीश के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को 'व्यास तहखाने' का 'रिसीवर' नियुक्त किया गया था जबकि कमेटी ने दूसरी याचिका में 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी जिसके द्वारा न्यायाधीश ने वहां 'पूजा'करने की अनुमति दी थी।

उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि मस्जिद के 'व्यास तहखाना' में पूजा जारी रहेगी, जो काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित है।

अदालत के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी थी कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल के दौरान एक हिंदू मंदिर के अवशेषों पर किया गया था। जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक हिंदू पुजारी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में मूर्तियों की पूजा कर सकता है। अब पूजा-अर्चना काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित एक हिंदू पुजारी और याचिकाकर्ता शैलेन्द्र कुमार पाठक द्वारा की जा रही है।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र समिति बनाई, राजनाथ होंगे अध्यक्ष

**एनसीआर समाचार**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

## एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# निरंतर बढ़ता हुआ मध्य पूर्व युद्ध

एनसीआर समाचार



**इजरायल।** अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्ध के रूप में शुरू हुआ युद्ध अब चार अन्य अरब राज्यों से आतंकवादियों को आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा ईरान, इजराइल और जॉर्डन सभी ने इस महीने सीरिया पर बमबारी की। ईरान ने भी अप्रत्याशित रूप से पाकिस्तान पर बमबारी की, जिससे उसे आश्चर्य हुआ होगा कि वह इस झंझट में कैसे फंस गया।

अब अपने पांचवें महीने के करीब, गाजा में युद्ध समाप्त होने से बहुत दूर लगता है - इजराइल में बढ़ती भावना के बावजूद कि लड़ाई रुक गई है। इजरायली सेना को अभी तक हमास के शीर्ष नेताओं, या अधिकांश इजरायली बंधकों को नहीं मिला है जिन्हें समूह ने अभी भी पकड़ रखा है। इजरायली सुरक्षा अधिकारियों को चिंता है कि सौदेबाजी से उन्हें जो सैन्य लाभ मिला है, वह कमजोर हो जाएगा।

7 अक्टूबर के बाद से मध्य पूर्व की तीन सबसे मजबूत शक्तियों को अपने सुरक्षा सिद्धांतों का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ा है। इजराइल की सैन्य प्रधानता हिल गई। ईरान के प्रतिनिधि अपने संरक्षक के लिए दायित्व बन गए हैं। और अमेरिका को उस क्षेत्र में वापस खींच लिया गया है जिसे वह छोड़ना चाहता था। कोई भी निश्चित नहीं है कि कैसे आगे बढ़ना है। जैसे-जैसे गाजा युद्ध बढ़ता जा रहा है, एक गंदा क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ता जा रहा है।

20 जनवरी को इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया ने पश्चिमी इराक में अमेरिका के अल-असद हवाई अड्डे पर रॉकेट और बैलिस्टिक मिसाइलों की एक बड़ी बमबारी की। अधिकांश को पैट्रियट वायु-रक्षा बैटरियों द्वारा रोक लिया गया, लेकिन कुछ ने बेस पर हमला किया और अमेरिकियों और इराकियों को घायल कर दिया। यह हमला पूरे क्षेत्र में कई दिनों के ईरानी हमलों के बाद हुआः सीरिया और पाकिस्तान में कथित आतंकवादियों पर, और इराकी कुर्दिस्तान में एक कथित इजरायली जासूस अड्डे पर (अपने परिवार के साथ घर पर एक कुर्द व्यापारी की हत्या)। पाकिस्तान पर हमले ने ईरान पर जवाबी हमले को आमंत्रित किया, हालांकि दोनों पक्ष अब आगे की लड़ाई से बचने के इच्छुक दिख रहे हैं।

ये घटनाएं ईरानी शासन के भीतर गहरी बेचैनी का संकेत देती हैं। इजराइल इसके खिलाफ एक गुप्त युद्ध लड़ रहा है, सीरिया में इसके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के सदस्यों और लेबनान में ईरान समर्थित शिया मिलिशिया हिजबुल्लाह के कमांडरों की हत्या कर रहा है। इस बीच, घरेलू स्तर पर, आतंकवादी हमलों की एक श्रृंखला ने ईरान की सरकार को परेशान कर दिया है, उनमें इस्लामिक स्टेट के जिहादियों द्वारा दावा किया गया दोहरा आत्मघाती बम विस्फोट भी शामिल है, जिसमें लगभग 100 लोग मारे गए।

दशकों से ईरान ने पूरे क्षेत्र में शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए प्रॉक्सी मिलिशिया का एक नेटवर्क विकसित किया है। फिर भी अब वह खुद को संघर्ष से दूर रखते हुए उन्हें तैनात करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसने हमास की पिटाई को मौन रूप से स्वीकार कर लिया है, जिसने अपने ईरानी संरक्षकों को सचेत किए बिना इजराइल में नरसंहार को अंजाम दिया है। ईरान अपने सबसे प्रभावी प्रतिनिधि हिज्बुल्लाह को आजाद करने में बहुत इच्छुक है, ऐसा न हो कि अमेरिका या इजराइल सीधे ईरान पर हमला करें। यमन के हौथिस द्वारा वाणिज्यिक शिपिंग पर हमलों ने अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन को लाल सागर में ला दिया है। ईरान इजरायल को गाजा में युद्धविराम के लिए मजबूर करना चाहेगा और अमेरिकी सैनिकों को क्षेत्र से बाहर निकालना चाहेगा। इसके प्रतिनिधियों ने अब तक इसके विपरीत हासिल किया है।

फिर भी अमेरिका भी संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है. राष्ट्रपति जो बिडेन सतर्क रहे हैंः वह मध्य पूर्व में एक और युद्ध में नहीं फंसना चाहते हैं, निश्चित रूप से चुनावी वर्ष में नहीं। इराक और सीरिया में, अमेरिकी सेनाएं हमले की तुलना में बहुत कम प्रतिक्रिया देती हैं। हौथिस के खिलाफ अमेरिकी अभियान बार-बार की चेतावनियों और नौवहन पर समूह के हमलों की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के बाद ही शुरू हुआ। श्री बिडेन मानते हैं कि हमलों ने हौथियों को नहीं रोका है - लेकिन यह भी कहते हैं कि वे जारी रहेंगे।

उनकी सबसे अच्छी उम्मीद यह है कि इजराइल जल्द ही गाजा में अपना युद्ध बंद कर देगा, जिसकी मांग उनके कई सहयोगी महीनों से कर रहे हैं। युद्ध के बाद क्या होगा, इस पर चर्चा करने के लिए इजराइल के विदेश मंत्री, इजरायल काट्ज ने 22 जनवरी को अपने यूरोपीय समकक्षों से मुलाकात की। ब्रुसेल्स में राजनयिकों ने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से बात की। यूरोपीय लोग इस बारे में बात करना चाहते थे कि गाजा पर शासन और पुनर्निर्माण कौन करेगा, और वे इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच दो-राज्य समाधान कैसे अपना सकते हैं।

हालाँकि, श्री काट्ज ने गाजा के तट पर एक कृत्रिम द्वीप बनाने की एक प्रमुख परियोजना का प्रचार किया जो एक बंदरगाह के रूप में काम करेगा, जिसे उन्होंने 2017 में परिवहन मंत्री के रूप में प्रचारित किया था। उनके वातार्कार स्तब्ध थेः ह्लइसमें करने के लिए बहुत कुछ नहीं था हम जिस पर चर्चा कर रहे थे, यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल ने कहा।

इस बीच, अरब राज्य चुपचाप युद्ध समाप्त करने की अपनी योजना को बढ़ावा दे रहे हैं। फि लिस्तीनी राज्य बनाने की प्रतिबद्धता के बदले सऊदी अरब इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने पर सहमत होगा। खाड़ी देश बर्बाद गाजा की जिम्मेदारी से चिंतित हैं, लेकिन वे फिलिस्तीनी प्राधिकरण का समर्थन करने को तैयार हैं, जो वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करता है, अगर वह गाजा में नियंत्रण फिर से शुरू करता है।

यह योजना एक दूरगामी योजना है - केवल इसलिए नहीं कि इजरायली प्रधान मंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू लंबे समय से फिलिस्तीनी राज्य के विरोधी हैं। इस महीने की शुरूआत में श्री बिडेन के साथ बात करने के बाद, राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि श्री नेतन्याहू एक विसैन्यीकृत फि लिस्तीन बनाने के लिए उत्तरदायी हो सकते हैंः ह्लमुझे लगता है कि हम कुछ काम करने में सक्षम होंगे,ह्व उन्होंने कहा। श्री नेतन्याहू उन्हें झिड़कने के लिए दौड़ पड़े, और इस बात पर जोर दिया इजराइल को जॉर्डन नदी के पश्चिम में सब कुछ नियंत्रित करना होगा, यह दावा करते हुए कि ऐसी स्थिति "फिलिस्तीनी राज्य के विपरीत" थी।

इजराइल ने उत्तरी गाजा से अपने कई सैनिकों को वापस ले लिया है, सुरंगों की खोज करने और हमास को वहां पैर जमाने से रोकने के लिए एक डिवीजन छोड़ दिया है। एक दूसरा डिवीजन उत्तरी और दक्षिणी गाजा के बीच की रेखा पर कब्जा कर रहा है, जबकि तीसरे ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस को घेर लिया है, जो हाल के दिनों में भारी लड़ाई का स्थल है। फि लिस्तीनी में मरने वालों की संख्या 25,000 से अधिक हो गई है, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं, संभवतः हजारों की गिनती अभी बाकी है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में से पाँचवें को दस्त होता है।

लेकिन श्री नेतन्याहू की राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई अभी भी इजराइल की रणनीति और गाजा में बंधकों के भाग्य को तय कर रही है। इजराइल और हमास के बीच पहला बंधक सौदा, जिसने नवंबर के अंत में 110 इजराइली और विदेशी बंदियों को मुक्त कराया, कतर द्वारा मध्यस्थ था; मिस्र ने सहायक भूमिका निभाई। अभी भी 136 बंधक हैं, हालाँकि इजराइल का अनुमान है कि कम से कम 29 लोग मारे गए हैं। अब मिस्र उन्हें मुक्त कराने के प्रयास का नेतृत्व कर रहा है, मुख्यतः आर्थिक स्वार्थ के कारण।

लाल सागर में मची अफरा-तफरी से इजराइल को केवल मामूली आर्थिक क्षति हुई है। इसका अधिकांश समुद्री व्यापार भूमध्यसागरीय बंदरगाहों से होता है। मिस्र ने बड़ी कीमत चुकाई हैः स्वेज नहर से राजस्व में 40% की कमी देखी गई है, जो कठिन मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इससे डॉलर की कमी से जूझ रहे और सरकारी कर्ज (जीडीपी का 93%) के ढेर के नीचे दबे देश में संभावित डिफॉल्ट की आशंकाएं बढ़ गई हैं। काले बाजार में मिस्र का पाउंड डॉलर के मुकाबले लगभग 60 तक गिर गया है, जो पिछले महीने के 50 से कम है और आधिकारिक दर से 50% कम है।मिस्र को नहीं लगता कि हौथिस पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हमले समूह को जहाजों पर हमलों से रोक पाएंगे। देश के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी के लिए, अपनी नहर को फिर से चालू करने का एकमात्र तरीका गाजा में युद्धविराम है। इस उद्देश्य से मिस्र ने इजराइल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का नेतृत्व किया है, हालाँकि कतरी चैनल अभी भी खुला है।

## राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू गुड फ्राइडे पर मरियमनगर चर्च में शामिल हुए



**अगरतला।** त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू गुड फ्राइडे के अवसर पर यहां मरियमनगर चर्च में शामिल हुए । चर्च के पादरी एवं पादरियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल नल्लू ने ईसा मसीह के "मानव जाति के प्रति प्रेम, असहायों के प्रति करुणा" के संदेश को याद किया। राज्यपाल ने कहा, " गुड फ्राइडे के अवसर पर आइए हम मानव जाति के लिए प्रेम, असहायों के लिए करुणा, दुश्मनों के लिए क्षमा और मानव जाति के लिए यीशु मसीह द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के यीशु मसीह के संदेश को याद करें।" इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह लोगों को करुणा और क्षमा सिखाता है।

एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधान मंत्री मोदी ने शुक्रवार को लिखा, "आज, गुड फ्राइडे पर , हम यीशु मसीह के गहन बलिदान को याद करते हैं। यह हमें जो करुणा और क्षमा का पाठ सिखाता है, उसमें सभी को शक्ति मिले।" केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने भी लोगों को गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं दीं ।

किरेन रिजिजू ने कहा, " गुड फ्राइडे के शुभ अवसर पर , आइए उस सर्वोच्च बलिदान और प्रेम को याद करें जो हमें करुणा, प्रेम, क्षमा और एकता की ओर ले जाता है। यह गुड फ्राइडे सभी के लिए चिंतन, नवीनीकरण और अनुग्रह का समय हो ।" एक्स पर एक पोस्ट में। गुड फ्राइडे एक ईसाई अवकाश है जो ईसा मसीह के क्रूस पर चढ़ने और कैल्वरी में उनकी मृत्यु की स्मृति में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे ईस्टर सप्ताहांत की शुरूआत का प्रतीक है।

## पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर दूसरी तिमाही में घटकर 1 प्रतिशत रह गई



**इस्लामाबाद।** औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर घटकर केवल 1 प्रतिशत रह गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, धीमी वृद्धि दर सरकार की गलत नीतियों को दशार्ती है, जिससे बेरोजगारी बढ़ी है। देश की राष्ट्रीय लेखा समिति (एनएसी) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान समग्र आर्थिक विकास दर 1 प्रतिशत रही।द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी संस्था ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में दूसरी तिमाही के दौरान एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 0.84 प्रतिशत की गिरावट आई। सर्विस सेक्टर 0.01 प्रतिशत की वृद्धि पर लगभग स्थिर रहा।

देश की जनसंख्या सालाना 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इससे नीचे किसी भी विकास दर का मतलब है कि देश में गरीबी, बेरोजगारी और कुपोषण में वृद्धि होगी। पाकिस्तान लंबे समय से आईएमएफ कार्यक्रम के अधीन है और सख्त राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों को लागू कर रहा है। बढ़ती महंगाई ने व्यवसायों के साथ-साथ लोगों पर भी भारी असर डाला है, जिससे सामान खरीदने की उनकी क्षमता सीमित हो गई है।

## यूक्रेन के विदेश मंत्री के साथ बातचीत रूस के साथ संघर्ष पर हुई : जयशंकर

एनसीआर समाचार



**दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस के साथ कीव के चल रहे संघर्ष पर चर्चा की और विभिन्न पहलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए गुरुवार को अपनी दो दिवसीय आधिकारिक पर भारत आए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, "शुक्रवार दोपहर यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ एक खुली और व्यापक बातचीत की। हमारी बातचीत चल रहे संघर्ष और इसके व्यापक प्रभावों पर केंद्रित थीं। उस संबंध में विभिन्न पहलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।" विदेश मंत्री ने आगे कहा, "वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बातचीत हुई। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग समेत समग्र संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।" हैदराबाद हाउस में बैठक में अपनी शुरूआती टिप्पणी में एस. जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्री कुलेबा की यात्रा भारत को अपने क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है और मैं उस पर आपके दृष्टिकोण को सुनने के लिए उत्सुक हूं। द्विपक्षीय संबंधों में गति की बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, "दोनों देशों के बीच हाल के महीनों में विभिन्न स्तरों पर बातचीत हुई है।"

उन्होंने कहा, "मुझे यह देखकर खुशी हुई कि हमारे कुछ द्विपक्षीय मैकेनिज्म भी मिले हैं और इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक निश्चित गति पैदा हुई है।" भारत की अपनी पहली यात्रा पर, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने गुरुवार को एक्स पर लिखा था, "वह शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भारत में हैं।" उन्होंने कहा था कि भारत में उनकी बातचीत में जेलेंस्की द्वारा प्रस्तावित शांति फॉमूर्ला शामिल होगा, जो यूक्रेन में न्यायसंगत और दीर्घकालिक शांति बहाल करने के लिए 10-सूत्रीय योजना का पालन करता है।

## यहूदियों का कत्लेआम करने का आग्रह किया रमजान को 'जिहाद का महीना' घोषित किया

एनसीआर समाचार



**लन्दन।** आईएसआईएस के प्रवक्ता अबू हुदैफा अल-अंसारी ने दुनिया भर में 'अकेले भेड़ियों' से रमजान के महीने के दौरान ईसाइयों और यहूदियों को सामूहिक रूप से मारने का आह्वान किया। आतंकवाद को बढ़ावा देने के अपने नए प्रयास में, उन्होंने रमजान के पवित्र महीने को 'जिहाद का महीना' घोषित किया और चरमपंथियों से अमेरिका, यूरोप और इजराइल में हमले शुरू करने के लिए कहा। इराक और सीरिया में आईएसआईएस द्वारा खिलाफत की घोषणा की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 41 मिनट लंबी ऑडियो रिकॉर्डिंग में, अबू हुदायफा अल-अंसारी ने मुसलमानों से अपने घर छोड़ने और जिहादियों में शामिल होने और उन्हें मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल आतंकी हमले के लिए इस्लामिक स्टेट खुरासान (आईएसआईएस-के) की प्रशंसा की, जिसमें कम से कम 143 नागरिक मारे गए। आईएसआईएस के प्रवक्ता ने जनवरी में 'उन्हें जहां भी पाओ मार डालो' शीर्षक से एक अभियान शुरू किया, जहां उन्होंने अनुयायियों से आतंकवादी हमलों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा और कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष यहूदियों पर एक युद्ध है और यह इजराइल तक सीमित नहीं है।

"यह एक धार्मिक वैचारिक युद्ध है जो तब तक जारी रहेगा जब तक हम अल्लाह के पैगंबर के बैनर तले उनके विरोधियों को नहीं मार देते... योजनाओं को कड़ा करें और अभियानों में विविधता लाएंः उन्हें विस्फोटकों से उड़ा दें, उन्हें आग लगाने वाले बमों से जला दें, उन्हें गोलियों से मार दें, उनका वध कर दें उनकी गर्दनों पर चाकुओं से वार किया और उन्हें बसों से कुचल दिया," उन्होंने अपने ऑडियो संदेश में कहा।

4 जनवरी को अपनी पिछली घोषणा के बाद, आईएसआईएस-के ने कई आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ली, जिसमें ईरान में करमान पर बमबारी भी शामिल थी, जिसमें ईरानी कुद्स फोर्स के शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की स्मारक सेवा में 100 से अधिक लोग मारे गए थे।

## अमेरिका में 8-वर्षीय लड़की की होटल के पूल पाइप में "हिंसक रूप से खींचे जाने" के बाद हुई मृत्यु




**अमेरिका।** पीड़ित परिवार द्वारा दायर मुकदमे के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को ह्यूस्टन, टेक्सास के एक होटल में तैरते समय एक 8 वर्षीय लड़की की बड़े पाइप में "हिंसक रूप से फंसने" के बाद मौत हो गई। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अलियाह जैको अपने परिवार के साथ हिल्टन ह्यूस्टन ब्रुकहोलो होटल के डबलट्री में एक आलसी नदी में तैर रही थी, जब वह अचानक गायब हो गई। ह्यूस्टन पुलिस ने एक बयान में कहा, कुछ घंटों बाद उसका शव "पूल क्षेत्र में एक बड़े पाइप के अंदर" पाया गया।परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील रिचर्ड नवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, "जब उसे इस छेद और पाइप में 20 फीट पीछे खींचा गया तो उसका छोटा सा शरीर विकृत हो गया था।" फॉक्स न्यूज के अनुसार, श्री नवा ने कहा, "उसे निकालने के लिए उन्हें कंक्रीट तोड़नी पड़ी और पाइप काटना पड़ा... यह बिल्कुल भयावह था।"

मुकदमे में कहा गया है कि युवा लड़की को अचानक स्विमिंग पूल प्रवाह प्रणाली में 12 से 16 इंच के असुरक्षित खुले अंतराल में खींच लिया गया था। जब वह शुरू में गायब हो गई, तो उसके परिवार को नहीं पता था कि वह कहां गई है, जिससे उनकी तलाश शुरू हो गई। पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 5:45 बजे उसके लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने कहा कि वह रात 11:30 बजे के आसपास पाई गई और पैरामेडिक्स द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया, उन्होंने कहा कि वे "घटना की जांच जारी रख रहे हैं"।

परिवार ने इस सप्ताह की शुरूआत में मुकदमा दायर किया और गलत तरीके से हुई मौत के लिए 1 मिलियन डॉलर की क्षतिपूर्ति की मांग की। मुकदमे के अनुसार, 8 वर्षीय बच्ची को "तैरना पसंद था" और उसकी माँ, जोस डेनिएला जैको अहुमादा ने "अपने परिवार के साथ तैराकी के एक दिन का आनंद लेने के लिए" उस दिन होटल में एक कमरा किराए पर लिया था।

नवा लॉ ग्रुप और जैको परिवार के संचार प्रतिनिधि जस्टिन मार्टिनेज ने द वाशिंगटन पोस्ट को बताया, "वास्तव में उसके भौतिक शरीर को पाइप से निकालने में अग्निशमन विभाग को 13 घंटे लग गए।" अलग से, श्री नवा ने कहा कि पूल के अंदर "पानी के प्रवाह के साथ एक मुद्दा" था जिसके कारण अलियाह को "असुरक्षित खुले अंतराल" के रूप में वर्णित किया गया था। उन्होंने बताया कि छेद लगभग 12 से 16 इंच चौड़ा था और अग्निशमन विभाग को 8 वर्षीय बच्चे के शव को निकालने के लिए कंक्रीट पाइप को "तोड़ना" पड़ा।

श्री नवा ने कहा, "हम अलियाह के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इसे टाला जा सकता था।" उन्होंने कहा कि अलियाह के प्रियजन उसकी मौत से "तबाह" हो गए हैं।

## बीजेपी ने झारखंड और राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट और राजस्थान की बागीदौरा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने दिलीप कुमार वर्मा को गांडेय विधानसभा से मैदान में उतारा है, जबकि सुभाष तंबोलिया को राजस्थान की बागीदौरा विधानसभा से टिकट दिया गया है. राजस्थान में बागीदौरा विधानसभा पर 26 अप्रैल को उपचुनाव होगा, जबकि गांडेय विधानसभा पर 20 मई को उपचुनाव होगा। लोकसभा चुनाव के साथ 26 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। लगभग 96.8 करोड़ लोग 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर आगामी चुनावों में वोट डालने के पात्र हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होंगे।

राजस्थान में 25 संसदीय क्षेत्र हैं। राज्य में दो चरणों में मतदान होगा. चरण 1 (19 अप्रैल) में 12 सीटों पर मतदान होगा, जबकि शेष 13 सीटों पर दूसरे चरण (26 अप्रैल) में मतदान होगा।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 संसदीय सीटें जीतीं। इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में 24 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) केवल 1 सीट हासिल करने में सफल रही।

## वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा के सबसे पुराने निर्माण खंडों को शक्ति, शिव नाम दिया



**दिल्ली।** एक नए शोध के अनुसार, हमारी आकाशगंगा के शुरूआती "बिल्डिंग ब्लॉक्स" की पहचान 12-13 अरब साल पहले की गई है, जो उस समय के बहुत करीब है जब ब्रह्मांड की पहली आकाशगंगाओं का निर्माण शुरू हुआ था।

सितारों के इन समूहों को 'शक्ति' और 'शिव' नाम देते हुए, खगोलविदों ने कहा कि ये निष्कर्ष "एक प्रारंभिक बस्ती के निशान खोजने" के बराबर हैं जो एक बड़े वर्तमान शहर में विकसित हुआ।

शोधकताओं के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि आकाशगंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के विलय से हुआ, जिससे "काफी बड़े भवन खंडों" के लिए रास्ता बना।

उन्होंने बताया कि जब आकाशगंगाएँ टकराती हैं और उनकी तारकीय आबादी आपस में मिलती है, तो अधिकांश तारे बहुत ही बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, जो सीधे उनकी मूल आकाशगंगा की गति और दिशा से जुड़े होते हैं। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में, मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोनॉमी, जर्मनी की शोध टीम ने तारकीय डेटासेट का विश्लेषण किया और पाया कि विलय करने वाली आकाशगंगाओं के तारे ऊर्जा और कोणीय गति के दो विशिष्ट हस्ताक्षरों, या जिस दर पर थे, के आसपास भीड़ में थे। घूमती हुई वस्तु की घूमने की गति बदल जाती है। इस प्रकार दो अलग-अलग तारा समूह बने - 'शक्ति' और 'शिव'।

अध्ययन की सह-लेखिका ख्याति मल्हान ने इन दो संरचनाओं को शक्ति और शिव नाम दिया है, बाद वाला हिंदू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक है और पहला एक महिला ब्रह्मांडीय शक्ति है जिसे अक्सर शिव की पत्नी के रूप में चित्रित किया जाता है।

शोधकताओं ने पाया कि शक्ति और शिव बनाने वाले और दो अलग-अलग आकाशगंगाओं से आने वाले "समान विचारधारा वाले" सितारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सितारों की तुलना में अधिक थी। टीम ने कहा कि देखी गई उच्च कोणीय गति उन तारकीय समूहों के अनुरूप थी जो आकाशगंगा के साथ विलय करने वाली अलग-अलग आकाशगंगाओं से संबंधित थे।

## चीनी कंपनियों ने पाकिस्तान में दासू, डायमर-भाषा डैम पर काम रोका



**पेशावर।** पाकिस्तान में चीनी कंपनियों ने तारबेला बांध के बाद दासू और डायमर-भाषा डैम पर भी काम रोक दिया है। चीनी कंपनी द्वारा निर्मित दासू हाइड्रोपावर स्टेशन परियोजना के वाहनों पर आतंकवादियों ने मंगलवार को हमला किया था, जिससे पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। जिस बस में चीनी इंजीनियर यात्रा कर रहे थे उसे बिशम इलाके में काराकोरम राजमार्ग पर विस्फोटक से भरे वाहन ने टक्कर मार दी थी।

द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों परियोजनाओं पर काम कर रहे लगभग 991 चीनी इंजीनियरों ने परिचालन बंद कर दिया है। दोनों परियोजनाओं के स्थानीय कर्मचारियों को अगले आदेश तक घर पर रहने का निर्देश दिया गया है।

हालांकि, चीनी इंजीनियर अभी भी खैबर पख्तूनख्वा में मोहमंद बांध पर काम कर रहे हैं। चीनी कंपनी ने दासू बांध पर काम बंद कर दिया और स्थानीय कर्मचारियों को घर पर रहने के लिए कहा गया है। जिला ऊपरी कोहिस्तान में 4,320 मेगावाट दासू बांध पर लगभग 741 चीनी और 6 हजार स्थानीय लोग काम कर रहे हैं।

चीनी कंपनी ने डायमर-भाषा बांध (डीबीडी) पर भी काम बंद कर दिया। डायमर-भाषा बांध जलविद्युत उत्पादन के माध्यम से 4,800 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा। हालांकि मोहमंद बांध के एक अधिकारी ने बताया कि 250 चीनी लोग मोहमंद बांध पर काम करना जारी रखे हुए हैं और उन्होंने काम बंद नहीं किया है। चीनी श्रमिकों ने परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर संतुष्टि दिखाई है और वे साइट पर काम कर रहे हैं।

# सुकेश की शिकायत पर सत्येंद्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के एक बड़े नेता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बार मामला सीबीआई जांच का है। तिहाड़ जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने 10 करोड़ रुपए की प्रोटेक्शन मनी मांगने का आरोप लगाया था, और शिकायत दी थी इस शिकायत पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आप सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन, तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल और तत्कालीन जेल अधीक्षक राजकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है।




इस पूरे मामले में तिहाड़ जेल के पूर्व जेलर, लॉ ऑफिसर और अन्य कई पदों पर रहे सुनील गुप्ता का कहना है कि जेल में प्रोटेक्शन मनी मांगने की शिकायतें तो पहले भी सामने आती रही हैं। जेल के अधिकारियों पर प्रोटेक्शन मनी मांगने के आरोप लगते रहे हैं। लेकिन, किसी मंत्री पर प्रोटेक्शन मनी मांगने का आरोप पहली बार लगा है।

बता दें कि सुनील गुप्ता ने तिहाड़ जेल में 35 साल तक काम किया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी हाई प्रोफाइल कैदियों से प्रोटेक्शन मनी ये कहकर मांगते हैं कि जेल में उन्हें सारी सुविधाएं मिलेंगी। कोई भी कैदी उन्हें परेशान नहीं करेगा। उन्हें ब्लेड नहीं मारेगा और उन्हें किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा। जेल में सुविधा लेने के लिए अक्सर कैदी प्रोटेक्शन मनी देते भी हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि 'जिस तरह से जेल में बंद एक कैदी की शिकायत पर केंद्र सरकार ने सीबीआई जांच की मंजूरी दी है वह उचित नहीं है। क्योंकि एक आदमी जो पहले से जेल में बंद है, उसकी अपनी तो इमेज खराब हो ही चुकी है। लेकिन, उसके आरोप लगाने से दूसरे अधिकारी या मंत्री की इमेज खराब होने में समय नहीं लगता। जरूरी नहीं कि वह कैदी सच बोल रहा हो। हालांकि, अगर वह शिकायत कर रहा है तो उसकी बात की सच्चाई का भी पता किया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि शिकायतकर्ता की बातों में आधा सच और आधा झूठ भी हो सकता है। इसको इस नजरिए से देखा जाना चाहिए'।

उन्होंने कहा कि पहले भी जेल में प्रोटेक्शन मनी के आरोपों पर कभी इतनी बड़ी जांच जो सीबीआई के द्वारा नहीं हुई। आरोप लगने पर जेल स्तर पर ही छोटी-मोटी जांच तो होती रही हैं। उन्होंने सुकेश के पत्र लिखने पर कहा कि जेल से कैदी को पत्र लिखने की अनुमति देने का नियम पहले से है। पत्र लिखने के बारे में कैदी को जेलर से अनुमति लेनी होती है फिर कैदी को पत्र लिखने की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। फिर जेल से डाक भेजने की जो व्यवस्था होती है उसके तहत ही कैदियों के पत्र संबंधित पते पर पहुंचाया जाता है।

बता दें कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर आम आदमी पार्टी और दूसरी पार्टी के कई नेताओं पर जेल से पत्र लिखकर पहले भी आरोप लगाता रहा है। सुकेश चंद्रशेखर ने यह आरोप लगाया था कि उससे साल 2018 से 2021 के बीच में 10 करोड़ रुपये की उगाही की गई थी। जिससे कि वो जेल में आरामदायक तरीके से रह सके। अलग-अलग जेलों में बंद रहने के दौरान सुकेश को वीआईपी सुविधाएं देने की बात कही गई थी।

पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन इस दौरान आप सरकार में जेल मंत्री थे। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस महीने की शुरूआत में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन, तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल और जेल अधीक्षक राजकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

## ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में शिकायत दर्ज करायी थी।

आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी को नामजद किया गया है जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए एक ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन भेजा था लेकिन वह उसके समक्ष पेश नहीं हुए थे।

## आप ने लगाया आरोप- आबकारी नीति घोटाले के गवाह का भाजपा से है संबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कथित आबकारी नीति घोटाले के एक गवाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच संबंध होने का आरोप लगाया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इसकी जांच कराने की चुनौती दी। आप के वरिष्ठ नेताओं- दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को भाजपा की सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव में टिकट दिया है। मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को आबकारी नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। आतिशी ने कहा, 'मैं ईडी को चुनौती देती हूं कि अगर यह एक




स्वतंत्र जांच एजेंसी है कि वह इस कनेक्शन' (संबंध) को रिकॉर्ड में लाए और इसकी जांच करे।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का शराब व्यापारियों की तथाकथित 'साउथ लॉबी' से संबंध है। आप के आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। आप नेताओं ने दावा किया कि केजरीवाल को चार बयानों के आधार पर गिरफ्तार किया गया था जिनमें मगुंटा का बयान भी शामिल है।

## आप नेता कैलाश गहलोत को ईडी का समन जारी

### सिरसा बोले– शराब घोटाला मामले में गहलोत अहम कड़ी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत को शराब घोटाला मामले में ईडी ने समन जारी कर पेश होने के लिए कहा है। उनपर आबकारी नीति का ड्राफ्ट तैयार करने का आरोप लगा है। इसे लेकर भाजपा ने कैलाश गहलोत के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया है कि शराब घोटाला मामले में कैलाश गहलोत अहम कड़ी हैं। उनसे पूछताछ में दूध का दूध और पानी का पानी हो पाएगा।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने का कहना है कि, "मीडिया की खबरों




से यह पता चला है कि अब ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर कैलाश गहलोत को भी ईडी का समन मिला है। सिरसा के अनुसार कैलाश गहलोत शराब घोटाला मामले के महत्वपूर्ण कड़ी हैं, उनसे पूछताछ में काफी कुछ जानकारियां सामने आ सकती है। उनके अनुसार जब ग्रुप ऑफ मिनिस्टर यानी जीओएम बना और अरविंद केजरीवाल ने तीन मंत्रियों का यह ग्रुप ऑफ मिनिस्टर बनाया। उसमें तीन मंत्री थे इसमें कैलाश गहलोत सतेंद्र जैन और मनीष सिसोदिया थे।"

मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि, "इस पूछताछ में सारी बात सामने आ जाएगी कि किस तरह से यह पॉलिसी अपने लोगों को फायदा देने के लिए और खुद पैसा लेने के लिए बनाई गई। यह पॉलिसी कैलाश गहलोत तक कैसे आई क्या यही वह पॉलिसी थी जो मनीष सिसोदिया ने अरविंद केजरीवाल को उनके घर पर थमाई थी? क्या यही पॉलिसी थी जो साउथ के लोगों ने ड्राफ्ट करी थी? उन्होंने कहा कि कैलाश गहलोत से पूछताछ के बाद साफ हो जाएगा कि यह पॉलिसी जनता के लिए तो नहीं शराब कारोबारी जिन्होंने काला धन कमाने का यह रास्ता निकाला था और वह अरविंद केजरीवाल के दोस्त थे जिनके कहने पर यह सारी पॉलिसी बनाई गई और अब कैलाश गहलोत को यह स्पष्ट करना होगा कि उनके पास यह पॉलिसी कैसे आई।"

## अब इस जगह पर नहीं बिकेगी शराब

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक गुरुद्वारे की याचिका पर शराब की दुकान खोलने पर रोक लगा दी है और दिल्ली सरकार, दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने मामले में सभी उत्तरदाताओं को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 9 मई 2024 को होगी। अदालत ने सभी उत्तरदाताओं को तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा। गुरुद्वारे ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका याचिकाकर्ता गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देव जी, महावीर नगर ने हाई कोर्ट के समक्ष दायर याचिका में कहा कि एल-6 शराब लाइसेंस खुदरा दुकान गुरुद्वारे की ओर आने वाली एकमात्र लेन के प्रवेश द्वार पर स्थित है। इसका उपयोग भक्तों और निवासियों द्वारा उनके दैनिक आवागमन के लिए किया जा रहा है। पास में ही सर्वोदय कन्या विद्यालय भी है। दुकान खोलने की मंजूरी नियमों का उल्लंघन याचिकाकर्ता गुरुद्वारा ने दावा किया कि प्रस्तावित शराब की दुकान खोलने की मंजूरी दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, 2009, दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम, 2010 के नियम 51 और दिल्ली के मास्टर प्लान (एमपीडी), 2021 का घोर उल्लंघन करके प्राप्त की गई है। वहीं दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने तथ्यों को सत्यापित करने और परिसर का फिर से निरीक्षण करने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया। आप विधायक ने दुकान की शिकायत की थी याचिकाकर्ता गुरुद्वारा ने कहा कि भक्तों और निवासियों द्वारा दायर विभिन्न शिकायतों पर तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जरनैल सिंह ने 16 मार्च, 2024 को पत्र के माध्यम से दिल्ली सरकार के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री से प्रस्तावित शराब की दुकान के उद्घाटन को रोकने का अनुरोध किया है। क्योंकि यह एक स्कूल, मंदिर और गुरुद्वारे के बहुत करीब है।

## ग्रील तोड़ी घर में घुसे, दस लाख के गहने नकदी लेकर हुए फरार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में चोरों ने एक घर की लोहे की ग्रील को तोडकर घर से करीब दस लाख रुपये के गहने और नकदी आदि चोरी कर ली। वारदात के वक्त परिवार किसी रिश्तेदार की मौत में गए हुए थे। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि चोरी के पीछे सबसे बड़ा कारण पुलिस की गश्त नहीं होना है। आरोपियों ने वारदात को पौन घंटे के बीच में अंजाम दिया होगा। गश्त हो रही होती तो पुलिस का ध्यान इधर भी जाता। फिलहाल पुलिस अब वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। एक फुटेज में संदिग्ध आरोपी स्कूटी पर दिखाई दिये हैं। जानकारी के मुताबिक शाहबाद डेयरी पुलिस को रोहिणी सेक्टर-11 स्थित ग्राउंड फ्लोर के मकान में चोरी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर विकास मिले। जिनका अपना कारोबार है। जिन्होंने बताया कि सुबह दस बजे वह अपनी मां और पत्नी व बच्चों को द्वारका गया था। जहां पर उनके रिश्तेदार का देहांत हो गया था। शाम तीन बजे जब वे घर पहुंचे। मैन दरवाजे का ताला खोला। अंदर जाकर देखा, अलमारी खुली पड़ी थी। जिसमें रखे करीब दस तोला सोने के गहने, आधा किलो चांदी, दस हजार रुपये आदि कीमती सामान चोरी था। चोरों ने पीछे के दरवाजे की ग्रील और दरवाजे को तोड़ रखा था। वहीं से चोर अंदर आए थे। जिन्होंने वारदात को अंजाम दिया। तीन बजकर पांच मिनट पर पीसीआर कॉल की थी। पुलिस को पिछले दरवाजे के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में स्कूटी सवार दो युवक बिना हेलमेट के दिखाई दिये हैं। स्कूटी नंबर बीस साल पुराना लगा हुआ है। जो फर्जी है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिये हयूमैन सॉर्से की सहायता ले रही है।

## लोकतंत्र बचाओ रैली में दिल्ली के तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे दम खम से नजर आयेंगे : लवली



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान की लोकतंत्र बचाओ रैली केवल लोकसभा चुनाव पर चर्चा करने के लिए ही नहीं बल्कि देश के भविष्य को बचाने के लिए होगी। उन्होंने कहा कि रैली में हजारों की संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी से विपक्षी एकता का संदेश पूरे देश में जाऐगा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल भाजपा के खिलाफ एकजुटता के साथ खड़े होकर मुकाबला करेंगे। रैली के संबध में जानकारी देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव मीडिया और संचार विभाग जयराम रमेश, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

प्रदेश प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया ने कहा कि रामलीला मैदान की रैली इंडिया गठबंधन के दल एक साथ मिलकर आयोजित कर रहे है। भाजपा अपनी एकपक्ष कठोर नीति से लोकतंत्र को विध्वंस, डराने, धमकाने, हर वर्ग के लोगों प्रभावित कर रही है।

## बैरिकेड को आग लगाकर रील बनाई, गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** इन दिनों सोशल मीडिया का भूत लोगों पर इस कदर सवार रहता है कि रील और वीडियो बनाने के चक्कर में वो सारे नियमों और कानून को ताक पर रख देते हैं। ऐसा ही एक मामला आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाई ओवर पर सामने आया है।

जहां एक यूट्यूबर को सड़क पर स्टंट करना भारी पड़ गया और उसका 36 हजार का चालान काटा गया और गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। यूट्यूबर के स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें कि दो दिन पहले आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाई ओवर जो पश्चिम विहार से जनकपुरी को जोड़ता है उस पर एक कार सवार जो यूट्यूबर है उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर आउटर जिले के पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल इस वायरल वीडियो में



एक हरियाणा नंबर की गोल्डन कलर की कार पहले बीच सड़क पर जिगजैग तरीके से चलती नजर आ रही है और फिर अचानक बीच सड़क पर ही कार को रोक दिया जाता है। कार चालक के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति जो कार में बैठा था बाहर आता है और कार के आगे आकर सेल्फी लेता है।

इस बीच पीछे गाड़ियों की लंबी कतार लग जाती है और जाम के हालात बन जाते हैं इसको लेकर कुछ लोगों ने ७ पर भी सवाल उठाते हुए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को वीडियो टैग किया है। इस मामले में जानकारी देते हुए आउटर जिले के डीसीपी जिमी चिराम ने बताया कि इस गाड़ी का 36000 रुपए का न सिर्फ चालान किया गया है बल्कि गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गाड़ी जब्त की गई है जो बीच सड़क इस तरह की हरकत से दूसरे लोगों को परेशानी पैदा कर रही थी।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जब इस मामले की जानकारी उन्हें मिली इसके बाद उन्होंने एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड पश्चिम विहार की टीम को जांच का जिम्मा सौंपा और टीम ने सोशल मीडिया पर दिखे वायरल वीडियो से गाड़ी का नंबर निकाला और फिर गाड़ी मालिक का पता लगाया गया। जानकारी के अनुसार कार चालक प्रदीप ढाका जो छज्जू राम कॉलोनी नांगलोई का रहने वाला है और आरोपी की मां के नाम पर यह कार रजिस्टर्ड है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में निहाल विहार थाने में मामला दर्ज किया गया है और गाड़ी जब्त कर ली गई है। कार से प्लास्टिक के कुछ नकली हथियार भी बरामद किए गए हैं।

## एरिया की कानून व्यवस्था अच्छी रहे इसके लिए मिलकर कार्य करेंगे : नित्या राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृष्ण कुंज एक्सटेंशन आर.डब्लू.ए. के तत्वावधान में एक पुलिस पब्लिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कृष्ण कुन्ज एक्सटेंशन के निवासियों ने सहायक पुलिस आयुक्त नित्या राधाकृष्णन और थानाध्यक्ष सुरेंदर शर्मा के समक्ष अपनी समस्यों को रखा दोनों ही अधिकारियों ने सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निदान के लिए बीट ऑफिसर के गस्त, पार्को के औचक निरीक्षण आदि को बढ़ाने का निर्णय लिया।

एसीपी ने कहा की एरिया की कानून व्यवस्था अच्छी रहे इसके लिए मिलकर कार्य करेंगे क्योंकि जन सहयोग के बिना यह संभव नही हैं। थानाध्यक्ष सुरेंदर शर्मा ने भी कहा कि आप कभी भी किसी समस्या के लिए मुझसे संपर्क कर सकते है और आप एरिया के सीसीटीवी जहाँ खराब हो उसे भी हमारे संज्ञान में लाये साथ कि किरायदार वेरिफिकेशन और संदिध गतिविधियों की जानकारी हमे जरूर दे आप ही हमारे आंख और कान है।

## एक नजर

### द्वारका में ऐज वैल एसोसिएशन द्वारा तेरे मेरे गीत (जूनियर) सीजन-6 आयोजित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऐज वैल एसोसिएशन के तत्वावधान में दी न्यू जय भारत अपार्टमेंट, सेक्टर-4 के सामुदायिक सभागार में तेरे मेरे गीत (जूनियर) नामक गीत संगीत संध्या (सीजन-6) का सफलतापूर्वक आयोजन किया! एसोसिएशन के संस्थापक तथा आयोजक सेवानिवृत बैंक अधिकारी इंदर मोहन खन्ना के अनुसार द्वारका आसपास के बीस से अधिक स्कूली बच्चों ने अपने गायन कौशल से उपस्थित सैंकड़ों श्रोताओं को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर दीपमाला कौल लालचंदानी, प्रोतिमा खंडेलवाल, मोहम्मद ताहिर, असगर अली, विशाल गुप्ता, नीरू गुप्ता, प्रोफेसर एस. एस. डोगरा , मेडिसन बाबा, संजय अग्रवाल, योगेश गुप्ता आदि गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। उक्त गीतों भरी शाम में बॉलीवुड के सदाबहार गीतों को उम्दा प्रस्तुति के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समस्त कार्यक्रम का मंच संचालन शशि जैन ने बखूबी अंदाज में करते हुए खूब तालियां बंटौरी।

### शरीर और आत्मा की शुद्धि करता है रोजा : फहीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शमा एनजीओ के प्रमुख जाने-माने समाजसेवी डॉक्टर फहीम का कहना है रमजान उल मुबारक इबादत के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहद जरूरी है क्योंकि 11 महीने में जिस प्रकार से जाने अनजाने में हम जंक फूड, गैर जरूरी खान-पान के जरिए अपने शरीर में गंदगी, चर्बी और बीमारियों को जन्म देने वाले कारणों को जन्म देते हैं, इस एक महीने के रोजों द्वारा पूरे शरीर की गंदगी आदि को शरीर से दूर किया जा सकता है, रोजा इबादत करने का बेहतरीन तरीका है और सेहत बनाने का भी, इसलिए रमजान में "सादा जीवन सादा भोजन" मंत्र का पालन करते हुए सेहरी इफ्तार में तली, भुनी, मसालेदार, जंक फूड, किसी प्रकार की कोल्ड ड्रिंक्स, पैक्ड जूस आदि के सेवन से बचें, खाने में फल, दाल-सब्जी, पनीर आदि और नारियल पानी, सत्तू, नींबू शिकंजी और भरपूर पानी का ही सेवन करें। बेहतर है कि इफ्तार में ही खाना खाएं उसके बाद सीधे सेहरी में ही दोबारा खाना खाएं। रात रात भर जागने की बजाए 11 बजे तक सो जाना चहिए और नींद पूरी लेनी चाहिए, सुबह सेहरी करके फज्र की नमाज अदा करने के बाद थोड़ा टहलना भी बेहतर है फिर चाहे तो थोड़ा आराम किया जा सकता है।

### अवार्ड से सम्मानित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी ने सामाजिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के सहयोग से मल्का गंज क्षेत्र की मदीना मस्जिद में विभिन्न मस्जिदों व मदरसों के मुफ्तियों और ईमामों को खिदमत अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। इस मौके पर आल इण्डिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के संरक्षक मौहम्मद दानिश मतीन अध्यक्ष शमीम अहमद खान महासचिव मौहम्मद कादिर सचिव मौहम्मद कामिल का पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कारी मुस्तफा, कारी मौहम्मद अनीस, मौलाना मौहम्मद शाबान, मुफ्ती अबुल फजल, मौलाना नफीस, कारी शमीम, मुफ्ती ईशाक हक़्की, मुफ्ती फुरकान, मुफ्ती उस्मान, हाफिज मुस्तकीम, कारी साजिद, मौहम्मद अरशद नदवी, मौलाना मौहम्मद इमरान, मुफ्ती अब्दुल राफे अल कासमी, अनीस अहमद, आदि को खिदमत अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

### रिटायर हो रहे कर्मचारी के कार्यक्रम में पहुंचे आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च महीने के आज अंतिम कार्यदिवस में निगम से रिटायर हो रहे शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र प्रीत विहार वार्ड में तैनात राधे श्याम पुत्र बसन्ता के विदाई समारोह में कर्मचारियों के आह्वान पर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए रिटायरमेंट होने के पश्चात कर्मचारी को मिलने वाले अंतिम लाभांशों की सम्पूर्ण जानकारी दी। संजय गहलोत ने निगम के नरेला जोन की हालिया घटना का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है एवं किसी भी विषम परिस्थिति में आत्महत्या जैसे कदम उठाने के विषय में सोचना भी चाहिए अपितु संघर्ष करके समस्या का निदान करना चाहिए। अपने परिचित, अपने ट्रेड यूनियन लीडर एवं सफाई कर्मचारी आयोग में अपनी शिकायत दर्ज करनी चाहिए जिससे उचित समाधान निकल सके। कर्मचारियों ने भी चेयरमैन संजय गहलोत का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राधेश्याम, जयपाल चंदेल, जोगिंदर बहोत, मनोज बेनीवाल, प्रदीप वेद, संजय पार्चा, राकेश धिंगान, वेदप्रकाश चिंडालिया समेत सैंकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक की हत्या में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समयपुर बादली इलाके में 18 वर्षीय युवक की हत्या करने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान अलीपुर निवासी करण उर्फ परमानंद और परविंदर उर्फ पिंडर के रूप में हुई। पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद होने पर वारदात को अंजाम दिया था। इससे पहले इन आरोपियों पर लूटपाट, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम सहित 20 मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, आदर्श नगर निवासी जतिन की 12 फरवरी को बादली इलाके में एसजीटी नगर के पास लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फरार चल रहे थे। इस बीच स्पेशल सेल को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी दिल्ली, हरियाणा और यूपी में अलग-अलग जगहों पर छिप रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने करण उर्फ परमानंद को 18 मार्च को बिहार के मधुबनी में धर दबोचा। इसके बाद परविंदर उर्फ पिंदर को 27 मार्च को दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके से गिरफ्तार किया।

### दिल्ली पुलिस ने विदेशी ड्रग तस्कएर को दबोचा, करीब 71 ग्राम हेरोइन बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ड्रग तस्केरों पर लगातार लगाम कसने में जुटी है। नशे के कारोबार में संलिप्तव लोगों की धरपकड़ भी खूब की जा रही है। ड्रग तस्करी के सिलसिले में छापेमारी करते हुए दक्षिणी द?ल्लीा के महरौली पुलिस ने एक विदेशी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान विक्टर के रूप में हुई है। वह छतरपुर पहाड़ी इलाके में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से 70.90 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक ड्रग पेडलर 60 फुटा रोड छतरपुर पहाड़ी के पास आने वाला है। इनपुट के अनुसार पुलिस ने इलाके में जाल बिछाया। रात के लगभग 10:45 में एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखा। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी को भापकर वह वहां से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरानउसके पास से 70.90 ग्राम हीरोइन बरामद किया गया है। दक्षिण दिल्ली से दो शराब तस्कर गिरफ्तार : दक्षिण दिल्ली जिला के नारकोटिक्स स्क्वायड की टीम ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों शराब तस्कर जल्दी पैसे कमाने और अमीर बनने के लालच में शराब तस्करी करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमन और सुनील के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से 33 कार्टन बरामद किया गया जिसमें पांच बोतल शराब, 7 हाफ, 801 क्वार्टर, 115 बियर की बोतले और 225 बियर की कैन बरामद की गई है। अपराध में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# कड़ी सुरक्षा में अंसारी का शव यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया

एनसीआर समाचार



**गाजीपुर/लखनऊ।** माफिया से नेता बने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि इससे पहले मुख्तार के पैतृक आवास से सुबह के समय जनाजा निकाला गया जिसमें उनके सांसद भाई अफजाल अंसारी, पुत्र उमर अंसारी और भतीजे विधायक सुहेब अंसारी समेत परिवार के सदस्य तथा समर्थक शामिल रहे। उनके बड़े भाई एवं पूर्व विधायक सिगबतुल्लाह अंसारी समेत परिवार और रिश्तेयदार भी जनाजे में शामिल हुए।

इस दौरान भीड़ ने नारे भी लगाये। अफजाल अंसारी ने कब्रिस्ताजन पहुंचकर लोगों को समझाया कि भीड़ एकत्र न करें और शांति बनाये रखने की अपील की। बाद में सिगबतुल्लाह भी वहां पहुंचे।

जनाजे की नमाजों के बाद कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी का शव दफनाया गया। सबसे पहले, मुख्तार के पैतृक आवास के निकट मैदान में भी नमाज पढ़ी गई। बाद में भी नमाज अदा की गयी।

अंसारी के पैतृक आवास से कब्रिस्ताभन की दूरी आधा किलोमीटर से भी कम है। हालांकि जनाजे को यहां तक लाने में काफी समय लगा। वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पीयूष मोर्डिया ने बताया, मैं यहां मोहम्मंदाबाद में मौजूद हूं और पुलिस उप महानिरीक्षक यहां पर्यवेक्षण कर रहे हैं।"

वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. ओ.पी. सिंह ने बताया, मुख्ता र अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने से पहले उनके आवास से जनाजा उठा और शुरूआत में घर के पास में नमाज-ए-जनाजा अदा की गयी। इसके बाद प्रिंस मैदान में भी नमाज पढ़ी गयी।" भीड़ द्वारा नारेबाजी और कब्रिस्ताबन में जाने से रोके जाने के सवाल पर उन्हों ने कहा कि परिवार के लोगों ने 40-50 लोगों की सूची दी थी, जिन्हेंन कालीबाग कबिस्ता न में दफनाये जाने के समय रहने दिया गया। बाकी लोगों को नमाज के बाद रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरी तरह शांति व्यावस्था बनी हुई है। इससे पहले सिंह ने पत्रकारों को बताया कि परिजनों से वार्ता कर रीति रिवाज पूरे करने के बाद जनाजा निकला। उन्होंतने बताया कि पुलिस ने जो भी कहा अंसारी परिवार के सदस्योंक ने आमजनता से अपील की। डीआईजी ने बताया लगातार उदघोषण हो रही है। पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां यहां लगातार स्थिति पर नजर रख रही हैं और अंसारी के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर कालीबाग कब्रिस्तान तक सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है। पुलिस, पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) और अर्धसैनिक बलों के जवान चप्पेप-चप्पे पर तैनात हैं। भीड़ बढ़ती देखकर बाद में सुरक्षाबल के और भी जवान तैनात किए गये। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। पुलिस ने जांच के बाद ही कब्रिस्तान में लोगों को जाने दिया। इससे पहले, मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक एवं अंसारी के भतीजे मोहम्मद सुहैब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी ने बताया कि उनके चचा मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार सुबह 10 बजे यूसुफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में दफनाया जायेगा।

## जनाजा उठने से पहले बेटे ने पिता की मूछों पर दिया ताव



गाजीपुर। पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार को गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के करीब कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शनिवार की सुबह से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने जनाजा उठने से पहले पिता की मूछों पर बल दिया। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें बेटा अपने पिता मुख्तार अंसारी की मूछों को ताव देता नजर आ रहा है। नम आंखों से उमर अंसारी ने अपने पिता की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया। डीआईजी डाक्टर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। परिजनों से लगातार वार्ता कर यह कार्रवाई पूरी की गई। इस दौरान ग्रुप में लोग आते रहे। कब्रिस्तान में उनके परिवार के 50 लोगों को अनुमति थी। कुछ खास लोगों को मिट्टी देने में शामिल किया गया। ज्यादातर लोग कब्रिस्तान के बाहर जुटे थे।

# लोकसभा चुनाव : मेरठ-हापुड़ सीट पर सपा व रालोद का अब तक नहीं खुल सका खाता




एनसीआर समाचार

**मेरठ।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर वर्ष 1952 से अब तक कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार चुने गए, लेकिन सपा और रालोद का एक बार भी खाता नहीं खुल सका। वर्ष 1952 में देश में हुए पहले आम चुनावों में मेरठ जिले को तीन लोकसभा क्षेत्रों में बांटा गया था। इसमें मेरठ जिला (पश्चिम), मेरठ जिला (दक्षिण) और मेरठ जिला (उत्तर पूर्व) शामिल रहे। इस चुनाव में मेरठ सीट से तीन सांसद चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। मेरठ पश्चिम लोकसभा सीट से पहली बार कांग्रेस के खुशीराम शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार हुकुम सिंह को हराया था। मेरठ दक्षिण सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णचंद्र शर्मा (त्यागी) ने भारतीय जनसंघ के हरसरन दास को हराकर चुनाव जीता। इसी तरह से मेरठ उत्तर-पूर्व लोकसभा सीट से कांग्रेस के शाहनवाज खान ने अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के सूरज बल स्वामी को पराजित किया। 1957 में मेरठ सीट से कांग्रेस के जनरल शाहनवाज खान ने भाकपा के बृजराज किशोर को हराया। 1962 में तीसरे आम चुनाव में भी कांग्रेस के शाहनवाज खान ने सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार महाराज सिंह भारती को हराया। 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के महाराज सिंह भारती ने कांग्रेस के शाहनवाज खान को करारी शिकस्त दी। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के शाहनवाज खान ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (ऑर्गनाइजेशन) के उम्मीदवार हरीकिशन को हराया। 1977 में जनता पार्टी के कैलाश प्रकाश ने कांग्रेस उम्मीदवार शाहनवाज खान पराजित कर दिया। 1980 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी उम्मीदवार हरीश पाल को हराया। 1984 में भी कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने जनता पार्टी की अंबिका सोनी को हराया।

# मीरपुर के सपा पदाधिकारियों को अखिलेश ने किया तलब

एनसीआर समाचार



**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को अचानक हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के साथ क्षेत्र के निराश हो रहे सभी पदाधिकारियों को लखनऊ कार्यालय में तलब कर लिया। सपा के वरिष्ठ नेता नीरज कश्यप ने शनिवार को बताया कि हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र से सपा से अजेंद्र सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया है। श्री लोधी का राजनीतिक ग्राउन्ड भी अच्छा है। इधर प्रत्याशी द्वारा क्षेत्र में निष्क्रियता को देखते हुये नेताओं ने हाईकमान से अवगत कराया था,कयास लगाये जा रहे थे कि प्रत्याशी को किसी समय बदला जा सकता है। हाईकमान ने इस बात को गंभीरता से लिया और शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसदीय क्षेत्र के हमीरपुर,राठ,महोवा,चरखारी,तिंदवारी के पांचो विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, सभी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों को बुलाकर संसदीय क्षेत्र के चुनाव को लेकर गहन मंत्रणा की। सपा सुप्रीमों ने साफ कहा कि प्रत्याशी बदलने जैसी अफवाहों में न आये,और पूरी ताकत से चुनाव लड़े। पार्टी पूरी तरह प्रत्याशी के कंधे से कंधा मिलाकर खडी है। यह बात सुनकर स्थानीय नेताओं नें नई उर्जा का संचार हो गया। लखनऊ से वापस लौटकर आये सभी नेता दोगुनी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने का मन बना लिया है। सपा सुप्रीमों से मिलने के बाद कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहा है। गौरतलब है कि संसदीय क्षेत्र लोधी बाहुल्य क्षेत्र है, यहां पर पुरानी तस्वीर पर नजर डाली जाये तो अक्सर लोधी प्रत्याशी पर ही जीत का सेहरा बंधा है। जातीय आंकड़े पर नजर डाली जाये तो संसदीय क्षेत्र में करीब नौ फीसदी लोधी मतदाता है, जिसमे हमीरपुर जिले में लोधी मतदातां की संख्या करीब 86 हजार,महोवा जिले में 67 हजार,तिंदवारी क्षेत्र में लोधी मतदाताओं की संख्या नगण्य बतायी गयी है।

इस प्रकार कुल मिलाकर करीब डेढ लाख लोधी मतदाताओं की संख्या मानी जाती है। नेताओ ने कहा कि वह हरहाल में लोकसभा चुनाव जीत कर दम लेंगे।

# बिजनौर में तूफान के चलते गाड़ी पर गिरा पेड़, एक की मौत



**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शनिवार सुबह तूफान और बारिश का कहर आया। तूफान के चलते कोतवाली शहर थाना अंतर्गत इन्द्रलोक कॉलोनी के पास में एक पेड़ सड़क पर जा रही ईको कार पर आ गिरा, जिसके चलते कार सवार 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह को कंट्रोल रूम को दुर्घटना के संबंध सूचना मिली थी। तत्काल सूचना पर राहत-बचाव दल के साथ पुलिस मौके पहुंची और घायलों का रेस्क्यू किया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद नासिर (45) को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शहनाज और मोहम्मद वाजिद का इलाज चल रहा है।

हादसा उस वक्त हुआ जब एक महिला समेत तीन कार सवार लोग हरियाणा से मंडावली अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार कोतवाली शहर थाना अंतर्गत इन्द्रलोक कॉलोनी के पास पहुंची, तूफान के चलते सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ कार पर आ गिरा। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोग गंभीर से घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल बिजनौर इलाज में चल रहा है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या,08 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना सिरसागंज में ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को शनिवार सुबह जिंदा जलाकर मार दिया और घर से फरार हो गये। मृतका के भाई ने पति सहित आठ लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई सुल्तान सिंह पुत्र गिरेन्द्र सिंह निवासी शहजाद पुर दिदोली थाना नसीरपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उन्होंने अपनी बहन संगीत की शादी जोगेन्द्र पुत्र रतन कुमार निवासी नगला मान सिंह थाना सिरसागंज के साथ की थी। शादी में 10 लाख रुपये नगद और 02 लाख रुपये का सामान एक मोटरसाइकिल तथा स्वर्ण आभूषण इसके अलावा अपनी बहन को भी स्वर्ण आभूषण अलग से दिये थे। आरोप है, इसके बाद भी ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आये दिन उसकी बहन को प्रताड़ित करते रहते थे।

# मानवता की रक्षा के लिए शंकराचार्य का दर्शन प्रासंगिक: प्रो.शास्त्री



**सुलतानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम किशोर शास्त्री ने आज कहा कि मानवता की रक्षा के लिए आज शंकराचार्य का दर्शन प्रासंगिक है। जब हम सब में एकत्व देखेंगे तो हिंसा नहीं होगी । शंकराचार्य का दर्शन समन्वयवादी है। व्यक्ति में ब्रह्म की अनुभूति कराना इस दर्शन की प्रमुख विशेषता है। भारतीय संस्कृति की रक्षा में जितना बड़ा योगदान शंकराचार्य का है उतना किसी अन्य आचार्य का नहीं। सुलतानपुर स्थित राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्षत्रिय भवन में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन व प्रथम तकनीकी सत्र को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित किया। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य : भाषा संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता ' विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रामजी तिवारी ने कहा कि शंकराचार्य का व्यक्तित्व असाधारण था । बचपन से ही उनके भीतर लोक कल्याण की प्रबल चेतना थी । उनका दर्शन मनुष्य को सहज और सरल बनाता है । शंकराचार्य द्वारा चारों कोनों पर स्थापित पीठें हमारी सांस्कृतिक चौकियां हैं । विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने कहा आदि शंकराचार्य ने धर्म दर्शन और आध्यात्मिकता को जन सामान्य के लिए सरल बनाया। समूचे विश्व के लिए उनका संदेश महत्वपूर्ण है ।उन्होने बताया कि भेद से मुक्ति तभी होगी जब हम अभेद की ओर बढ़ेंगे ।शंकराचार्य का दर्शन कभी अंध भक्त नहीं बनाता वह तथ्य और तर्क को महत्व देता है। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने स्वागत और आभार ज्ञापन प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह व संचालन उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह ने किया। समन्वयक डॉ. अनिल तिवारी ने संगोष्ठी के विषय व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। संगोष्ठी की शुरूआत में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु स्वामी भारती तीर्थ व भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष पद्मश्री चमूकृष्ण शास्त्री का वीडियो संदेश सुनाया गया। आयोजक मंडल ने मंचस्थ अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में सम्पन्न द्वितीय तकनीकी सत्र व समापन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर राधेश्याम सिंह , सह अध्यक्षता प्रोफेसर एम पी सिंह ,संचालन डॉ अमित तिवारी व आभार ज्ञापन डॉ इंद्रमणि कुमार ने किया।

# इटावा में रेल यात्रियों को लूटने वाले 4 शातिर लुटेरे गिरफ्तार



**इटावा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ट्रेन में रेल यात्रियों को लूटने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लुटेरों के कब्जे से ढाई लाख रूपए मूल्य के आठ मोबाइल फोन बरामद किए है। राजकीय रेलवे पुलिस के एसपी आदित्य लांग्हे ने आज यहां बताया कि थानाध्यक्ष थाना जीआरपी इटावा जंक्शन शैलेश निगम के नेतृत्व में गठित टीम ने 4 शातिर किस्म के लुटेरों को गिरफ्तार किया , जिनके कब्जे से ढाई लाख कीमत के 8 मोबाइल, कीमती आभूषण बरामद किए है। उन्होंने बताया कि दीपक उर्फ दीपू पुत्र लालजी दिवाकर निवासी सड़क बाजार मोहल्ला कुम्हरान थाना इकदिल इटावा,रवि प्रकाश पुत्र अजीत बाबू निवासी भूलपुर थाना इकदिल जनपद इटावा, अजय कुमार उर्फ छंगा पुत्र होती लाल निवासी नि0 ग्राम मुमियनखेडा थाना निधौली कला जनपद एटा और शिवा उर्फ शिवम पुत्र जयश्याम निवासी आशा आईटीआई के सामने 16 फुटा रोड जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8 मोबाइल , 200 ग्राम वजनी आभूषण बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरे शिवा के खिलाफ 07,दीपक के खिलाफ 18, रवि के खिलाफ 04 ओर अजय के खिलाफ 03 अपराधिक मामले दर्ज है।

पुलिस पूछताछ में लुटेरों ने स्वीकार किया है कि जब ट्रेनें धीमे होती है व रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म रुकती है तो हम चढ जाते है फिर चलती ट्रेनों में सो रहें यात्रियों का बैग ,मोबाइल,सामान,पैसे, आभूषण को चोरी करनें के बाद जब ट्रेन धीमे होती है , तोउतर जाते है। जो सामान चोरी करते है उसे कम दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है। बेचे हुए पैसे व आभूषणों से नशा व ऐशो आराम करते हैं , यह लोग ग्रुप बना कर घटना को अंजाम देते है।

# संतकबीरनगर में पचास हजार घूस लेते बिजली इंजीनियर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के दस्ते ने बिजली विभाग के एक जूनियर इंजीनियर को 50 हजार रुपये की घूस लेते गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि नगर पंचायत हरिहरपुर स्थित 33/11 विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं उसके एक प्राइवेट सहायक प्रेम शंकर पाण्डेय को अपराह्न 01.35 बजे पुलिस चौकी गोलाबाजार खलीलाबाद पर एक व्यक्ति(शिकायतकर्ता) से 50 हजार रुपए घूस लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने रंगेहाथों दबोच लिया। दोनों को गिरफ्तार करके खलीलाबाद कोतवाली थाने पर लाया गया तथा मुकदमा दर्ज कराया गया। अभियुक्तों को गोरखपुर जिला कारागार ले जाया जा रहा है।भ्रष्टाचार निवारण संगठन के इंस्पेक्टर तथा टीम लीडर उदय प्रताप सिंह यादव ने यहां बताया कि नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नं.03 राजेन्द्र नगर निवासी सुजीत कुमार सोनकर ने अपने घर के ऊपर से गुजरने वाले हाईटेंशन विद्युत तार को अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की थी जिसके लिए अवर अभियंता अश्वनी कुमार पाण्डेय ने 50 हजार रुपए घूस की मांग की थी। जिसमें जेई का प्राइवेट सहयोगी प्रेम शंकर पाण्डेय भी शामिल था।

इसकी शिकायत सुजीत सोनकर ने एसपी भ्रष्टाचार निवारण संगठन बस्ती मण्डल बस्ती से लिखित रूप में की थी। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद आज एण्टी करप्शन टीम ने रिश्वतखोर जेई और उसके प्राइवेट सहयोगी को गोलाबाजार खलीलाबाद स्थित पुलिस चौकी पर रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## एक नजर

### देवरिया में गैस सिलेंडर फटने से मां और उसके तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**देवरिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले से दर्दनाक घटना सामने आई है। चाय बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया, जिसकी जद में आकर मां और 3 बच्चों की मौत हो गई। यह पूरा मामला भलूआनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव का है।

म्लिी जानकारी के मुताबिक, डुमरी गांव के रहने वाले शिव शंकर गुप्ता की पत्नी आरती देवी घर में चाय बना रही थी, तभी अचानक सिलेंडर फट गया, जिससे आरती (उम्र 35 वर्ष) और उनके तीन बच्चे आंचल (14 वर्ष), कुंदन (12 वर्ष) और सृष्टि (11 माह) की दर्दनाक मौत हो गई। सिलेंडर फटने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डीएम एसपी ने घटनास्थल का जायजा लिया और पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। वहीं, विस्फोट इतना भयावह था कि शव को पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुके हैं। पुलिस ने पूरे मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। उधर, जिले के आलाधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर पूरी स्थिति का जायजा लिया।

### 'किसी के जनाजे में जाने के लिए परमिशन की जरूरत नहीं', अफजाल और डीएम की तीखी बहस

**गाजीपुर, एजेंसी।** मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी की डीएम गाजीपुर के साथ तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। डीएम गाजीपुर ने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि मिट्टी देने केवल परिवार के लोग जाएं, पूरा कस्बा नहीं जाएगा। अगर धारा 144 का उल्लंघन हुआ तो सबके खिलाफ एफआईआर करेंगे। अफजाल अंसारी वीडियो में बोलते हुए दिख रहे हैं कि किसी के जनाजे में जाने और मिट्टी देने के लिए किसी की परमिशन लेने की जरूरत नहीं है। जितने लोग चाहे मिट्टी से सकते हैं। डीएम ने कहा कि वो जिला निर्वाचन अधिकारी हैं और नियम तोड़ने वालों पर एफआईआर कराएंगी। ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

### मुख्तार अंसारी की मौत पर कृष्णानंद राय के बॉडीगार्ड के परिजनों ने जताई खुशी

**बलिया, एजेंसी।** पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के करीब कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद कृष्णानंद राय हत्याकांड में शहीद हुए बॉडीगार्ड के परिजनों ने कहा आज बहुत बड़ी खुशी मिली है। बॉडीगार्ड निर्णय नारायण उपाध्याय की पत्नी अनिता उपाध्याय ने रोते हुए कहा कि ये बहुत पहले हो जाना चाहिए था। यह बहुत देर से हुआ। भगवान ने बहुत देर से किया, लेकिन बहुत अच्छा काम हुआ है। उन्होंने कहा, "मुझे तो न्याय मिल गया। लेकिन उनके जो बच्चे हैं, उनका भी इसी तरह का हाल होगा, तब जाकर और सही न्याय मिलेगा।" अनिता उपाध्याय ने रोते हुए कहा कि कृष्णानंद राय के साथ मेरे पति निर्णय नारायण उपाध्याय गाजीपुर के मुहम्मदाबाद में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने गए थे, तभी उनको गोलियां मारी गई। जिसमें उनके पति और कृष्णानंद राय की मौत हो गई थी।

### बसपा ने मथुरा लोकसभा सीट का प्रत्याशी बदला

**मथुरा, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मथुरा लोकसभा सीट से अपने पुराने घोषित प्रत्याशी को बदलते हुए नया प्रत्याशी घोषित किया है। इस बात की पुष्टि आज देर शाम बसपा के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने पूर्व घोषित प्रत्याशी कमलकांत उपमन्यु की जगह बाबा कढेरा सिंह स्कूल नगला अक्खा गोवर्धन के संचालक सुरेश सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि उनके नामांकन दाखिल करने की तिथि बाद में घोषित कर दी जाएगी।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट बार चुनाव: प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनाव में आगामी तीन अप्रैल को होने वाले मतदान से पूर्व सभी प्रत्याशियों के लिए चुनाव कमेटी ने चेतावनी जारी की है। चुनाव कमेटी के अनुसार मतदान से 24 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। अगर कोई प्रत्याशी प्रचार-प्रसार करते हुए नजर आएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता वीएम जैदी के अनुसार अध्यक्ष और महासचिव पद के प्रत्याशियों के साथ बैठक करने के बावजूद कुछ प्रत्याशियों की ओर से आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है, जो हाईकोर्ट के आदेश का उल्लघंन है। स्पष्ट रोक के बावजूद प्रत्याशियों को प्रलोभित करने के उद्देश्य से गेस्ट हाउस, मैरिज हाल, बैन्क्वेट हाल आरक्षित कराए जा रहे हैं। चुनाव समिति ने स्वयं ही न्यायालय परिसर में विभिन्न स्थलों पर डिस्प्ले टी वी के जरिए प्रत्याशियों का लाइव प्रचार किया जा रहा है। चुनाव समिति ने कहा है कि प्रत्याशियों ने घोषणा पत्र दिया है, किंतु उसका भी पालन नहीं कर रहे हैं। चुनाव समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता वी एम जैदी, वरिष्ठ अधिवक्ता आर सी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कांत , अधिवक्ता वशिष्ठ तिवारी,प्रभाकर अवस्थी व चंदन शर्मा शामिल हैं।

### जौनपुर में पुलिस पर फायर कर पशु तस्कर फरार, आठ मवेशी बरामद

**जौनपुर, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के मड़ियाहूँ थाने की पुलिस ने शनिवार को गौवध के लिए ले जा रहे आठ पशु को पिकअप सहित बरामद किया जबकि चालक और पशु तस्कर पुलिस पर फायर करते हुए फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहू को सूचना मिली की मछलीशहर की तरफ से एक पिकअप पर गौ तस्कर पशु लेकर जा रहे हैं । इस सूचना पर तत्काल थाने की फोर्स को अवगत कराते हुए जैसे ही वे लोग मेजा के पास पहुंचे, एक पिकअप आता दिखाई दिया। पिकअप वाले को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस वालों पर पिकअप चढाने का प्रयास किया और असलहे से फायर किया। पिकअप तेज रफ्तार से जा रही थी कि उसकी कमानी टूट गयी और गाड़ी एक तरफ झुक कर रुक गयी पिकअप ड्राईवर व उसका साथी फायर करते हुए पिकअप छोड़कर भाग गये। पिकअप को पीछे देखा गया तो उसमें कुल 08 पशु रस्सी से बंधे हुए चोटहिल हालत में मिले, जिन्हे नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेकर पशु चिकित्साधिकारी को उक्त पशुओं का प्राथमिक उपचार कराने हेतु अवगत कराया गया। गौ तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने एक किलो चरस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख रुपए बताई जाती है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बलई गांव में पुलिस व एसएसबी वे पेट्रोलिंग के दौरान नेपाल से भारत आते समय एक युवक को जवानों ने रोक कर तलाशी ली, तो उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है।

चरस तस्कर थाना क्षेत्र के बस्थनवा गांव निवासी गज्जन उर्फ रईश पुत्र सुब्बा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश: होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ

**शरद शर्मा**

**उत्तर प्रदेश:** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, के सभागार में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि प्रेरक जैन, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, अध्यक्ष रीटा दहिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वार्षिक परीक्षाफल वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेरक जैन, आजाद सिंह, जितेन्द्र कुमार, धीरज बालियान, विजय पंवार, अमित धीमान, रूपेश कुमार, शुभम कुमार, अमरीश कुमार, मनोज त्यागी, पिंकी सहरावत, नेहा पाल, अजीत सिंह, सचिन कश्यप, नितिन बालियान, सतकुमार, राधेश्याम, मनोज कुमार, सुरेखा, रीना चौहान, पुनिता डबराल, रजनी शर्मा, इन्दु सहरावत, शालिनी करोडी, आयुषी कौशिक, बबीता अग्रवाल, शिखा चौधरी, चीनू शर्मा, जोली शर्मा, अमिषा रूहेला, एकता तोमर विद्यालय अध्यक्ष रीटा दहिया तथा प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया उपस्थित रहें।



सर्वप्रथम अपनी-अपनी कक्षा के शैक्षणिक में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथि प्रेरक जैन प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया तथा कक्षा अध्यापकों के द्वारा अवार्ड तथा प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा-11 तक शैक्षणिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ज्ञानवी, राधे कश्यप, अविराज, दिव्या, हामिद, शिदरा, अनंत कुमार, अदिति, अवन्तिका, अर्पित, अवनी, आकाश, अंशिका, इच्छा, अनुसिंह, अंशु।

शैक्षणिक में ही द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आरव सहरावत, कनक, दृष्टि, लविश कुमार, शुभ कुमार, आलिशा, अविका चौधरी, अक्ष, साहिल, अभिजीत, वर्तिका, हर्षित गुप्ता, निवेदी, उदित कुमार, भावना, पलक। शैक्षणिक में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रियांशु, आरवी चौधरी, अंशी, पीहू, पार्थ, आमना, आशविका, शिवांश, अक्षिता पहाडवाल, आराध्या, नव्या रानी, मोनिष, आराध्या चौधरी, अन्जू, अफ्शा, आंचल।

शालीनता एवं संस्कार में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अभिभावक एवं अध्यापकों द्वारा प्रमाण-पत्र तथा पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निम्न प्रकार है प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अविनय धीमान, आरवी चौधरी, कुंज, दिनेश, माहिन, अध्ययन, रिफत, अरनव कुमार, अदिति, संतोषी, अदिबा, रिया पाल, शिया, आराध्या चौधरी, अन्जू, प्रेरणा, रचना।

द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी वर्णिका नायक, बरीरा, ओम सैनी, अलीना, वंश, क्रिषपाल, आराध्या धीमान, हरगुन, अक्षिता सहरावत, आराध्या, उम्मेहनी, कनक, अंशिका शुक्रालिया, राधिका, वंश कुमार सैनी, मुस्कान।

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सुभान, कनक, अलीना, दिव्या, आदित्य, वेदांत, दृश्यम सैनी, अंश, पूर्वी पाल, अर्पित, पीयूष, कार्तिक, कार्तिक, निवेदी, जानह्वी, चित्रा सैनी, अरूण।

सत्र 2023-24 में अपनी-अपनी कक्षा में सर्वोच्च उपस्थिति देने वाले विद्यार्थियों को भी प्रधानाचार्य, अतिथि तथा अध्यापकों द्वारा प्रमाण-पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी अनवी, ईशान, अवन्या, अभिनव, काव्या, इस्मा, अवनी, शिवम, अवन्तिका, साहिल, अनुश्री, इशू, कनक, शगुन, दिव्याश, तनु, चित्रा सैनी, आंचल। उपस्थिति में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी श्रेयांश, अनविश जैद, दीपान्शु, काव्या, देव, आरव, अनन्त, प्रियांशी, मोहित, आराध्या, कनिका, अनन्त करोडी, यश, अर्स खान, अन्जू, अनु, अंशु।

उपस्थिति में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ज्ञानवी, राधे, मनु, अभिनव, पार्थ, शिदरा, शगुन, जीनत, सोम्या, आरूही, कार्तिक, अनोखी, उर्वशी, मानवी, पलक। इसके अतिरिक्त समय-समय पर विद्यालय में करायी गयी भिन्न-भिन्न प्रतियोगिता जैसे- हिन्दी श्रुतिलेख, अंग्रेजी श्रुतिलेख, सामान्य-ज्ञान प्रतियोगिता, कविता मंचन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मैथ क्विज, टेबिल प्रतियोगिता, श्रुतलेख प्रतियोगिता में टॉप-10 रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र तथा मेडल देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अन्त में अतिथि प्रेरक जैन एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की सराहना की तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नये सत्र 2024 -25 के 01 अप्रैल से प्रारम्भ की घोषणा की।

# मध्य प्रदेश: नगर पालिका ने शहर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेश:** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए आज दिनांक 30 मार्च 2024 को स्वीप प्लान के तहत नगर पालिका पोरसा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर में वाहन रैली निकाली गई।




जिलाधीश मुरैना अंकित अस्थाना एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले के आदेश के मुताबिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी अवधेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में आज नगर पालिका के देवेंद्र राजोरिया, व संतोष सिंह तोमर के द्वारा अपने शाथी कर्मचारियों को लेकर मतदाता जागरूकता रैली शहर की मुख्य मुख्य मार्गो से निकली गई।

सभी मतदाताओं से आगामी 7 मई को मतदान करने की अपील की गई। तथा मतदान के महत्व के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। तथा मतदाताओं को रिझाने के लिए दीवारों पर स्लोगन लिखकर के मतदाताओं को जागृत करने के लिए स्लोगन लिखे गए।

# महाराष्ट्र: अमरावती जिले में मतदान का बहिष्कार हुआ

**सचीन अशोकराव मून**

**महाराष्ट्र:** अमरावती जिले के धामनगांव तालुका के जलगांव आर्वी के पारधी समुदाय के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया है। उन्होंने गांव के बाहर बिजली के खंभे पर बैनर लटकाकर चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। पारधी समुदाय के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलने के कारण उन्होंने वोट नहीं देने का फैसला किया है।



बैनर में लिखा है कि जब तक हमें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलेंगी हम वोट नहीं देंगे।आज पारधी समुदाय के लोगों को समझा दिया।अमरावती ग्रामीण एसपी, विशाल आनंद ने पारधी समुदाय को समझा दिया।

उन्होने कहा संविधाना ने हमे वोट देने का अधिकार दिया है। जब हम अपना सही प्रतिनिधी चुन सकते है। और उसकी माध्यम से अपनी समस्याएं रख सकते है, तो हमे मतदान का बहिष्कार किए बिना मतदान करना चाहिए।

# हरियाणा: पुलिस द्वारा क्षेत्र मे नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान

**इंद्रजीत**

**हरियाणा:** डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र मे नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही करते हुए सीआईए स्टाफ कालांवाली टीम ने सच्चा सौदा कन्टीन सिरसा रोड़ डबवाली के पास से एक व्यकित को 16 ग्राम हिरोइन (चिट्टा) सहित काबू करने में सफलता हासिल की है।



जिसकी पहचान सुरेन्द्र सिंह उर्फ लक्की पुत्र नौनेन्द्र सिंह पुत्र ईकबाल सिंह वासी गांव निलीयावाली जिला सिरसा के रूप मे हुई है इस संम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए सी आई ए कालांवाली प्रभारी सब इंस्पैक्टर राजपाल ने बताया कि सी आई ए कालांवाली पुलिस टीम अरककृष्ण कुमार के नेतृत्व मे गस्त पडताल अपराध व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए ठल्ट-9 नजदीक कन्टीन डेरा सच्चा सौदा गांव डबवाली मौजूद थे।

सुरेन्द्र सिंह उर्फ लक्की पुत्र नौनेन्द्र सिंह पुत्र ईकबाल सिंह वासी गांव निलीयावाली को मोटरसाईकिल नम्बर ल्फ्25ए-6129 मार्का स्पलैंण्डर+ बा रंग सिल्वर सहित काबू करके नियमानुशार आरोपी सुरेन्द्र सिंह उक्त वा मोटरसाईकिल की तलाशी अमल मे लाई तो आरोपी सुरेन्द्र सिंह उक्त ने पहनी जीन्स की पैंट से एक पारदर्शी पन्नी मे हैरोईन बरामद हुई।

आरोपी व सप्लायर के खिलाफ थाना शहर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ कर हैरोईन (चिट्टा) तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा: जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**सतीश**

**हरियाणा:** भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने पर महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने गठबंधन में कहा था कि बेशक से लोकसभा की एक भी सीट मत दो, लेकिन हमारी घोषणा के अनुरूप बुढ़ापा पेंशन 5100 रुपये कर दो।



उन्होंने जनहित की इस मांग को भी नहीं माना और हम अलग हो गए। इस कारण सबसे पहले उन्हें महेंद्रगढ़-भिवानी से उम्मीदवार घोषित करते हुए जजपा ने उन्हें टिकट दिया है। और अब यहा की जनता का फर्ज बनता है। कि वह उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से जीताकर संसद भेजें, ताकि दुष्यंत चौटाला के हाथ और मजबूत हो सकें।

उक्त आह्वान जजपा प्रत्याशी राव बहादुर सिंह ने नांगल चौधरी विधानसभा के गांव मोहनपुर में ग्रामीण जनसभा को संबोधित करते हुए किया। ग्रामीण जनसभा की अध्यक्षता जिला प्रधान मनीष शर्मा ने की। राव बहादुर सिंह ने कांग्रेस में चले जाने पर कहा कि वहां पर कार्यकताओं का मान-सम्मान नहीं होता।

जिस कारण वह वापिस लौटकर आए हैं। यह बापू-बेटे की बपौती वाली पार्टी है तथा अन्य कार्यकताओं अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि देश में जिस प्रकार चौधरी देवीलाल की चर्चा होती थी, उसी प्रकार आज दुष्यंत चौटाला की चर्चा होती है। दुष्यंत चौटाला चौधरी देवीलाल के पदचिह्नों पर चलते हुए इस पार्टी को नई ऊंचाईयों तक लेकर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब वह डिप्टी सीएम थे, तब भी उन्होंने प्रदेश में अनेक विकास एवं जनकल्याण के कार्य करवाए, जिनकी लोग अब गांवों की चौपालों में खूब चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह जिला महेंद्रगढ़ की माटी में जन्में हैं। और अब यहां के लोगों का फर्ज बनता है। कि उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से जीताकर संसद में भेजें, ताकि भविष्य में लोकसभा के और उम्मीदवार यहां से निकल सकें। जजपा के प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने राव बहादुर सिंह की प्रशंसा में कहा कि यह हमारे बीच के उम्मीदवार हैं और इन्होंने हमारे इलाके की खूब सेवा की है।

उन्होंने कहा कि चौधरी अजय सिंह चौटाला ने नांगल चौधरी से चंडीगढ़ तक की पदयात्रा रायमलिकपुर से शुरू की थी और आज राव बहादुर सिंह ने भी अपने ग्रामीण दौरों की शुरूआत रायमलिकपुर से करके उस इतिहास को दोहराया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सारे गिले-शिकवे भुलाकर राव बहादुर सिंह की जीत के लिए काम करें। और अपने वोट के साथ-साथ अपनों के भी वोट दिलवाएं। राव बहादुर सिंह ने शनिवार को गांव रायमलिकपुर के अलावा बनिहाड़ी, मोहनपुर, नांगल पीपा, दोंगली, भोजावास, नेहरूनगर एवं कालबा आदि गांवों का दौरा किया।

इन दौरों में उनके साथ पार्टी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर पालड़ी, हलका अध्यक्ष विरेंद्र बनिहाड़ी, सावित्री गुर्जर, महेंद्र बडेसरा, रामकुमार मकसूसपुर, प्रमोद ताखर, रोहतास रावत, हजारी लाल लंबौरा, विजय छिलरो, संदीप भांखर, विरेंद्र घाटाशेर, विष्णु सरपंच, विक्रम यादव, बहादुर नांगलिया, धर्मबीर अकबरपुर, महेंद्र खन्ना, नवीन राव, महीपाल नंबरदार, जॉनी तंवर, दीपक यादव, बजरंग गुर्जर, हरिओम मेई, सुनील राव, रणबीर सरपंच, सुनील यादव, अभिषेक कुराहवटा, लीलाराम कालबा, सुनील दोंगली, प्रवीण, बाबूलाल, अमित भांखरी व रवि भालोठिया आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश: डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल किया गया घोषित



**मोहम्मद शहनवाज**

**उत्तर प्रदेश:** पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी बच्चे अपनी कक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त करने से रह गए हैं, वे निराश न हो बल्कि अगले सत्र में इससे भी अधिक मेहनत करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा में पूछे गए सवालों का उत्तर लिखने का तरीका भी उन्हें कुछ अलग बनाता है।

इसे भी छात्र-छात्राओं को सीखने की जरूरत है। क्योंकि आगे जब आप हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बैठेंगे तो आपको इसकी बहुत जरूरत पड़ेगी और इससे अंकों पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अगर आपके कम अंक रह गए हैं तो चिंता करने की जरूरत नहीं है।

आपको कितने अंक प्राप्त हुए यह महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि आपने कितना सीखा और कितना ज्ञान प्राप्त किया यह महत्वपूर्ण है। इस दौरान नीरज शर्मा, सतेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, रविंद्र सिंह, शिवगणेश शर्मा, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, नेहा चौधरी, आभा, रेशमा, शिवानी, रानी, आरती, योगेश, शालू, सोनी, गीता आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# बिहार: छात्र राष्ट्रीय जनता दल महिषी के संगठन के विस्तार हेतु बैठक हुई

**ईश्वर कुमार साह**

**बिहार:** आज छात्र राष्ट्रीय जनता दल महिषी के संगठन के विस्तार हेतु बैठक रखा गया था। जिसका अध्यक्षता छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष नीतिश कुमार कर रहे थे। मुख्य अथिति हमारे जिला अध्यक्ष धीरज सम्राट, नगर अध्यक्ष सहरसा, जिला महासचिव प्रिंस कुमार बिट्टू, छात्र प्रखंड प्रभारी महिषी राघव रंजन पासवान, छात्र राजद प्रखंड प्रधान महासचिव जयप्रकाश मुखिया एवं सभी मनोनित पदाधिकारी मौजूद थे।

जिसमे आज सभी मनोनित पदाधिकारी का नाम

छात्र प्रखंड प्रधान महासचिव श्रवण कुमार साह, नीतिश कुमार को छात्र राजद प्रधान महासचिव एवं मो० शहंशा को पंचायत अध्यक्ष आरापट्टी, मो० ताज को पंचायत अध्यक्ष तेलवा पूर्वी, मोहम्मद मजलूम राईन को पंचायत अध्यक्ष ऐना , मो० इकराम को पंचायत अध्यक्ष भेलाही , गुड्डू कुमार चौरसिया को राजनपुर पंचायत अध्यक्ष, अरविंद कुमार को महिषी दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष, राकेश कुमार को पंचायत अध्यक्ष नहरवार, पवन कुमार को पंचायत अध्यक्ष कुंदह, गणेश शर्मा को पंचायत अध्यक्ष सिरवार-बिरवार, मिट्ठू कुमार महतो को पंचायत अध्यक्ष महिषी उत्तरी, रणवीर कुमार को पंचायत अध्यक्ष बघवा, राहुल कुमार को पंचायत अध्यक्ष महिसरहो, मो०अरमान को पंचायत अध्यक्ष तेलवा पश्चिमी, मो० शौकत अली को पंचायत अध्यक्ष झाड़ा, सादाब अनवर को पंचायत अध्यक्ष मनोवर, उदय मुखिया को पंचायत अध्यक्ष पस्तवार बनाया गया।



# हरियाणा: मुख्य सचिव ने की उपायुक्त के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



**सतीश**

**हरियाणा:** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने आज लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर राज्य के सभी चुनाव अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने चुनाव के संबंध में की जा रही तैयारी की जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार जिला में आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से पालन की जा रही है। शराब बिक्री पर कड़ी नजर रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

इसके बाद अधिकारियों की बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग इसी तरह तत्परता से निगरानी करें।

और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके लिए नाकों पर अलर्ट रहें। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि चुनाव का पर्व-देश का गर्व टैगलाइन का अधिक से अधिक प्रचार करें।

साथ ही लोगों को मत का प्रयोग करने के लिए स्वीप एक्टिविटी के तहत लगातार कार्यक्रम करवाए जाएं।

इस बैठक में महेंद्रगढ़ के एआरओ एवं एसडीएम संजीव कुमार, नारनौल के एआरओ एवं एसडीएम जितेंद्र कुमार, अटेली के एआरओ एवं एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, डीआरओ सुशील शर्मा, डीआईओ हरीश शर्मा तथा तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# जम्मू कश्मीर: पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह ने जम्मू कश्मीर में अफ्स्पा हटाने में डाली थी बाधा

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** उमर अब्दुल्ला ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को अब अफ्स्पा की याद आई है। जबकि हमने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहते हुए वर्ष 2011 में इसे हटाने की लड़ाई लड़ी थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया है। कि पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह ने जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम अफ्स्पा हटाने में बाधा डाली थी।

यूपीए-2 सरकार के दौरान जनरल वीके सिंह सेना प्रमुख थे उसी समय अफ्स्पा लगाया गया था। वीके सिंह केंद्र सरकार में सड़क परिवहन , राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। उमर वीरवार को सोपोर डाक बंगले में कार्यकर्ता से मुलाकात के दौरान उन्हें संबोधित कर रहे थे।





नेकां उपाध्यक्ष ने कहा, गृहमंत्री अमित शाह को अब अफ्स्पा की याद आई है। जबकि हमने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहते हुए वर्ष 2011 में इसे हटाने की लड़ाई लड़ी थी। उस समय के सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह अफ्स्पा के समर्थन में खड़े हो गए थे। आज सरकार लोगों से कह रही है कि अफ्स्पा हटा देंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ एबीसी दलों द्वारा गठबंधन पर टिप्पणी करने पर उमर ने कहा कि वे सोच रहे होंगे कि नेकां को दबाव में ला देंगे, लेकिन भाजपा समेत सभी दलों का सामना करने की नेकां के पास पर्याप्त ताकत है।

इस मौके पर पार्टी नेता नासिर असलम वानी, जाविद डार, इरशाद रसूल कर, मसरत कर, सज्जाद शफी, जावेद बेग आदि मौजूद थे। हाईवे पर आम लोगों की आवाजाही आसान बनाएं उमर ने कहा, गृहमंत्री को पहले जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जनता की आवाजाही को आसान बनाना चाहिए। जब सैन्य काफिला गुजरता है तो आम नागरिकों की आवाजाही रोक दी जाती है।

कम से कम राजमार्ग पर लोगों की आवाजाही को आसान बनाएं। इसके अलावा देश की विभिन्न जेलों में बंद जम्मू-कश्मीर के युवाओं को रिहा किया जाना चाहिए। समा और रूवा की घोषणा पर लगाया मजबूर करने का आरोप उमर ने आरोप लगाया कि अलगाववादियों के बच्चों और पोते-पोतियों को अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए मजबूर करने की एक नई प्रक्रिया शुरू की है।

आप उस युग को दोहरा रहे हैं जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा है। उस दौर में नेकां और कांग्रेस कार्यकताओं को अखबारों में घोषणा करके राजनीति छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। मालूम हो कि हाल ही में जेल में बंद अलगाववादी शब्बीर शाह और अल्ताफ फंटूश की बेटियों समा और रूवा ने पिता से अपनी राहें जुदा होने की घोषणा की थी। चुनाव के बाद अफ्स्पा को भूल जाएगी भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हमें आशंका है कि जिस तरह छठी अनुसूची पर लद्दाख के लोगों को बेवकूफ बनाया गया, वही हमारे साथ भी होगा। जब संसदीय चुनाव संपन्न होंगे और भाजपा सभी पांच सीटें हार जाएगी, तो वे अफ्स्पा के बारे में भूल जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश: चुनाव में बैंक खाते से लेनदेन करें प्रत्याशी खर्च का रखे विवरण



**मो. राशिद**

**उत्तर प्रदेश:** वाहनों जनसभा की पूर्व अनुमति जरूरी लोकसभा चुनाव को लेकर पिरेक्षकों ने प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुरादाबाद 57 स्टेटिक टीमे कर रहे हैं चुनाव की निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 57 स्टेटिक टीमे 18 फ्लाइंग स्क्वाड टीमे क्रियाशील है। प्रत्याशी किसी की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल ऐप पर 48 घंटे पहले आवेदन करें।

कोई भी जनसभा बिना अनुमति के नहीं करेंगे जनसभा में कोई भी ऐसा वक्तव्य नहीं बोलेंगे जिसमे किसी की भावना आहत हो उन्होंने बताया कि आम जन दिन भी सी विजल ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। मुरादाबाद कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक कराने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक कुमार राहुल रंजन कुमार शर्मा सतीश शितोले विश्वनाथ व संदीप गुहा ने प्रत्याशियों में उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

कहा कि प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का पालन करें। खर्ष संबंधी विवरण अपने पास रजिस्टर में दर्ज करें वहां जनसभा प्रचार सामग्री लगाने की पूर्व अनुमति दें लेनी जरूरी है। चुनाव खर्च के लिए खुलवाए गए बैंक खाते से ही लेनदेन करें।

# हरियाना: स्कूलों में सुनाएं वार्षिक परीक्षा परिणाम



**अजीत सिंह**

**हरियाना:** क्षेत्र के गांव करसोला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के मुख्यअध्यापक राजेश कुमार ने परीक्षा परिणाम सुनाते हुए बच्चों को संबोधित किया। उन्होनें कहा की विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है।

उन्होनें अभिभावकों से भी अपील की सरकारी स्कूलों में हर तरह की सुविधाएं हैं। अपने बच्चो को सरकारी विद्यालयों में दाखिला कराए और घर पर उनकी देखभाल करें। आगे राजेश ने बताया की पांचवी कक्षा में सुमित पुत्र दयाराम चौथी कक्षा में अनुज पुत्र राजेंद्र तीसरा कक्षा में गौतम कुलदीप, दूसरी वंशु पुत्र रामपाल और पहली कक्षा में वीर पुत्र सुनील ने प्रथम स्थान हासिल किया। सामाजिक कार्यकर्त्ता अजीत लाठर ने कहा की सरकारी विद्यालयों में हर प्रकार की सुविधा हैं। सरकारी विद्यालयों में किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाती। इस मौके पर विद्यालय की ओर से संतदांगी, अजय कुमार,रिंकू, मोनू लाठर करसोला आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान: इंतजार करते रहे कार्यकर्ता, नहीं आया कोई बड़ा नेता

**तौसीफ**

**राजस्थान:** अजमेर लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया । चौधरी 9 नंबर को पेट्रोल पंप के पास स्थित समारोह स्थल पर सभा के बाद सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे। और नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व सभा में चौधरी ने पगड़ी मंच पर रखकर कांग्रेसियों से जिताने व समर्थन की अपील की।

इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ रही। इस सभा में बड़े नेताओं को भी आना था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी भी चर्चा का विषय रही। नामांकन दाखिल करने के बाद चौधरी ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को अजमेर लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है।



उन्होंने कहा कि अजमेर जिले के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, अजमेर जिले के जो विकास कार्य रुके हुए हैं उसके लिए पार्लियामेंट में आवाज उठाएंगे, अजमेर को डेनमार्क बनाने का सपना पूरा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का जो सपना अधूरा रह गया है उसे पूरा करेंगे, अजमेर जिले में औद्योगिक विकास करेंगे।

नामांकन दाखिल के समय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के आने की सूचना दी गई थी लेकिन कोई नहीं आया। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कई नेता भी नदारद रहे। ऐसे में इनके नामों को लेकर चर्चा रही। घंटो इंतजार करने के बाद भी जब कोई बड़ा नेता नहीं आया तो पंडाल से भीड़ कम होने लग गई। इसके बाद रामचंद्र चौधरी अपने सैकड़ो समर्थको व अजमेर के स्थानीय नेताओं के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

नामांकन दाखिल करने के दौरान किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, नगर निगम प्रतिपक्ष नेता द्रोपदी कोली, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, उनकी पत्नी व अन्य लोग मौजूद रहे। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित के समक्ष नामांकन दाखिल किया। वहीं सभा के दौरान आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़, किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, महेन्द्र सिंह गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, नसीम अख्तर, निवर्तमान देहात अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राठौड़, निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन, नगर निगम प्रतिपक्ष नेता द्रोपदी कोली और सुनील लारा सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### हरियाणा: समाजसेवी संस्था जनहित ट्रस्ट ने लाभ कार्ड के बारे मे जानकारी दी



**रमेश कुमार/हरियाणा:** समाजसेवी संस्था जनहित ट्रस्ट जो की लम्बे समय से गरीब, जरूरतमंद लोगों की मदद, सेवा,भलाई करती आ रही है। वही गत दिवस फतेहाबाद और सिरसा जिले मे विभिन्न क्षेत्रों मे जनहित ट्रस्ट की मीटिंगे हुई। जिसमे जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य ने लाभ कार्ड के बारे मे बताया। और कहा की पूरे भारत मे संस्था के लाभ कार्ड बनाये जा रहे है। ताकि हर परिवार को कार्ड का लाभ मिल सके इसके लिए हर क्षेत्रों मे संस्था की तरफ से आमजन के लाभ कार्ड बनाने के लिए एसोसिएट नियुक्त किये जा रहे है इच्छुक संस्था मे रोजगार भी कर सकते है। इस वाईस चेयरमैन गुरदेव दड़बी,सचिव सतनाम लालका, एसोसिएट अमनदीप कौर,सर्वजीत कौर,आरती देवी, ग्राम पंचायत सरपंच जसकरण सिंह कंग, समाजसेवी, वा ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बिहार: आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन संकल्पित है



**मंसूर आलम/बिहार:** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन संकल्पित है। इनरवा पुलिस एवं आई टी बी पी के अधिकारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के इनरवा बाजार, नगरदेही, खम्हिया, सकरौल, बारवा परसौनी, झंझरी, पिंडारी आदि गांव सहित चौक चौराहों पर शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की आप सभी निर्भीक होकर मतदान में हिस्सा लेंगे कही से कोई अप्रिय सुचना मिलती है। तो तुरंत पुलिस को बताए समय रहते कार्रवाई कि जायेगी वोटरों को कोई परेशान करता है उसकी भी सूचना आप सभी को देना होगा खासकर शराब और धनबल के प्रयोग पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

### झारखंड:ब्राहमण समाज के द्वारा आयोजित हरि कीर्तन कुंज मिलन संकीर्तन



**संजीब कुमार झा/झारखंड:** पांड्रा के कन्या कूब्ज मजलिस ब्राहमण समाज के द्वारा गोपालपुर पंचायत के राजपुरा बस्ती मे आयोजित 116 वा 24 पहर हरि कीर्तन कुंज मिलन के साथ समापन हुआ। संकीर्तन मे पश्चिम बंगाल के आसनसोल से आए कीर्तनया देवेश उपाध्याय ने अपने भजन से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। समापन मे धनबाद के सासंद पी एन सिंह,भाजपा के सासंद प्रत्याशी ढुल्लू माहतो, विधायक अर्पणा सेनगुपता और मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी शामिल हुआ।वही ढुल्लू माहतो ने समाज के सभी वर्गों से आशीर्वाद माँगा। मौके पर धीरज सिंह,रंजन सिंह, बृहस्पति कुमार,अमल बाउरी, संजय सिंह,बादल बाउरी, राजू राय के अलावे भाजपा और मासस कार्यकर्ता शामिल थे।

### राजस्थान: जोबनेर ज्वाला माता का मेला शुरू हो गया

**लक्ष्मण प्रजापति/राजस्थान:** लक्की मेला सरदारों की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कार्यालय एसडीएम अभिमन्यु सिंह नगर पालिका अध्यक्ष मंजू सिंगी पुजारी मंडल का सहयोग है। जिसमें लगभग ढाई तीन लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दरबार में दर्शनों के लिए पहुंचने का अनुमान है श्रद्धालुओं की सेवा में भंडारे लगाए गए हैं और रहने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने ज्वाला माता के रास्ते में दुकानदारों द्वारा सड़क पर समान रखना बेचने वाले के खिलाफ से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पालिका प्रशासन द्वारा खींची गई लाइन से आगे सामान रखने पर माल को जप्त कर जुमार्ना वसूल किया जाएगा। उपस्थित गणना मानी लोगों ने मेले के द्वारा अतिक्रमण को हटाने और माजीसा धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रहने की व्यवस्था जयपुर और रेनवाल रोड पर बंद रोड लाइट को चालू करवाने की भीमांग की उपखंड अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था के लिए प्रशासन पूरी तरह से कम कर रही है।

# उत्तराखंड: हरिद्वार अप नगरी ज्वालापुर में लगाया रक्तदान शिविर

**हरीश उपाध्याय**

**उत्तराखंड:** वर्धमान जैन विद्या मंदिर के प्रांगण में रक्षा जीवन रक्षक ब्लड सेंटर के सो जने से एक ब्लड कैंप का आयोजन स्थान आगरा कल भवन मैं जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विशाल गर्ग के कर कमल द्वारा किया गया।

जिसमें वर्धमान जैन विद्या मंदिर के डायरेक्टर विश्वास सक्सेना एवं इस राजकुमार जैन तथा प्रधानाचार्य अर्चना गुप्ता वैश्य अग्रवाल सेवा सभा के अध्यक्ष अंकुर गोयल उपाध्यक्ष विकास कुमार जैन तथा महामंत्री पीयूष पीयूष गोयल की उपस्थिति में रक्त शिवर का शुभ आरंभ किया गया।

वर्धमान जैन विद्या मंदिर के डायरेक्टर ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया की इस दिशा में रक्तदान करते समय कुछ लोग कतराते हैं। वह इस बात से घबराते





हैं कि रक्तदान करने के बाद कहीं शरीर में कुछ कमजोरी तो महसूस नहीं हो रही है।

लेकिन ऐसा नहीं है जितना भी रक्तदान करते हैं उतना ही रक्तदान नया बनता है। बॉडी के रक्त को निकालने के बाद नए रक्त का संचार होता है। जो की शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। जो मनुष्य दो-तीन महीने या 6 महीने के बाद रक्तदान करते हैं। वह पुरुष हमेशा हष्ट पुष्ट रहते हैं।

इसलिए मेरा सभी लोगों से आग्रह है की साल में दो बार रक्तदान अवश्य करें। आपके रक्त से न जाने कितने गरीब असहाय लोगों को जीवन प्राप्त हो सकता है। वैश्य अग्रवाल धर्मशाला के अध्यक्ष अंकुर गोयल ने अपने वक्तव्य में बताया कि रक्तदान महा कल्याण रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्था तथा संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय राम गोपाल गुप्ता के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज हित में अनेक कार्य करती रहती है। जिसमें निशुल्क स्वास्थ्य सेवा ब्लड डोनेट कैंप वैवाहिक परिचय सम्मेलन इत्यादि कार्य समय पर समय पर करती रहती हैं। इसलिए समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी डे का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें प्रस्तुत पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस शुभ अवसर पर महावीर जैन विद्या मंदिर के डायरेक्टर विश्राज कुमार जैन प्रधानाचार्य अर्चना गुप्ता एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित मन इच्छा पूर्ण काली माता मंदिर के ट्रस्ट के संस्थापक राम खत्री का आशीर्वाद में विशेष रूप से हार्दिक धन्यवाद किया गया।

# उत्तर प्रदेश: नीरज कुमार फौजी के बेटे ने स्कूल में टॉप किया



**जय प्रकाश शर्मा**

**उत्तर प्रदेश:** जनपद बुलंदशहर के खुर्जा नई मंडी के सामने विजयनगर कॉलोनी निवासी नीरज कुमार फौजी ने अपने 6 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार को वो शिक्षा दी जिसने अपने स्कूल को टॉप किया है। और बच्चे की ख्वाहिश है मैं पढ़कर आई एस बनकर अपने देश का नाम रोशन करूंगा।

जिसमें भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर 6 वर्षीय अभिषेक कुमार को नोटो का हार पहना कर व भाकियू महाशक्ति का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें कहा इस छोटे बच्चे से सभी भारत वासियों को सीख लेनी चाहिए जिससे मैं हमेशा टॉप करने वाले बच्चों को सम्मानित करता रहूँगा। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री डा संदीप भाटी, ऋषि प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष, बंटी सिंह लोधी, यशपाल सिंह, बंटी सिंह जादौन, रविन्द्र जादौन आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश: भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा संचालन समिति बैठक का आयोजन हुआ

**मोहम्मद जीशान**

**उत्तर प्रदेश:** चंदौसी रोडवेज निकट संजीवनी पैलेस में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा संचालन समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी मुख्य अतिथि के रूप में रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के समक्ष दीपक प्रज्वलित करके किया गया ।अतिथि का स्वागत फूल माला पहनाकर और पटका पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि जसवंत सैनी ने कहा की आज की कामकाजी बैठक में विधानसभा संचालन समिति के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने कार्य की जानकारी होना अति आवश्यक है।

जिससे वह अपने कार्य को पूर्ण करके भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी परमेश लाल सैनी को



विजयी बनाने का कार्य करेंगे बूथ की संरचना भारतीय जनता पार्टी की अहम कड़ी है और हमें बूथ के प्रत्येक पन्ना प्रमुख से संपर्क कर-के बूथ के मतदाताओं से वोट करने की अपील करनी है। जिससे विधानसभा के सभी बूथों पर वोट प्रतिशतता बढ़ेगी।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक ऐसी सरकार है जो देश के किसी भी नागरिक से ऊँच-नीच की भावना नही रखती है प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अनेको लाभकारी योजनाएं दी है जो सीधे लाभार्थियों को प्राप्त हो रही है। और देश विकास की ले जा रहा है इसीलिए हमे एक बार फिर से मोदी सरकार बनानी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने की उन्होंने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले की सभी विधानसभा इस बार संभल में कमल खिलाने के कार्य करेंगी।

आज के इस कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया।

कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी राकेश चौहान,पंकज गुप्ता, विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर, अनामिका यादव, सुगंधा सिंह, नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, लता कुमारी, राजेश शंकर राजू, ओमवीर सिंह खडगवंशी, सुशील जाटव, बादल सैनी, मनोज दिवाकर, अभिनव शर्मा, डॉ टी एस पाल, हर्षित गौड़, मनोज कठेरिया, आकाश अग्रवाल, सतीश अरोरा, इंदु रानी, राखी सिरोही, गिरीश रतन, तरुण नीरज, मीनाक्षी सागर, रेनू कुमारी, आकाश आहूजा, माधवेन्द्र राघव, मोक्षिका शर्मा, राजश्री अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, योगेश गोल्डन, ऋषभ रस्तौगी, अमित सिंह, राज कुमार ठाकरे, बबिता शर्मा, अतुल उपाध्याय, आलोक शाक्य, निशान्त शर्मा, स्वेता गुप्ता, शीनू गुप्ता, नीलम अरोरा, धारा सिंह, श्रीपाल दिवाकर, शीला सागर, अजय राजबर, अरविंद गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, इंद्रपाल शर्मा, महावीर सिंह, आमोद वार्ष्णेय, ललित मोहन शर्मा, गिर्राज मौर्या, राजू राणा, फूलप्रकाश वार्ष्णेय, क्रांति कुमार, तुषार अग्रवाल, हरेन्द्र कोहली, अनुराग सिंह उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश: मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**राम नारायण पाल**

**उत्तर प्रदेशः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद प्रयागराज में दिनांक 25 मई को मतदान सम्पन्न होना है। मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न तिथियों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे अर्ह मतदाता जिनके द्वारा अब तक पंजीकरण नहीं कराया जा सका है।




उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण कराये जाने एवं आगामी 25 मई को शत-प्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी स्वीप की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन में केन्द्रीय, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता हेतु उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है। हम सबको मिलकर जनपद के अर्ह एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदान तिथि को शत-प्रतिशत मतदान किये जाने हेतु जागरूक करना है। चर्चा के क्रम में स्वीप योजना के अन्तर्गत पूर्व से संचालित कार्ययोजना के अतिरिक्त सभी विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने विभाग की प्रभावी कार्ययोजना 30 मार्च तक तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा है।

विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु दिये गये सुझावों को सम्मिलित करते हुए कार्यवृत्त निर्गत किये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आकाशवाणी, रेल, डाक विभाग, खाद्य एवं रसद, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, खेल, संस्कृति विभाग, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन निगम, पंचायती राज विभाग, युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उपस्थित सभी अधिकारियों, प्रतिनिधियों द्वारा लोकतंत्र के इस महान पर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं समाज में जागरूकता उत्पन्न करने का संकल्प लिया गया। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। पी0एन0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा आभार एवं धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

# राजस्थान: चित्तौड़गढ़ जिले में क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित रोगियों को राहत दिलाने की मांग उठी

**गजेन्द्र सिंह**

**राजस्थानः** चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा मे विधायक चन्द्र कुपलानी ने क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित रोगियों को राहत दिलाने की मांग करते हुए राज्य सरकार से शीघ्र डायलिसिस मशीन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय को राज्य सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा दो डायलिसिस मशीन एवं एक आरओ यूनिट की सौगात मिली है। शीघ्र ही जिला चिकित्सालय को उपलब्ध हो जाएगी। इन डायलिसिस मशीनों के उपलब्ध होने के बाद क्षेत्र के रोगियों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के पीएमओ डॉ. कमलेश बाबेल ने बताया कि क्षेत्र के किडनी रोगी, जिनको वर्तमान में दूसरे शहर जाकर डायलिसिस करवाना पड़ता है। ऐसे रोगियों को शीघ्र ही निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय में सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा जिला



चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के लिए करीब साढ़े 21 लाख रुपये की 2 डायलिसिस मशीन एवं एक आरो यूनिट आवंटित की गई है, जो शीघ्र ही चिकित्सालय में रोगियों के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित रोगियों को राहत दिलाने की मांग करते हुए राज्य सरकार से शीघ्र ही डायलिसिस मशीन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था।

जिला चिकित्सालय में राज्य सरकार द्वारा डायलिसिस मशीन उपलब्ध करवाने पर क्षेत्रवासियों ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मंत्री व विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति आभार व्यक्त किया है ऐसे रोगियों को शीघ्र ही निमबाहेडा जिला चिकित्सालय में सुविधा मिल सकेगी।

# मध्य प्रदेश: अवैध शराब और जुए सट्टे से ग्रामवासी परेशान



**तिरूपति पांडे**

**मध्य प्रदेशः** सनावद से 5 किलोमीटर दूर ग्राम सताजाना में ग्रामवासी अवैध शराब और जुए सट्टे से परेशान हैं। ग्राम सट्टा जाना में अवैध रूप से शराब की बिक्री दो से तीन जगह हो रही है। जिसे पीकर इसका सेवन करने वाले गांव में लोगों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित करते हैं।

जिसका महिलाओं और बच्चों पर गलत असर हो रहा है। वहीं हुए और सट्टे का कारोबार भी फल फूल रहा है। इस अवैध शराब के कारोबार एवं जूऐ सट्टे को बंद करने हेतु ग्राम सत्तजना की महिलाओं द्वारा आज दिनांक 29 ,3 ,2024 को सनावद थाने पर एक ज्ञापन दिया गया जिसमें यह बताया गया कि यह कारोबार पूर्ण रूप से बंद कराया जावे जिससे समाज में फैल रही को कुसंगति से गांव के लोगों को बचाया जा सके। अवैध शराब के कारण गांव के अधिकतर युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं जिससे कई घर बर्बाद हो रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश: चन्द्रशेखर आजाद ने नगीना लोकसभा में दहाड़ लगाई

**दिलेराम**

**उत्तर प्रदेशः** लोकसभा नगीना आजाद समाज पार्टी के प्रत्यशी चन्द्रशेखर आजाद अपने काफि ले के साथ गांव-गांव जाकर प्रचार किया। चन्द्रशेखर आजाद बहुत ही लोकप्रिय होते जा रहे हैं। उनका वर्सस बढ़ता जा रहा है। चन्द्रशेखर के सामने और पार्टी बोकलाई हुई है। चन्द्रशेखर आजाद ने जनता के सामने अपनी बात राखी और कहा बेरोजगारी कानून व्यवस्था देश में हो रहे शोषण अत्याचार घोटाला पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग और मुस्लिम समुदाय शोषण अत्याचार हुआ है।



लोगों को यह बात समझ लेना चाहिए की चन्द्रशेखर आजाद ने काशीराम और बाबा साहब के संघर्षों को अपने शब्दों से कहा कि बाबा साहब ने सबसे बड़ी ताकत हमें वोट की दी है। हमने अपने वोट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। चन्द्रशेखर आजाद ने बाबा साहब के साथ जो घटना घटी उनके संघर्ष को लोकसभा नगीना के क्षेत्रवासियों को बताया। चन्द्रशेखर आजाद ने यह भी कहा कि मैं 16 साल से बहुजन लोगों के लिए मेहनत कर रहा हूँ और मेरे ऊपर काई मुकदमे लगे हैं। मैंने काई आंदोलन करे जहां जहां दलितों का शोषण होता है अत्याचार होता है मैं वहां जाता हूं और मैं काई बार जेल भी गया हूं।

मैं मेरे गोली भी लगी। यह संघर्ष अपने लिए नहीं कर रहा हूं तुम्हारे लिए कर रहा हूँ

मैं डरा नहीं हूँ ना मैं डरने वाला मैं आपके लिए संघर्ष करता रहूंगा। नगीना लोकसभा के क्षेत्रवासियों से कहा कि मैंने यहां बहुत ही बेरोजगारी देखी है नगीने का व्यक्ति दिल्ली मुंबई देहरादून हरिद्वार ऋषिकेश काफी आदी शहरों में काम करने के लिए जाते हैं।

मैं संसद में पहुंच कर नगीना की बेरोजगारी को कम करूंगा। चन्द्रशेखर आजाद ने गांव गुड़ा सराय गांव गांव जखा की नजीबाबाद साव वाला कीरतपुर और परमा वाला मैंने भी जाकर जनता को संबोधित किया। गांव परमा वाला में चन्द्रशेखर आजाद के कार्यकर्ता परमजीत पवन पंकज कुमार सचिन कुमार नरेंद्र कुमार करनाल सिंह अरविंद कुमार गोविंद कुमार नीरज कुमार धनीराम अनुज कुमार गौतम संदीप बोध

आदि कार्यकताओं महनत देखते हुए अपने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया और उनकी तारीफ की। चन्द्रशेखर आजाद ने सभा का समापन करते हैं कहा 19 अप्रैल को केतली पर बटन दबाकर मुझे विजय बनाएं।

## एक नजर

### राजस्थान: कपासन में रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया



**गजेन्द्र सिंह/राजस्थानः** कपासन में तहसीलदार जगदीश बामनिया ईओ भानु प्रताप सिंह जेईएन खेमराज गुर्जर स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगरपालिका कर्मचारी एवं नरेगा कर्मचारी कई महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया।

मेम बैनर पोस्टर के साथ नारे लगा लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही मतदान की शपथ दिलाई नगरपालिका परिसर से आज सोहर में रैली शुरू हुई। रैली नगरपालिका से बस स्टैंड संतोषी माता मंदिर कुम्हार मोहल्ला लोडकिया चौंक सदर बाजार खारी बावड़ी बालाजी मंदिर पुराना बस स्टैंड पांच बत्ती चौराहे श्रीराम मार्केट से बस स्टैंड होते हुए नगरपालिका पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान मौजूद रहे जमादार मुकेश कादोली गीता देवी विजय कोदली कनिष्ठ सहायक नंदलाल मनारिया विशाल कादली जेटीए रोहित पंचोली रोशन शर्मा एसबीएम एम आईएस रिया गर्ग प्राची डिडवानिया उज्जवल दाधीच विशाल कादली प्रकाश शर्मा शीतल देवी मधु देवी कांता देवी माया शंकर ललिता पवार दिनेश भारत राजू नगरपालिका पहुंचकर रैली संपन्न हुई हैं।

### गौतमबुद्ध गठबंधन प्रत्याशी डॉ0 महेंद्र नागर का खुर्जा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**जय प्रकाश शर्मा/उत्तर प्रदेशः** लोकसभा चुनाव 2024 गौतम बुध नगर सीट से सपा प्रत्याशी व इंडिया गठबंधन ने डॉ महेंद्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया है। नगर स्थित मोहल्ला चंद्रलोक कॉलोनी स्थित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र भाटी के आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रत्याशी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।



खुर्जा पहुंचे डॉक्टर महेंद्र नागर का इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष मतलूब अली, गौतम बुध नगर के जिलाअध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व विधायक बंसी सिंह पहाड़िया पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार आम आदमी पार्टी के मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हुकम सिंह प्रधान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र महावर खुर्जा नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरेशी विधानसभा अध्यक्ष ओमराज सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र भाटी जिला सचिव ताहिर सोलंकी जिला सचिव, हेमंत राघव नितेश यादव दानिश कुरेशी आसिफ जमाली शहजाद चौधरी आसिफ कुरेशी डॉ मुकेश कुमार इरफान अंसारी करण चौधरी जनेश राघव कुलदीप प्रधान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजस्थान: पांडोली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से महिला की हुई मौत



**राजेन्द्र सिंह/राजस्थानः** चित्तौड़गढ़ जिले कपासन थाना क्षेत्र उपखंड गांव पांडोली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला के माता-पिता पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। महिला काफी समय से मानसिक हालत ठीक नहीं थी। मुतका काका पाडोली स्टेशन हीरालाल गाडरी ने बताया कि भतीजी कमला 46 पुत्री केसु गाडरी की मानसिकता 20 साल से ठीक नहीं है।

दोपहर बाद घर निकल कर रेलवे लाइन की तरफ निकल पड़ी गांव के रेलवे स्टेशन पास रेलवे पटरी पार कर रहीं थीं इस दौरान किलोमीटर संख्या पर 22/8 के वहां से गुजर रही थी। इस दौरान उदयपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौक पर ही उसकी मौत हो गई थी।

शव को कपासन चिकित्सक मोर्चरी में रखवाया गया है। महिला के काका ने बताया कि उसकी भतीजी के पति की लगभग 7 साल पहले मृत्यु हो गई थी। उसके माता-पिता की 14 साल पहले मौत हो गई थी। इसके कोई संतान नहीं है कमला की शादी होने के बाद ससुराल भी एक या दो बार ही गई थी। वो अपने पीहर में ही रह रही थी।

# हरियाना: नियादी सुविधाएं प्रदान करने हेतु मार्केट कमेटी, सचिव विजय सिंह को ज्ञापन सौंपा

**सतीश**

**हरियाना :** किसान संगठन आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें जिला सचिव डॉ व्रतपाल सिंह व छाजूराम रावत ने इस इलाके की मुख्य फसल सरसों की खरीद का अनाज मण्डी, नारनौल में जायजा लिया। और किसानों की तीन-चार दिनों से सरसों नहीं खरीद होने पर तथा किसान मजदूरों के लिए खाने की कैंटीन सुविधा सहित शीतल पेयजल व बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने हेतु मार्केट कमेटी, सचिव विजय सिंह को ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन में सरकार से अनावश्यक शर्तों कोहटाकर एमएसपी पर रबी फसल की खरीद सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की गई। अनाज मंडी नारनौल में किसान बिरेंद्र सिंह खोड़मा, प्रदीप कुमार कारोता, सलूणी मुकेश कुमारने बताया कि तीन-चार दिनों से नमी बताकर सरसों की खरीद नहीं हो रही व अनाज मंडी में खाना कैंटीन व शीतल पेय जल की कोई सुविधा नहीं है।

जिला प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि यदि 31 मार्च तक रबी की मुख्य फसल सरसों की खरीद पर अनावश्यक शर्तों को हटाकर नहीं खरीदा गया और मण्डी में किसान-मजदूरों के लिए खाना कैन्टीन, शीतल पेय जल सहित बुनियादी सुविधाएं प्रदान नहीं की गई तो दिनांक 1 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मण्डी कार्यालय के समक्ष धरना/ प्रदर्शन कर कृषि मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## हरियाणा: मुख्त्यार सिंह सुख सहायक अपनी 25 वर्षों की निष्कलंक सेवा के बाद आज रिटायर हो गए



**सतीश/हरियाणाः** गांव अटाली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मुख्त्यार सिंह सुख सहायक अपनी 25 वर्षों की निष्कलंक सेवा के बाद आज रिटायर हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थावर सिंह सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस थे अध्यक्षता डीघराम रिटायर्ड मुख्य अध्यापक ने की। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय मुख्य अध्यापक रतन सिंह यादव ने कहा कि मनुष्य कभी भी अपने कार्य से सेवानिवृत नहीं होता।

सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद उसे समाज सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर सरपंच जीतपाल यादव ,ओमप्रकाश छापरा सलीमपुर ,हरपाल, वीरेंद्र सिंह ,सुदेश कुमार, ममता रानी ,रघुवीर पीटीआई ,रोशन लाल तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री से समाज सेवी को मुलाकात का मौका मिला



**शिव कुमार**

**छत्तीसगढ़ः** मुख्यमंत्री से काफी मेहनत के बाद समाज सेवी शिवा प्रधान सन्नी छाजेड़ खेमराज साहू, लक्ष्मण साहू पहलवान रितु प्रधान, को मुलाकात का मौका मिला। धमतरी कुरुद नगरी के अस्पताल में ब्लड बैंक की मांग। वेटिलेटर एम्बुलेंस की मांग।जिला अस्पताल में ब्लड सेंटर में कार्पनेट स्टार्ट कराना जिसमें प्लाज्मा बल्ड उपलब्ध हो जाए। ड्रामा सेंटर खोलने की मांग और विशेष डाक्टर की कमी। कुस्ती संघ एवं कीडा भारती के विषय में चर्चा ।

कुस्ती मेट और कवर गद्दा की मांग। बस स्टैण्ड धमतरी निगम की दुकान बनाने पर चर्चा। नगरी अस्पताल में सोनोग्राफी पर चर्चा। पुलिस बल की मांग तथा थानाओं में पेट्रोलिग गाड़ी की मांग। दिव्यांग बच्चों की भवन के लिए मांग नगरी में। हटकेश्वर परिक्षेत्र साहू समाज के संरक्षक द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को कर्मा जयंती का आमंत्रण दिया गया। नगरी में मानसिक रूप से घुमन्तु बुजुर्ग व्यक्ति के लिए भवन की मांग। सर्व सुविधा युक्त अस्पतालो में आयुष्यान कार्ड को चालु किया जाए। जिससे नार्मल डिलवरी आपरेशन से डिलवरी और कई प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाए। कुस्ती संघ के लिए भवन की व्यवस्था धमतरी में। धमतरी नगरी कुरुद के विकाश के विषय पर चर्चा किया गया।

## मध्य प्रदेश: इंदौर पुलिस ने जप्त की 8 किलो ब्राउन शुगर

**फूलचंद मालवीय**

**मध्य प्रदेशः** इंदौर में परदेसी पुरा पुलिस में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 8 किलो ब्राउन शुगर पड़ी है। पुलिस के सीनियर अधिकारी जल्द मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है, कि डीसपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने यह करवाई की है। टीम को जानकारी मिली थी। की परदेशी पुरा इलाके से ब्राउन शुगर की खेप पहुंचने वाली है। यहा से इसकी सप्लाई इंदौर के रास्ते आसपास के इलाको में की जाएगी।



## उत्तर प्रदेश: लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी मौजूद रहे

**अरशद/उत्तर प्रदेशः** आज वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी जिला अमरोहा में लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर उन्हें बड़ी फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी साथ में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी गण इस मौके पर पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया, प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार भाजपा अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर,जिला अध्यक्ष अमरोहा उदयगिरि गोस्वामी हापुड़ जिला अध्यक्ष, हापुड़ जिला पंचायत अध्यक्ष ,पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ओमप्रकाश गोला,एमएलसी हरी



सिंह ढिल्लो,धनोरा विधायक राजीव तरारा एवं सभी जिला महामंत्री जिला उपाध्यक्ष जिला , नगर पालिका चेयरमैन हसनपुर, नगर पालिका अध्यक्ष अमरोहा, नगर पंचायत सैद नगली, चेयरपर्सन, मंडलों के अध्यक्ष मंडलों के महामंत्री सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# भारत में रोजगार के अवसर

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) तथा मानव विकास संस्थान ने मिलकर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सन 2000 के बाद से भारत में रोजगार के उपलब्ध आंकड़ों का व्यापक विश्लेषण किया गया है। वर्ष 2012 तक यह सर्वे रोजगार और बेरोजगारी के सर्वेक्षणों पर निर्भर था और 2019 से 2022 तक के आंकड़ों के लिए रिपोर्ट ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण को प्राथमिक स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया। चूंकि आंकड़ों के ये स्रोत पहले ही चर्चा का विषय बन चुके हैं इसलिए रिपोर्ट की विषयवस्तु हैः संगठित क्षेत्र में वास्तविक पारिश्रमिक में ठहराव, कृषि रोजगार की ओर वापसी और महिला श्रम भागीदारी दर जो पहले गिर रही थी लेकिन हाल के दिनों में उसमें इजाफा हुआ जिसकी वजह प्रमुख रूप से स्वरोजगार और बिना मेहनताने का घरेलू कामकाज है। जबकि इस बीच बड़ी तादाद में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। आईएलओ ने दो अलग-अलग सर्वेक्षण को एक साथ लाकर अच्छा काम किया है परंतु आंकड़ों की सामान्य उपलब्धता को देखते हुए रिपोर्ट में सबसे अधिक रुचि उसके निष्कर्षों और अनुशंसाओं के कारण है। रिपोर्ट पांच प्राथमिकताओं को चिह्नित करती है। पहली उत्पादन और वृद्धि को और अधिक रोजगार आधारित बनाया जाना चाहिए। दूसरी, रोजगार की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए और इसके लिए प्रवासन और नए दौर के क्षेत्रों मसलन केयर इकॉनमी (अनौपचारिक और अवैतनिक देखभाल की अर्थव्यवस्था मसलन महिलाओं द्वारा घर में किए जाने वाले काम) में निवेश करना होगा तथा श्रम अधिकार सुनिश्चित करने होंगे। तीसरी, श्रम बाजार की असमानताएं जो महिलाओं, युवाओं और हाशिये पर मौजूद समूहों के लोगों को प्रभावित करती हैं, उनके लिए नीतियां तैयार करना। चौथी प्राथमिकता है कौशल प्रशिक्षण और सक्रिय श्रम बाजार नीतियों को बढ़ावा देना। पांचवीं प्राथमिकता है रोजगार को लेकर बेहतर और अधिक आंकड़े। निस्संदेह इनमें से कई अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं। शायद ही कोई होगा जो समय पर और बेहतर आंकड़ों की जरूरत से इनकार करेगा। कुछ आंकड़ों पर जब करीबी नजर डाली जाती है तो सवाल पैदा होते हैं। मसलन असमानता को सीधे तौर पर कैसे हल किया जा सकता है?यह स्पष्ट है कि महिलाओं के घर या कृषि से बाहर रोजगार बढ़ा पाने में कमी कई बार सांस्कृतिक कारणों से भी पैदा होती है और कई अन्य मामलों में ऐसा अनुकूल माहौल तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं की वजह से भी है। इसके लिए बहुत बड़े पैमाने पर सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है।

> पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा। किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा। किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेब साइट पर दशार्ये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है।

# बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे?

-ललित गर्ग-




दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत में युवा- बेरोजगारी की दुखद तस्वीर चिन्तनीय है। भारत को युवा-शक्ति का देश कहा जाता है, युवाओं की संख्या, क्षमता और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया जाता और उन्हें विकास का वाहक बताया जाता है, बावजूद इसके अब अगर देश का युवा बेरोजगारी की समस्या का सामना करते हुए अपने सपनों को टूटते-बिखरते देख रहा है तो यह स्थिति एक त्रासदी एवं विडम्बना ही कहीं जायेगी, इसे सरकार की नाकामी ही मना जायेगा। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी की यह स्थिति मुद्दा क्यों नहीं बन रही है? भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने ह्यइंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024ह्न तैयार की है जिससे उजागर हुए बेरोजगारी के चिन्ताजनक तथ्यों पर गौर करने एवं आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट के निराशाजनक आंकड़े दो तथ्यों को रेखांकित करते हैं-बेहतर भुगतान करनेवाली नौकरियों के आकांक्षी शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में खामियां जिसके चलते बड़ी तादाद में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम हो रहे हैं। दोनों ही स्थितियां सरकार की नीतियों की खामी को ही सामने ला रही है।

ताजा रपट सरकार की नीतियों, विकास एवं आर्थिक उन्नति की विसंगति को ही उजागर कर रही है। जिसमें बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा होगा? इस अहम रपट में उजागर हुए कुछ विरोधाभासी तथ्यों एवं आंकड़ों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सोचने की जरूरत है कि नया भारत एवं विकसित भारत बनने के दौर में विकास के रास्ते में बेरोजगारी एवं युवा-सपनों को आकार देने का क्या हल है?

निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च और मध्यम कौशल केन्द्रित नौकरियों में युवाओं ने बेहतर प्रस्तुति दी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में नौकरी की इनसिक्योरिटी अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। क्योंकि युवाओं में बुनियादी डिजिटल लिटरेसी की कमी भी कायम है। इस वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रपट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ प्रतिशत हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में आते हैं। ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का युवाओं एवं उनके परिवारों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।

भारत की चेतना को नया निखार देने का दायित्व युवापीढ़ी पर माना जा रहा है, उनसे बहुत-बहुत आशाएं है आजादी के अमृतकाल में लेकिन युवाओं के साथ बेरोजगारी एवं आर्थिक अभाव का दंश जुड़ा रहेगा तो देश कैसे आगे बढ़ेगा? वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इससे एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। आखिर क्या कारण है कि देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है? आधी-अधूरी शिक्षा और कौशल-विकास के अभाव की समस्या का सामना करते युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में है? राजनीतिक नारेबाजी में देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। लगता है राजनेताओं के लिये युवा केवल जीत हासिल करने का माध्यम है। सवाल है कि इस विरोधाभासी स्थिति के रहते विकास की राह कहां पहुंचेगी? कैसे युवा अपनी ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग देश विकास में करेंगे? रिपोर्ट के मुताबिक युवा महिलाओं, खासतौर पर हायर सेकेंडरी पास महिलाओं को रोजगार हासिल करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

हाल के वर्षां में कृषि में रोजगार बढ़ा है पर मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी स्थिर है। स्वरोजगार में युवाओं के सामने जटिल प्रशासनिक एवं कानूनी व्यवस्था एक बड़ी बाधा है। जीएसटी की जटिल प्रक्रिया ने व्यापार शुरू करने से पहले ही युवाओं को घुटने टेकने को विवश कर दिया है। इन विरोधाभासी हालातों में विकास परियोजनाओं से ही रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद रहती है। इस क्षेत्र में रोजगार की स्थिरता 2047 तक विकसित भारत बनने के सपने पर पानी फेर सकती है। इसलिए अधिक रोजगार पैदा करने वाली विकास परियोजनाओं को बढ़ाने की चुनौती बरकरार है। हर साल श्रमबल में शामिल होने वाले नए लोग अब बड़ी संख्या में स्वरोजगार और आकस्मिक श्रमिक के रूप में आ रहे है। स्वरोजगार का बढ़ना तो अच्छा संकेत माना जा सकता है पर आकस्मिक श्रमिकों का बढ़ना नहीं। सरकार के मुख्य आर्थिक

# दिल्ली की रावड़ी देवी बन सकती हैं सुनीता......

-राकेश अचल-



भारतीय राजनीति में सत्ता के हस्तांतरण के अनेक रोचक उदाहरण हैं, लेकिन बिहार की श्रीमती रावडी देवी जैसा कोई नहीं। भारत में महिला मुख्यमंत्री होना बड़ी बात नहीं है लेकिन पति के उत्तराधिकार के रूप में मुख्यमंत्री होना एक इतिहास है। भारत के राजनीतिक इतिहास में हमेशा अनूठा रचने वाले बिहार में 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाला में सजा बतौर जेल जाना पड़ा तो उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती रावडी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था। अब यही हालात कमोवेश दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद बन रहे है। अटकलें लगाईं जा रहीं हैं कि यदि केजरीवाल को जमानत न मिली और यदि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा तो श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली की रावडी देवी बनाया जा सकता है।

कहने को तो भारत की पहली मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी रह चुकी हैं, उनके बाद देश के आधा दर्जन राज्यों में महिलाओं ने मुख्यमंत्री पद सम्हाला लेकिन रावडी देवी कोई दूसरा नहीं बन पाया। सुचेता जी 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश देश की मुख्यमंत्री रही। उनके बाद ओडिशा में नंदिनी सत्पथी को एक साल के लिए (1972 -1973) मुख्यमंत्री बनाया गया। उधर गोवा में श्रीमती शशिकला काकोदकर 1973 से 1979 तक मुख्यमंत्री रहीं। उनके पिता दयानद बंदोदकर भी मुख्यमंत्री रह चुके थे। असम में सैयद अनवरा तैमूर को कांग्रेस ने 1980 से 1981 की अवधि के लिए मुख्यमंत्री बनाया। तमिलनाडु में सुश्री जयललिता ने छह बार मुख्यमंत्री बनकर नया कीर्तिमान बनाया। हालांकि उनसे पहले श्रीमती जानकी रामचंद्रन भी एक महीने के लिए तमिलनाडु की पाली महिला मुख्यमंत्री बनाई गयी थीं।

उत्तर प्रदेश में बसपा की मायावती ने पांच बार मुख्यमंत्री बनकर जय ललिता का मुकाबला करने की कोशिश की। श्रीमती राजकुमार भट्टल भी 1996 से 1997 के बीच पंजाब की पहली मुख्यमत्री बनी। देश को पहली रावडी देवी 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में मिलीं और वे 2005 तक मुख्यमंत्री रहीं। उन्हें ये पद अपने पति से उत्तराधिकार में मिला था। सुषमा स्वराज को भी १९९८ में तीन माह के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला, लेकिन दिल्ली को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती शीला दीक्षित (1998 से 2013) ही मिलीं। वे लगातार दो बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

श्रीमती शीला दीक्षित के बाद मप्र में 2003 में उमा भारती, राजस्थान में बसुंधरा राजे और बंगाल में ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री का पद सम्हाला। जम्मू-कश्मीर में मेहबूबा मुफ़्ती और गुजरात में ये सौभाग्य श्रीमती आनंदी बेन पटेल को मिला। लेकिन इनमें से कोई भी रावडी देवी की तरह मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। कुछ सीधे अपने चेहरे के आधार पर चुनाव लड़कर मुख्यमंत्री बनीं और कुछ को राजनीतिक परिस्थितियों के तहत मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया गया। मौजूदा समय में दिल्ली में एक बार फिर ऐसी परिस्थितिया बन रहीं हैं की मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया जाये।

देश की पहली रावडी देवी एकदम घरेलू महिला थी। उनकी शिक्षा भी सांकेतिक थीं। वे पहले कार्यकाल में तो गूंगी गुड़िया बनकर रहीं थीं, लेकिन यदि श्रीमत सुनीता केजरीवाल दूसरी रावड़ी बनतीं हैं तो वे उच्च शिक्षित हैं। वे आईआरएस हैं। सुनीता को 20 साल से ज्यादा सिविल सर्विबस का भी अनुभव है। सुनीता केजरीवाल ने जूलॉजी में मास्टर्स डिग्री हास?िल की हैवे 1993 बैच की आईआरएस आईआरएस अधिकारी सुनीता की पहली मुलाकात उस दौरान 1995 बैच के आईआरएस अधिकारी अरविंद केजरीवाल से भोपाल में हुई. दोनों ही एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले, बाद में इसी मुलाकात की परिणति शादी में बदल गई. इसके बाद जब अरविंद केजरीवाल ने साल 2006 में आईआरएस के पद से इस्तीफा दिया था तब भी सुनीता सिविल सर्विस में रहीं। इस समय वे अपने पति की गैरमौजूदगी में अघोषित रूप से दिल्ली की सरकार चला रहीं हैं।

# चीनी रक्षा बजट : भारत को सतर्क रहना होगा

-लक्ष्मी शंकर यादव-

भारत व अमेरिका से लगातार चल रहे तनाव के बीच चीन ने एक बार फिर से अपने रक्षा बजट में भारी भरकम बढ़ोतरी की है। चीन ने 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्श 2024 का रक्षा बजट 1.67 ट्रिलियन युआन अर्थात 232 अरब डॉलर कर दिया है। चीनी रक्षा बजट की यह वृद्धि बीते पांच सालों में सबसे ज्यादा है। चीन ने अपने वित्त मंत्रालय की सालाना रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया है कि वह दुनिया में अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे अधिक खर्च करने वाला दूसरा देश है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र में 5 मार्च को आधिकारिक रक्षा बजट के आंकड़े की घोषणा की गई। अनेक विदेशी विशेषज्ञों का मानना है कि यह धनराशि सत्तासीन कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा किए गए खर्च का केवल एक अंश है। 232 अरब डॉलर का चीनी रक्षा बजट भारतीय रु पयों में 19.23 लाख करोड़ रु पए से ज्यादा है। चीन की तुलना में भारत का 2024-25 के लिए घोषित रक्षा बजट 621541 करोड़ रु पए है। इस हिसाब से देखा जाए तो चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से तीन गुना से भी ज्यादा है। चीन ने वर्ष 2023 में भी अपना रक्षा बजट 7.2 फीसद बढ़ाया था। इससे चीन का रक्षा बजट बढ़कर 1550 अरब युआन अर्थात 225 अरब डॉलर तक हो गया था। इससे पहले वर्ष 2022 में चीन ने अपना रक्षा बजट 7.1 फीसद बढ़ाया था। तब यह 1450 अरब युआन था। कुल मिलाकर तथ्य यह है कि चीन अपने रक्षा बजट में पिछले नौ वर्षो से लगातार इजाफा कर रहा है। दरअसल, चीन की योजना यह है कि वह अपनी सेना को विश्व की नम्बर एक सेना बना दे। चीन ने अपना रक्षा बजट ऐसे समय बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था काफी बुरे दौर से गुजर रही है। चीन इससे पहले भी आर्थिक संकट से घिरा हुआ था, लेकिन इस बार मामला ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक परेशानी वाले काल से गुजर रहे हैं। चीन की तेज आार्थिक ग्रोथ में लंबे समय तक वहां की प्रॉपर्टी सेक्टर की विषेश भूमिका रही है, लेकिन इधर काफी समय से प्रॉपर्टी सेक्टर की कुछ कंपनियां दिवालिया हो गई हैं और सरकार इन्हें उबारने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ साल 2024 के लिए चीन का रक्षा बजट पिछले कई वर्षो में सबसे ज्यादा है। ऐसे में चीन के द्वारा की गई रक्षा बजट की बढ़ोतरी उसके सैन्य इरादों को स्पष्ट करती है। जिनपिंग ने अपनी सेना को वर्ष 2027 तक विस्तरीय सेना बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा यह भी लक्ष्य निर्धारित है कि चीनी सेना को वर्ष 2035 तक पूरी तरह से अत्याधुनिक बना दिया जाए। इसी वजह से चीन अपना रक्षा बजट लगातार बढ़ा रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति जिनपिंग यह नहीं चाहते कि उनके सैनिकों को युद्ध लड? में अधिक मेहनत करनी पड़े। इसीलिए चीन अत्याधुनिक हथियार, मजबूत थियेटर कमांड, स्टील्थ तकनीक व लड़ाकू तकनीक के क्षेत्र में अधिक पैसा लगा रहा है। इनके विकास के बाद युद्ध में विजय दिलाने का काम लड़ाकू जेट विमान, ऑटोनॉमस हथियार व अत्याधुनिक मिसाइलें कर देंगे। हाल के वर्षो में चीन ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कई बड़े सैन्य सुधार किए हैं। इन सुधारों के तहत उसने दूसरों देशों में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए नौसेना और वायुसेना को प्राथमिकता देते हुए उनका विस्तार किया। अब चीन नई रोबोट आर्मी तैयार कर चुका है और इसकी तैनाती भी भारतीय सीमा के नजदीक करनी शुरू कर दी है। चीन अपनी इसी रक्षा नीति पर चलते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ दुनिया की सबसे बड़ी नौसैन्य ताकत बन रहा है। विगत दो तीन वर्षो में चीनी नौसेना में जितने युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल की गई हैं उतने शायद अमेरिका की नौसेना में न हों। इतने हथियारों की बढ़ोतरी के बाद भी उसकी भूख कम नहीं हुई है। चीन की रक्षा ताकत बढ़ाने वाली यह नीति आने वाले समय में विश्व को नए युद्ध में धकेलने में देर नहीं लगाएगी। इन योजनाओं के पीछे कारण यही है कि चीन का अमेरिका, ताइवान, जापान व भारत के साथ जारी तनाव और हिन्द महासागर व दक्षिण चीन सागर में मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में उसका सैन्य पक्ष कमजोर न पड़े। चीन के नीति नियंताओं के मुताबिक सेना को अत्याधुनिक बनाये जाने के फोकस को देखते हुए रक्षा बजट बढ़ाया गया है। चीन अपना दबदबा बढ़ाने के लिए नौसेना की पहुंच को समुद्री क्षेत्रों में फैला रहा है। इस साल के रक्षा बजट का मुख्य जोर नौसेना के विकास पर रहेगा क्योंकि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर पर उसके दावे तथा समुद्री आवागमन के लिहाज से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है।

# भारत को अमरीका का हस्तक्षेप मंजूर नहीं

-योगेंद्र योगी-

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में अमरीका को उसी के लहजे में सख्त जवाब देकर भारत ने बता दिया है कि भारत के अंदरूनी मामलों में किसी भी देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वे मित्र देश ही क्यों न हों। कड़ा जवाब देकर भारत ने अमरीका को यह भी समझा दिया कि दोस्ती की आड़ में बांह मरोड? का प्रयास दोनों देशों के रिश्तों में दरार डाल सकता है। ऐसा करने पर भारत-अमरीका के रिश्तों पर फर्क पड़ सकता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की गईं कुछ टिप्पणियों के विरोध में अमरीका के एक वरिष्ठ राजनयिक को भारत द्वारा तलब किए जाने पर वाशिंगटन ने दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमरीका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमरीकी दूतावास की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब किया था, अमरीकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित करार देते हुए कहा था कि उसे अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है और वह इन्हें किसी भी प्रकार के अनावश्यक बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अमरीकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बारबेना को तलब किया था। मंत्रालय ने कहा था कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमरीकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक-दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। अगर दो देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है, नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल मुद्दे पर अमरीका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमरीका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी मुद्दे पर भारत ने अमरीका के साथ ही जर्मनी को करारा जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली स्वतंत्र है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित जर्मन दूतावास मिशन के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया। भारत ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने अमरीका की सुनने से इंकार कर दिया। इससे पहले अमरीका निवासी खालिस्तानी आतंकी गुरवंत सिंह पन्नू के मामले में भी भारत ने अमरीका को सख्त लहजे में समझाते हुए दर्शा दिया था कि भारत विरोधी कार्रवाई को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

भारत की दोस्ती को अमरीका कमजोरी नहीं समझे। अमरीकी अफसरों ने दो भारतीय नागरिकों पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। निखिल गुप्ता और एक अनाम सरकारी अधिकारी पर यह आरोप लगाए थे। अमरीका का यह भी दावा है कि यही आरोपी हरदीप सिंह निज्जर के मर्डर की प्लानिंग में भी शामिल थे। इसको लेकर न्याय विभाग ने मैनहैटन अदालत में अभियोग (आरोप पत्र) दर्ज किया था। भारत ने इस मुद्दे पर करारा जवाब देते हुए अमरीका को अपनी जमीन से भारत विरोधी गतिविधियां संचालित करवाने का आरोप लगाया था। इसी तरह भारत ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा और अमरीका को कड़ा जवाब दिया था। हालांकि इस मुद्दे पर अमरीका ने सीधे कोई हस्तक्षेप नहीं किया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के निज्जर की हत्या करवाने के आरोपों को खारिज करते हुए करीब दो दर्जन से ज्यादा डिप्लोमेट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए अपनी बदली हुई विदेश नीति से वाकिफ भी करा दिया था। भारत के ऐसे सख्त रवैये से कनाडा भौंचक्का रह गया। टूडो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत ऐसा रवैया भी अख्तियार कर सकता है। भारत ने कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। भारत पर लगाए निज्जर की हत्या के आरोपों को कनाडा साबित नहीं कर सका। केवल सिक्ख वोट बैंक पाने के लिए कनाडा ने भारत पर यह आरोप लगाया था।

इसी तरह भारत ने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप को लेकर तुर्की की भी खिंचाई की थी। कश्मीर के मुद्दे पर भारत-तुकीर्ये एक बार फिर से आमने-सामने आ गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्किये ने कश्मीर में मानवाधिकारों को लेकर सवाल उठाया और भारत को घेरने का प्रयास किया था। हालांकि, राइट टू रिप्लाई के तहत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने तुर्किये को जवाब देते हुए कहा कि हमें दुख है कि तुर्किये ने भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी की। उम्मीद है कि वह आगे इस तरह के गैर-जरूरी बयान से बचेगा। वैसे तुर्किये द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाना कोई पहला वाक्या नहीं है। तुर्किये पहले भी कई बार कश्मीर का राग अलाप चुका है। भारत ने हर बार तुर्की को इसी तरह जवाब दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि अमरीका की पूरे विश्व में अब कोई नहीं सुन रहा है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# योगेश महनसरिया कहते हैं, दूसरी बार के संस्थापकों के लिए यात्रा आसान, लेकिन सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए

**नई दिल्ली।** महनसरिया टायर्स के प्रबंध निदेशक योगेश महनसरिया के अनुसार, उद्यमिता में दूसरा उद्यम शुरू करने का रास्ता आसान है, फिर भी इसके लिए उभरते बाजार की गहरी समझ और उत्पाद में प्रासंगिक मूल्य जोड़ने की प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। प्राइवेट लिमिटेड, जिन्होंने बाजार की गतिशीलता के साथ अद्यतन रहने के महत्व पर जोर दिया।

महनसरिया ने मिंट इंडिया इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में अपने संबोधन के दौरान सलाह दी, "बाजार गतिशील है और हर दिन बदलता है...आपको खुद को गति में लाने के लिए प्रयास करना चाहिए।"

टायर निमार्ता बालकृष्ण इंडस्ट्रीज में एक दशक की लंबी पारी के बाद, महनसरिया ने 2007 में उद्यमिता में कदम रखा।

निजी इक्विटी फर्म वारबर्ग पिंकस द्वारा समर्थित, उन्होंने 2007



में इजराइल स्थित ऑफ-हाइवे टायर निमार्ता एलायंस टायर ग्रुप का अधिग्रहण किया। अप्रैल 2013 में, केकेआर ने वारबर्ग पिंकस की हिस्सेदारी खरीदी और एलायंस टायर ग्रुप को जापानी योकोहामा द्वारा अधिग्रहित किया गया। जुलाई 2016 में रबर कंपनी।

जब आप कुछ बनाना शुरू करते हैं, तो बाहर निकलना आपके दिमाग में नहीं होता है, या यह आपके दिमाग में नहीं होना चाहिए। ध्यान एक बेहतरीन व्यवसाय बनाने पर होना चाहिए जो समय के साथ टिक सके। 2007 में, हमने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि एक मजबूत व्यवसाय कैसे बनाया जाए और हमने इसे आकार और पैमाने पर बढ़ाया। जब योकोहामा ने हमसे संपर्क किया, तो यह कंपनी के लिए एक स्थायी घर बनाने का सही समय था," उन्होंने कहा।

भारत के ऑफ-रोड टायर बाजार में संभावनाओं को देखते हुए, महनसरिया ने योकोहामा के साथ तीन साल के गैर-प्रतिस्पर्धा खंड के बाद इस क्षेत्र में फिर से प्रवेश किया। तब से उन्होंने टायर उद्योग में विनिर्माण अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से दो उद्यम, महनसरिया टायर्स प्राइवेट लिमिटेड (एमटीपीएल) और एसवाईएएम ट्रेलेबॉर्ग टायर्स एलएलपी (एसटीटीएल) शुरू किए हैं।

वर्ष 2022 में महनसरिया समूह के एक प्रभाग रीज मोटो की शुरूआत हुई, जिसने ऑफ-रोड और ऑन-रोड प्रदर्शन दोनों के लिए डिजाइन की गई मोटरसाइकिल और स्कूटर टायरों की एक श्रृंखला के साथ दोपहिया सेगमेंट में प्रवेश किया।

अगर हम एक नई व्यवसाय लाइन में गए होते, तो हमारे पास सीखने का समय लंबा होता लेकिन पहली बार उद्यमियों की तुलना में कम होता। किसी व्यवसाय में उद्यमियों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है उनमें से कई सेक्टर-अज्ञेयवादी होती हैं जैसे कि वित्त, मानव संसाधन आदि। पूंजी खोजने में एक फायदा है क्योंकि निवेशकों ने आपका ट्रैक रिकॉर्ड देखा है," महनसरिया ने कहा।

फ्रंट एंड पर एक परिष्कृत उत्पाद रेंज हासिल करने के लिए, महनसरिया ने भारत की प्रतिस्पर्धी लागत और इंजीनियरिंग क्षमताओं का लाभ उठाया। उनका मानना है कि किसी कंपनी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत प्रबंधन टीम और महत्वपूर्ण पूंजी निवेश महत्वपूर्ण हैं।

बढ़ते वैश्विक संरक्षणवाद के बावजूद, एक विश्वसनीय भागीदार और उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं और सेवाओं के निमार्ता के रूप में भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता को देखते हुए उन्होंने कहा, "हम पहले की तुलना में काफी बड़े काम करने की कोशिश कर रहे हैं।"

# RBI ककार्यालयों में विनिमय जमा एक अप्रैल को उपलब्ध नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के नोट बदलने या जमा करने की सुविधा 1 अप्रैल को उपलब्ध नहीं होगी।केंद्रीय बैंक ने विनिमय और जमा सेवाओं की अनुपलब्धता के पीछे "खातों के वार्षिक समापन" से संबंधित कार्यों को कारण बताया। यह सुविधा मंगलवार को फिर से शुरू हो जाएगी।हाल ही में वापस लिए गए 2000 रुपये के नोटों में से लगभग 2.4 प्रतिशत बैंक शाखाओं में जमा करने या बदलने की समय सीमा समाप्त होने के लगभग छह महीने बाद भी प्रचलन में हैं।इसका अनिवार्य रूप से मतलब यह था कि उच्च मूल्य वाले 2000 रुपये के बैंकनोटों के कुल मूल्य का 97.6 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए थे।जनता के लिए एक्सचेंज का लाभ उठाने या बैंकों में उच्च मूल्य वाले 2000 रुपये के बैंकनोट जमा करने का



अंतिम दिन शनिवार (7 अक्टूबर) था।19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जिस दिन आरबीआई ने बैंक नोट को वापस लेने का फैसला किया था।

29 फरवरी तक यह घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है. 2000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।विशेष रूप से, 2000 रुपये के बैंक नोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के वे 19 इश्यू कार्यालय अहमदाबाद, बैंगलोर, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं।देश के भीतर से जनता के सदस्य भारत में अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी जारी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज सकते हैं।2000 रुपये का बैंक नोट नवंबर 2016 में पेश किया गया था, मुख्य रूप से उस समय प्रचलन में सभी 500 रुपये और 1000 रुपये के बैंक नोटों की कानूनी निविदा स्थिति को वापस लेने के बाद अर्थव्यवस्था की मुद्रा आवश्यकताओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए।अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट शुरू करने का उद्देश्य पूरा हो गया।

# चेरी की लक्सीड एस7 प्रीमियम ईवी की बड़े पैमाने पर डिलीवरी शुरू- हुआवेई

**बीजिंग।** चीनी प्रौद्योगिकी दिग्गज हुआवेई और चेरी ऑटो द्वारा विकसित लक्सीड एस7 इलेक्ट्रिक सेडान ने सेमीकंडक्टर की कमी और उत्पादन समस्याओं के कारण उत्पादन और डिलीवरी में देरी के बाद बड़े पैमाने पर डिलीवरी शुरू कर दी है, हुआवेई के एक कार्यकारी ने शनिवार को कहा। हुआवेई के स्मार्ट कार सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष रिचर्ड यू ने वीबो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, "बड़ी संख्या में लक्सीड एस7 वाहन पहले ही



उत्पादन लाइन से बाहर हो चुके हैं और अब ग्राहकों को डिलीवरी के लिए ले जाए जा रहे हैं।"स्थानीय मीडिया ने इस महीने रिपोर्ट दी थी कि हुआवेई ने कहा था कि प्रीमियम ब्रांड इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) वितरित करने में आने वाली समस्याओं को अप्रैल से हल किया जाना चाहिए।

जनवरी में रिपोर्ट दी थी कि चेरी ने हुआवेई के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि कैसे तकनीकी कंपनी द्वारा बनाई गई कंप्यूटिंग इकाई के साथ उत्पादन समस्याओं के कारण वाहनों की डिलीवरी में देरी हुई है।R7 सेडान - चेरी के लक्सीड ईवी ब्रांड का पहला मॉडल - के 28 नवंबर तक लगभग 20,000 ऑर्डर थे। इसकी कीमत 249,800 युआन ($34,600) है।हुआवेई का राजस्व 2023 में चार वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ा, इसके उपभोक्ता खंड में उछाल और स्मार्ट कार घटकों जैसे नए व्यवसायों से आय ने अमेरिकी प्रतिबंधों से इसकी वसूली को तेज कर दिया। पिछले साल हुआवेई ने घोषणा की थी कि वह स्मार्ट कार इकाई को एक नई कंपनी में बदल देगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यू ने इस महीने कहा कि पिछले साल अरबों युआन के नुकसान के बाद अप्रैल से यूनिट को लाभ होने की संभावना है।

# आईपीओ से 70,000 करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां 2024-25 में शेयर बाजारों में तेज उछाल का मिलेगा

**नई दिल्ली।** कंपनियां 2024-25 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 70,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं।?2023-24 में कंपनियों ने आईपीओ से 62,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। शेयर बाजार की तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसलिए, इसका फायदा इश्यू लाने वाली कंपनियां उठा सकती हैं। विदेशी निवेशक भी बाजार में अच्छी खासी रकम निवेश कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 19 कंपनियां मिलकर 25,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की




मंजूरी मिल चुकी है। 37 कंपनियां इश्यू से 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इन्होने सेबी के पास मसौदा जमा कराया है। सभी कंपनियां सेबी से मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।?

कुल 56 कंपनियों में से नौ कंपनियां नए जमाने की टेक सेक्टर की हैं। ये करीब 21,000 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिये जुटा सकती हैं। अगले वित्त वर्ष में आईपीओ की रफ्तार तेज रहने की उम्मीद है। बड़ी कंपनियां भी बाजार में उतरने वाली हैं। इसमें टाटा कैपिटल से लेकर बिग बॉस्केट तक शामिल हैं।

**इसलिए आएगी तेजी...**आईपीओ को जिस वजह से तेजी मिलेगी, उनमें घरेलू पूंजी में वृद्धि, बेहतर गवर्नेंस, एफडीआई समर्थन के साथ अनुकूल सरकारी नीतियां और संस्थागत निवेशक शामिल हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आम चुनाव के बावजूद अप्रैल व मई में कुछ आईपीओ लॉन्च होते दिखेंगे।

**टाटा इलेक्ट्रिक भी दौड़ में...**टाटा समूह अपनी इलेक्ट्रिक कंपनी को बाजार में लिस्ट कराने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक रकम का खुलासा नहीं हुआ है। स्विगी भी बाजार में उतरने वाली है।

# अमेजॉन, टाटा स्टील, बार्कलेज सहित 200 कंपनियां आईआईएम रोहतक में प्लेसमेंट कैंप करेगी आयोजित

**रोहतक।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक ने अपने प्रमुख पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 13वें बैच के लिए प्लेसमेंट का अंतिम दौर संपन्न किया। बिजनेस स्कूल ने बताया कि प्लेसमेंट में 200 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें अमेजॉन, टाटा स्टील, बार्कलेज आदि जैसी शीर्ष कंपनियां शामिल थीं। इसके अलावा, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, ब्लूमबर्ग और डेकाथलॉन जैसी लगभग 70 कंपनियां आईआईएम रोहतक से पहली बार भर्ती करने वाली थीं। ह्लसंस्थान का कार्यक्रम शुल्क देश में आईआईएम प्रणाली के भीतर सबसे कम है। इसलिए, आईआईएम रोहतक निवेश पर सर्वोत्तम रिटर्न के साथ एक शीर्ष बी स्कूल है, "आईआईएम रोहतक के डीन प्रोफेसर कौस्ताब घोष ने आईआईएम रोहतक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कहा।

आईआईएम रोहतक ने एडोब, आदित्य बिड़ला, टाटा स्टील, अमेजॉन, बार्कलेज, टाटा स्टील, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट और आईसीआईसीआई बैंक जैसे अपने नियमित भर्तीकताओं के साथ प्लेसमेंट पूरा किया। बिजनेस स्कूल ने बताया कि सेल्स और मार्केटिंग शीर्ष दो डोमेन थे, जिनमें कंपनियों



की सबसे ज्यादा दिलचस्पी थी। बयान में कहा गया है कि कुल भर्तियों में से 30% सेल्स और मार्केटिंग डोमेन से की गईं, जबकि जनरल मैनेजमेंट और एचआर 27% के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अन्य डोमेन जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया वे उत्पाद प्रबंधन, आईटी और ऑपरेशंस थे, जिनका कुल प्लेसमेंट में 20% हिस्सा था और बीएफएसआई और फिनटेक डोमेन ने 15% उम्मीदवारों को नियुक्त किया।

आईआईएम रोहतक की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छात्रों को दिया जाने वाला औसत पैकेज ?19.27 लाख प्रति वर्ष (एलपीए) का सीटीसी था। बिजनेस स्कूल ने बताया कि शीर्ष 10% उम्मीदवारों को ?37.25 एलपीए पैकेज मिला। 19.27 एलपीए पर औसत सीटीसी, पिछले वर्ष के औसत से 3% साल-दर-साल वृद्धि दशार्ता है, जो 18.73 एलपीए पर था। बैच के शीर्ष 10% को औसतन 37.25 एलपीए प्राप्त हुआ, और शीर्ष 25% और 50% को क्रमशः 29.28 एलपीए और 24.13 एलपीए की औसत पेशकश की गई, "आईआईएम रोहतक ने कहा।

आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने कंपनियों द्वारा नियुक्त छात्रों के विविध समूह के बारे में विस्तार से बताया और उद्योग में उनके प्रासंगिक कौशल पर जोर दिया। प्रोफेसर धीरज शर्मा ने रेखांकित किया कि प्लेसमेंट में बड़ी संख्या में वफादार भर्तीकताओं का अनुभव हुआ, जिन्होंने उम्मीदवारों को उनके कौशल के अनुसार सर्वोत्तम पैकेज की पेशकश की।

# केंद्र ने SC के आदेश से तीन दिन पहले 10,000 चुनावी बांड की छपाई को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा बांड को "असंवैधानिक" घोषित करने से तीन दिन पहले, वित्त मंत्रालय ने एसपीएमसीआईएल (भारतीय सुरक्षा मुद्रण और मुद्रा निगम) द्वारा ?1 करोड़ मूल्य के 10,000 चुनावी बांड की छपाई के लिए अंतिम मंजूरी दे दी थी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने शीर्ष अदालत के आदेश के दो सप्ताह बाद 28 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक को बांड की छपाई पर "तुरंत रोक लगाने" का निर्देश दिया। 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने 2018 चुनावी बांड कार्यक्रम को अमान्य कर दिया। सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने एसबीआई को एक निश्चित तिथि तक चुनावी बांड के बारे में सभी जानकारी भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को प्रदान करने का आदेश दिया।

चुनाव आयोग ने 14 मार्च को डेटा के दो सेट अपलोड किए - एक कंपनियों द्वारा बांड खरीद की डेटा-वार सूची के साथ और दूसरा राजनीतिक दलों द्वारा बांड भुनाने वाली जमा राशि की सूची के साथ। सुप्रीम कोर्ट ने यह देखने के बाद




एसबीआई को नोटिस जारी किया कि उसने चुनावी बांड नंबरों का खुलासा नहीं किया है, भले ही उसने अपलोडिंग के लिए डेटा वापस करने के ईसीआई के अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। इसके बाद, शीर्ष अदालत ने एसबीआई को "अद्वितीय संख्या" के साथ चुनावी बॉन्ड डेटा प्रदान करने में विफल रहने के लिए नोटिस भेजा।

यह एसबीआई की ओर से एक अपील पर सुनवाई कर रहा था कि प्रत्येक चुनावी बांड पर मुद्रित विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक कोड का खुलासा न किया जाए और इसका उपयोग राजनीतिक दलों को दानदाताओं से जोड़ने के लिए किया जाता है।

भारत के चुनाव आयोग ने 21 मार्च को "अनूठे नंबरों" के साथ चुनावी बांड डेटा की अपनी तीसरी सूची जारी की। भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी निकाय को डेटा प्रदान किया था। बांड के विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक के कारण, जनता बांड खरीदार को प्राप्तकर्ता की राजनीतिक संबद्धता से जोड़ने में सक्षम थी।

अप्रैल 2019 में, सरकार ने कहा कि चुनावी बांड, गुमनाम राजनीतिक योगदान के लिए, जालसाजी निवारक के रूप में एक सीरियल नंबर शामिल करते हैं। हालाँकि, यह स्पष्ट किया गया कि यह क्रमांक सरकारी संस्थाओं सहित सभी के लिए पहुंच योग्य नहीं है।

# सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

आरबीआई रिपोर्ट की खास बातें पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

**भारत के गोल्ड रिजर्व में जबरदस्त बढ़ोतरी** ...आरबीआई का कहना है कि 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद



भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई को कहना है कि इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौन विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568.264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

# मुंबई महानगर क्षेत्र भारत का सबसे मूल्यवान रियल एस्टेट बाजार

**मुंबई ।** भारत का सबसे मूल्यवान रियल एस्टेट बाजार, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) वर्तमान में एंड-यूजर मांग में वृद्धि का अनुभव कर रहा है, जो निरंतर बिक्री गति का वादा करता है। हालाँकि, मिंट इंडिया इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में हुई चर्चा के अनुसार, यह आशावाद संपत्ति की बढ़ती कीमतों और परियोजना निष्पादन जोखिमों पर चिंताओं से कम हो गया है। "मुंबई रियल एस्टेट का उल्लेखनीय उदय" शीर्षक वाले सत्र में, पैनलिस्टों ने लगभग सात वर्षों की मंदी के बाद बाजार के पुनरुत्थान पर एक तेजी का दृष्टिकोण साझा किया।"आज हर वर्ग में घर खरीदार हैं। कोविड के बाद लोग समझते हैं कि रियल एस्टेट ही असली पैसा और वास्तविक निवेश है। महामारी के बाद एक अच्छे घर की आवश्यकता स्पष्ट हो गई है। अर्थव्यवस्था में शानदार वृद्धि ने इसमें मदद की है।" हबटाउन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक व्योमेश शाह ने कहा। महामारी के बाद के बाजार की गतिशीलता को दशार्ते



हुए, एनारॉक ग्रुप के डेटा ने 2023 में भारत के शीर्ष सात शहरों में बिक्री में साल-दर-साल 31% की वृद्धि का संकेत दिया, जिसमें एमएमआर लगभग 153,870 इकाइयों की बिक्री के साथ अग्रणी रहा। यह पुनरुत्थान क्षेत्र की मजबूत रिकवरी और राष्ट्रीय रियल एस्टेट परिदृश्य में इसकी प्रमुख हिस्सेदारी को उजागर करता है।

लियासेस फोरास रियल एस्टेट रेटिंग एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा कि मुंबई में उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) की संख्या सबसे अधिक है। महामारी के बाद घरों के उन्नयन की मांग की गई है। लोग बड़े, प्रीमियम घर खरीदना चाहते हैं। सात साल की स्थिरता के बाद, संपत्ति की कीमतें उत्पादक हो गई हैं और वे आगे बढ़ने लगी हैं। कपूर ने कहा, "उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ा है क्योंकि वे जानते हैं कि बिल्डर्स उस तरह से डिफॉल्ट नहीं करेंगे जैसा कि पहले हुआ है।"

पैनलिस्टों ने एमएमआर में बिक्री बढ़ाने में प्रीमियम और लक्जरी परियोजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया, जिससे क्षेत्र के भीतर और बाहर स्थापित डेवलपर्स की रुचि आकर्षित हुई। एनारॉक ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक और शोध प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने समय पर परियोजनाओं को पूरा करने और अंतिम उपयोगकताओं की पर्याप्त मांग को पूरा करने की दिशा में आरईआरए के बाद के बदलाव पर प्रकाश डाला। 2023 की आखिरी तिमाही में प्रमुख आवासीय मूल्य वृद्धि के लिए नाइट फ्रैंक के प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स में मुंबई का रियल एस्टेट बाजार तीसरे स्थान पर है, जो समृद्ध खरीदारों के बीच जीवनशैली उन्नयन की मजबूत मांग का संकेत देता है, जो अतीत में शहर की 10% मूल्य वृद्धि के पीछे प्राथमिक चालक है। 12 महीने।

शाह ने मुंबई बाजार के भीतर सामर्थ्य की बारीकियों पर चर्चा की, सुझाव दिया कि किफायती आवास पर सरकारी नीतियां विभिन्न स्थानों पर विविध आर्थिक परिदृश्यों के अनुकूल होनी चाहिए।

चर्चा में रियल एस्टेट क्षेत्र में कॉर्पोरेट प्रवेशकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा हुई, शाह ने स्थानीय स्तर पर स्थापित डेवलपर्स के प्रतिस्पर्धी लाभ पर जोर दिया। कपूर ने कहा कि हालांकि कॉर्पोरेट डेवलपर्स ने कुछ हद तक विश्वास हासिल कर लिया है, लेकिन रियल एस्टेट मूल रूप से एक स्थानीय व्यवसाय बना हुआ है, जिसमें प्रोजेक्ट डिलीवरी की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण चुनौती है। चूंकि एमएमआर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और बेंगलुरु जैसे क्षेत्रों को पीछे छोड़ते हुए बिक्री और लॉन्च दोनों में आगे है, पैनलिस्टों ने विकास के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण, बुनियादी आर्थिक संकेतकों और सट्टा मूल्य निर्धारण के जोखिमों को ध्यान में रखते हुए आह्वान किया। मुंबई एक अनुशासित बाजार रहा है लेकिन हमें मूल्य निर्धारण के मामले में अपने बुनियादी सिद्धांतों से आगे नहीं बढ़ना चाहिए। बिल्डर के नेतृत्व वाली सबवेंशन योजनाएं उन खरीदारों को बाजार में प्रवेश करने के लिए लुभाती हैं, जो लंबी अवधि तक टिकने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और भुगतान करने की क्षमता नहीं रखते हैं।

# मेरा सबसे अच्छा निवेश शार्क टैंक जज गजल अलघ की मामाअर्थ में था : शिल्पा शेट्टी कुंद्रा

**मुंबई।** शुक्रवार को मिंट इंडिया इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में बॉलीवुड अभिनेता और उद्यमी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा, मेरे द्वारा किया गया सबसे गौरवपूर्ण निर्णय मामाअर्थ में निवेश करना था। कुंद्रा, जिनके निवेश पोर्टफोलियो में कई कंपनियां हैं, जैसे एग्रीटेक स्टार्टअप किसनकनेक्ट, और 100 प्रतिशत पोषण, मुंबई स्थित एक फर्म जो विकेडगुड ब्रांड के तहत स्वस्थ खाद्य उत्पाद बेचती है, साथ ही अपने स्वयं के स्वास्थ्य और फिटनेस ऐप सिंपल सोलफुल के साथ, मामाअर्थ को गिनती है। उनका अब तक का सबसे सफल निवेश दांव। कुंद्रा ने 'ब्रांड एंबेसडर के माध्यम से स्टार्टअप को बढ़ावा देना' शीर्षक से एक फायरसाइड चैट में कहा, "जब मैंने इसमें निवेश किया था, तो इसकी कीमत मुश्किल से ?35 करोड़ थी।" "मुझे नहीं पता था कि मैं इतना पैसा कमाऊंगा।"

बॉलीवुड अभिनेता, जो मामाअर्थ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी काम करते हैं, ने 2018 में 16 लाख शेयर हासिल करने के



लिए मामाअर्थ की मूल कंपनी, होनासा कंज्यूमर लिमिटेड में ?6.7 करोड़ का निवेश किया था। जब कंपनी 2023 में सार्वजनिक हुई, तो कुंद्रा ने कुल ?45.13 करोड़ में 13.93 लाख शेयर बेचे। कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, उसने प्रत्येक शेयर ?41.86 पर खरीदा था, और आईपीओ के लिए मूल्य बैंड ?308-324 निर्धारित किया गया था, जिसका मतलब है कि उसके ?5.83 करोड़ के शुरूआती निवेश पर 674 गुना रिटर्न मिला। उन्होंने आईपीओ में 13.93 लाख शेयर बेचने की पेशकश की थी। आईपीओ के बाद भी उनके पास ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रांड में 2.3 लाख शेयर बने हुए हैं। गुरुवार को बाजार बंद होने पर होनासा के शेयर ?402 प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जिसका मार्केट कैप ?13,000 करोड़ था। जब उनसे पूछा गया कि ऐसे समय में जब बॉलीवुड में उनके साथी ज्यादातर रियल एस्टेट जैसी पारंपरिक संपत्तियों में निवेश करने के लिए जाने जाते थे, तो उन्होंने स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए किस चीज को प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि मशहूर हस्तियां तेजी से उन ब्रांडों में अपना पैसा निवेश कर रही हैं, जिनका वे समर्थन करते हैं, न कि सिर्फ पसीना बहा रहे हैं। हिस्सेदारी। "उन्हें खेल में दम मिल गया है क्योंकि वे जानते हैं कि वापसी से उन्हें कम समय में बेहतर लाभ मिलेगा।"

## प्रशंसकों द्वारा हार्दिक पांड्या की हूटिंग करने पर अश्विन ने कहा

# 'काफी खराब होता जा रहा है प्रशंसकों के बीच युद्ध'





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी और राजस्थान रॉयल्स के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के समर्थन में सामने आए हैं, क्योंकि हार्दिक को ट्रोलिंग और हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है।

अपने यूट्यूब चैनल पर एक लाइवस्ट्रीम में, एक उपयोगकर्ता ने अश्विन से पूछा, "क्या मुंबई इंडियंस के लिए एक बयान जारी करने का समय आ गया है (हार्दिक को कप्तान बनाने पर), यह कहते हुए कि यह प्रबंधन की ओर से एक खराब स्थानांतरण था?" जवाब में, अश्विन ने कहा, किसी की भी कोई भूमिका नहीं है। इसमें न तो फ्रेंचाइजी और न ही खिलाड़ी की कोई भूमिका है। मुझे लगता है कि जिम्मेदारी और दायित्व प्रशंसकों पर है।"

गुजरात टाइटंस से मुंबई इंडियंस में जाने के बाद, जिसे तख्तापलट के रूप में देखा गया और आईपीएल 2024 से पहले हार्दिक को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया, हार्दिक को प्रशंसकों द्वारा निर्दयतापूर्वक उपहास का शिकार होना पड़ा, जिन्होंने कई बार उनके लिए भेदभावपूर्ण शब्द का भी इस्तेमाल किया। पांच बार के चैंपियन के अहमदाबाद और हैदराबाद में पहले दो मैचों के दौरान, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

हार्दिक के अब तक एमआई के दोनों मैचों में प्रशंसकों के गुस्से का सामना करने के बारे में आगे बात करते हुए, अश्विन ने कहा, क्या आपने किसी अन्य देश में ऐसा होते देखा है? क्या आपने जो रूट और जैक क्रॉली के प्रशंसकों को लड़ते देखा है? या क्या आपने जो रूट और जोस बटलर के प्रशंसकों को लड़ते देखा है? यह पागलपन है। क्या आपने ऑस्ट्रेलिया में स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस के प्रशंसकों को लड़ते देखा है? मैंने यह कई बार कहा है, यह क्रिकेट है।

यह एक सिनेमा संस्कृति है। मैं जानता हूं कि मार्केटिंग, पोजिशनिंग और ब्रांडिंग जैसी चीजें हैं। मैं इससे इनकार नहीं करता. मैं अपनी तरफ से इन सब पर विश्वास नहीं करता लेकिन इसमें लिप्त होना गलत भी नहीं है। प्रशंसक युद्धों को इस बदसूरत रास्ते पर कभी नहीं जाना चाहिए। याद रखना चाहिए कि ये खिलाड़ी किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं - हमारे देश का। तो फिर एक क्रिकेटर को डांटे जाने की क्या जरूरत है?

अश्विन ने पिछले उदाहरणों का हवाला देते हुए क्रिकेटरों की हूटिंग बंद करने का भी आह्वान किया कि कैसे सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ खिलाड़ी के रूप मे

आप किसी खिलाड़ी को पसंद नहीं करते हैं और किसी खिलाड़ी को

एक-दूसरे की कप्तानी में खेले और बाद में तीनों ने एम.एस. धोनी के नेतृत्व में कैसे खेला। "मैं नहीं समझाता। यदि

डांटते हैं, तो एक टीम को स्पष्टीकरण जारी करने के लिए क्यों आना चाहिए? हम ऐसे व्यवहार करते हैं जैसे ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। (सौरव) गांगुली सचिन (तेंदुलकर) के अधीन खेले और इसके विपरीत भी।

ये दोनों राहुल द्रविड़ की कप्तानी में खेल चुके हैं। ये तीनों अनिल कुंबले के नेतृत्व में खेले हैं और ये सभी धोनी के नेतृत्व में खेले हैं। जब वे धोनी के अधीन थे, तो ये खिलाड़ी क्रिकेट दिग्गज थे। धोनी भी विराट के नेतृत्व में खेले।"

हमें एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। क्या आप जानते हैं समस्या क्या है? हम सभी अपने घरों में बैठकर, बाहर देखकर और किसी और से कूड़ा उठवाने में खुश हैं। हम इसे स्वयं करने की जहमत नहीं उठाना चाहते। हमें पहले खुद को सुधारना चाहिए. यह वास्तविक समय का खेल है। वास्तविक समय के खेलों में वास्तविक समय की भावनाएँ होती हैं।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, हम इससे आगे कैसे जाते हैं, इसका मुकाबला कैसे करते हैं और क्रिकेट खेलने के लिए संतुलन कैसे बनाते हैं, यही सब कुछ है। एक वास्तविक खेल की तुलना कभी भी सिनेमा से नहीं की जा सकती। नायक और नायक-पूजा महान हैं. इसके लिए मैं उपलब्ध हूं। अपने पसंदीदा में जो आपको पसंद है उसका आनंद लें लेकिन किसी अन्य खिलाड़ी को नीचा दिखाने की कीमत पर नहीं। यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं हमारे देश में धरती से गायब होते देखना पसंद करूँगा।"

मुंबई इंडियंस, जो अभी तक अंक तालिका में जगह नहीं बना पाई है, सोमवार शाम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 का अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।

# सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की। गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा।

चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूनार्मेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाये रखते थे।

पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स विजेता और उप विजेता रही थी। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय आल राउंडर पंड्या की कमी खल रही है।

चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिये गये 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका। सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि गिल की टी20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं। वहीं उनके फिनिशर डेविड मिलर (12 और 21 रन) भी जूझ रहे हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही।

अब टीम उम्मीद करेगी कि मिलर अपनी फॉर्म में वापसी करें क्योंकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी की बराबरी करने के लिए बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूनार्मेंट की छुपी रूस्तम सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा बनाये गये आईपीएल के पांच विकेट पर 263 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

आस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता ट्रेविस हेड (62 रन, 24 गेंद) ने शानदार पदार्पण किया और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक जड़कर विस्फोटक शुरूआत करायी।

लेकिन फिर 'अनकैप्ड' भारतीय अभिषेक शर्मा ने इस रिकॉर्ड को बेहतर करके महज 16 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया।

### टीम इस प्रकार हैं :

**गुजरात टाइटंस:**
शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल , मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ।

**सनराइजर्स हैदराबाद :**
पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।

दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और हेनरिच क्लासेन निचले क्रम में शानदार फॉर्म में हैं।

मैच दोपहर को होगा तो सूखी पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है जिसमें राशिद और साई किशोर दोनों टीमों के लिए अहम रहेंगे।

# बाबर के कप्तान के तौर पर वापसी से बढ़ सकती हैं पाकिस्तान की मुश्किलें



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम राष्ट्रीय टीम में कप्तान के तौर पर वापसी के लिये पूरी तरह तैयार हैं मगर उनकी पुनर्नियुक्ति से टीम के ड्रेसिंग रूम में कलह के आसार हैं। पिछले साल एशिया कप और 50 ओवर के विश्व कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाबर के पद से हटने के बाद से शाहीन शाह अफरीदी को टी20 और शान मसूद ने टीम के टेस्ट कप्तान की कमान दी गयी थी।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर को बाबर को तीनों प्रारूपों की कप्तानी की पेशकश की है। बाबर की वापसी का मतलब होगा कि शान और शाहीन का टेस्ट और टी20 में कप्तानी का कार्यकाल केवल एक श्रृंखला तक ही सीमित रहेगा।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे हालात में पीसीबी की अज्ञानता से पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार शाहीन को विश्वास में लिए बिना बाबर को नियुक्त करने का निर्णय राष्ट्रीय टीम की एकजुटता को प्रभावित कर सकता है क्योंकि टीम में शाहीन का समर्थन करने वाले खिलाडियों की भी कोई कमी नहीं है।

पाकिस्तान के कप्तान के तौर में बाबर की आलोचना हरफनमौला इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने खुले तौर पर की थी। हालाँकि दोनो ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था मगर पीसीबी अध्यक्ष ने दोनो को मना लिया था और समझा जाता है कि दोनों टी 20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में होंगे, जो कि जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाला है।

सूत्रों ने कहा, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास वापस लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और ऑलराउंडर इमाद वसीम के चयन से बाबर आजम खुश नहीं होंगे। पाकिस्तान के कप्तान के रूप में आने के बाद बाबर चयन समिति का भी हिस्सा बन जाएंगे, जिसमें डेटा विश्लेषक बिलाल अफजल के साथ असद शफीक, वहाब रियाज, मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक जैसे चार पूर्व टेस्ट खिलाड़ी शामिल हैं।

सात सदस्यीय समिति में रिक्त स्थान पाकिस्तान के मुख्य कोच का है, जिसके लिए पीसीबी कर्मियों की तलाश कर रहा है। पीसीबी टेस्ट और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों की तलाश कर रहा है और इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी सबसे आगे हैं।

# आज होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा।

इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी वहीं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

भारतीय फारवर्ड अभिषेक को इन पुरस्कारों के लिये दो श्रेणियों में हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) में नामांकित किया गया है। अभिषेक ने कहा, इस साल दो श्रेणियों में नामांकित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया और हमेशा सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में छह खेलों में तीन गोल करने वाले अभिषेक ने हांग्जो एशियाई खेलों में अपना फॉर्म जारी रखा, जहां उन्होंने सात मैचो में नौ गोल किए, जिससे उनकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली।

पिछले महीने राउरकेला में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023/24 में स्पेन पर भारत की रोमांचक 2 -2 (8 - 7 एसओ) की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

# अभिषेक ने दो श्रेणियों में अपने नामांकन का श्रेय टीम को दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया वार्षिक 2023 में दो पुरस्कारों के लिए नामांकित होने के बाद भारतीय पुरुष टीम के फॉरवर्ड अभिषेक काफी उत्साहित हैं, जो रविवार को नई दिल्ली में एक समारोह में प्रस्तुत किए जाएंगे। अभिषेक, जिन्होंने अपने निरंतर प्रदर्शन के लिए एक जबरदस्त वर्ष का आनंद लिया, को दो श्रेणियों में नामांकित किया गया है - हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष) और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 (पुरुष)

इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में अभूतपूर्व कुल पुरस्कार राशि 7.56 करोड़ रुपये है। आठ श्रेणियों में फैले कुल 32 नामांकन ने इन वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट में स्थान हासिल किया है।

प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार सहित हॉकी के दिग्गज शामिल होंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे। अन्य उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में आर. विनील कृष्णा, आईएएस, आयुक्त-सह-सचिव डीएसवाईएस, ओडिशा, डॉ. अतुल्य मिश्रा, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, और मेघनाथ रेड्डी, आईएएस, सदस्य सचिव एसडीएटी, तमिलनाडु शामिल हैं।

अपने दोहरे नामांकन पर बोलते हुए, अभिषेक ने कहा, "इस साल दो श्रेणियों में नामांकित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया।" जब भी मुझे जरूरत पड़ी, उन्होंने मुझे सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ।"

एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में छह मैचों में तीन गोल करने वाले अभिषेक ने हांगझोउ एशियाई खेलों में अपना फॉर्म जारी रखा, जहां उन्होंने सात मैचों में नौ गोल किए, जिससे उनकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। पिछले महीने राउरकेला में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023/24 में स्पेन पर भारत की रोमांचक 2-2 (8-7 शूट आउट) की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

पिछले साल को याद करते हुए, अभिषेक ने कहा, "यह मेरे लिए एक अच्छा साल था। हर बार जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरता हूं, तो मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मैं अपनी टीम को वांछित परिणाम दिलाने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।"

शनिवार को एक विज्ञप्ति में हॉकी इंडिया द्वारा उनके हवाले से कहा गया, "व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक, यह यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे और वे मुझे सही समय पर वांछित स्थिति में ढूंढने में सक्षम हों, और मैंने इस वर्ष इसी पर काम किया है। मुझे उम्मीद है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे हम सुधार करते रहेंगे चालू वर्ष में आगे।"

पेरिस ओलंपिक नजदीक आने के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम विश्व नंबर 5 टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। दौरे के महत्व पर अभिषेक ने कहा कि आगामी श्रृंखला भारतीय टीम के लिए ओलंपिक से पहले प्रमुख क्षेत्रों पर काम करने का मौका है।

"यह हर किसी के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि पेरिस ओलंपिक आ रहा है।

# जेसन होल्डर ने काउंटी के पहले पांच मैचों के लिए वोरसेस्टरशायर के साथ अनुबंध किया



**लंदन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने आगामी काउंटी चैम्पियनशिप सीजन के पहले पांच मैचों के लिए वोरसेस्टरशायर के साथ अनुबंध किया है। होल्डर, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 ऑलराउंडर, 5 अप्रैल से एजबेस्टन में वारविकशायर के खिलाफ वोरसेस्टरशायर के शुरूआती काउंटी चैंपियनशिप मैच के लिए उपलब्ध होंगे।

32 वर्षीय होल्डर, 2021 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर के प्राप्तकर्ता हैं और किडरमिन्स्टर में डरहम और समरसेट के साथ घरेलू मैचों और नॉटिंघमशायर और केंट के साथ बाहरी मैचों के लिए भी उपलब्ध हैं।

वह वोरसेस्टरशायर के लिए खेलने वाले प्रतिष्ठित वेस्ट इंडीज क्रिकेटरों के समूह में नवीनतम हैं, जिनमें वैनबर्न होल्डर, क्रिस गेल, आंद्रे रसेल, शैनन गेब्रियल और केमार रोच शामिल हैं। होल्डर ने 2019 में बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक सहित कई यादगार प्रदर्शन किए हैं। मैं हमेशा इंग्लैंड में अपने समय का आनंद लेता हूं और मैं काउंटी चैंपियनशिप के डिवीजन वन में वोरसेस्टरशायर को जीवन की अच्छी शुरूआत करने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं। मैं जानता हूं कि वोरसेस्टरशायर के कई वर्षों से वेस्टइंडीज के लिए खेलने वाले खिलाड़ियों के मामले में उनके साथ मजबूत संबंध रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि मैं पांच मैचों में अपनी छाप छोड़ सकता हूं।'

होल्डर ने एक बयान में कहा, जब आपको पदोन्नत किया जाता है, यदि आप एक अच्छी शुरूआत कर सकते हैं, तो यह आपको शेष सीजन के लिए आत्मविश्वास और विश्वास प्रदान करता है। आप सर्किट पर लोगों से बात करते हैं, और उन्होंने कहा कि वोरसेस्टरशायर में एक चुस्त लेकिन मैत्रीपूर्ण ड्रेसिंग रूम है और मैं मैदान के अंदर और बाहर अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं।"

इस ऑलराउंडर ने सभी प्रारूपों में 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश की कप्तानी की है और महान सर गारफील्ड सोबर्स के बाद टेस्ट क्रिकेट में 2,500 रन बनाने और 150 विकेट लेने वाले दूसरे वेस्ट इंडीज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज का टेस्ट नहीं खेला क्योंकि वह केंद्रीय अनुबंध को ठुकराने के बाद संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी20 खेल रहे थे।

## घर में इस जगह पर रखें
# एलोवेरा प्लांट

**एलोवेरा का पौधा एक ऐसा औषधीय पौधा है, जो इंडोर प्लांट के रूप में भी काफी पॉपुलर है। इसमें ऐसे औषधीय गुण हैं, जो कई तरह की बीमारियों में फायदेमंद हैं, जैसे सनबर्न, आग से जलने पर, पिंपल और रैशेज जैसी स्किन प्रॉब्लम्स के लिए एलोवेरा की पत्तियों से बने एलोवेरा जेल का उपयोग करते हैं। आज के अपार्टमेंट कल्चर की वजह से लोगों के घरों में जगह की काफी समस्या होती है। ऐसे में एलोवेरा के पौधे को सही रख रखान न मिल पाने की वजह से यह जल्दू सूख जाते हैं। अगर आप भी इस तरह की समस्या से जूझ रहे हैं, तो हम आपको इसके देखभाल के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं।**



### घर में एलोवेरा का प्लांट कहां रखें?

एलोवेरा घर के अंदर और बाहर दोनों ही जगह उग सकता है, लेकिन अगर आप इसे अंदर उगा रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि इसे ऐसे स्थान पर रखें जहां इसे भरपूर मात्रा में धूप मिल रही हो। दक्षिण या पश्चिम की ओर की खिड़कियां एलोवेरा के लिए आदर्श जगह हो सकते हैं। इसके अलावा एलोवेरा प्लांट को नियमित रूप से पानी देना होगा या फिर जब इसकी मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए, तब इसमें एक बार भरपूर मात्रा में पानी दें। ध्यान रखें कि गमले का ड्रेनेज अच्छा होना चाहिए, जिससे गमले में पानी रुकने की संभावना न रहे।

### एलोवेरा के पौधे का ध्यान कैसे रखें?

एलोवेरा प्लांट का वैज्ञानिक नाम एलो बारबाडेन्सिस है। यह एक ड्राई इलाके का पौधा है और रेगिस्तानों और हरे-भरे ट्रॉपिकल जंगलों में समान रूप से पाया जाता है। इस पौधे की ऊंचाई केवल कुछ इंच ही होती है, लेकिन चौड़ाई में 5 फीट से अधिक तक हो सकती है। एलोवेरा के पौधे का, मिस्र, यूनानी और चीनी सहित दुनिया भर की प्राचीन सभ्यताओं द्वारा हजारों सालों से औषधीय रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। कई लोग अभी भी विभिन्न त्वचा की जलन के इलाज के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करते हैं। आइये जानते हैं घर में एलोवेरा का प्लांट रखने के लिए कौन सी जगह सही है।

### रोशनी

स्वस्थ रहने के लिए, एलोवेरा के पौधों को रोशनीदार वातावरण या इंडायरेक्ट सनलाइट की जरूरत होती है। आप इस पौधे को रसोई की खिड़की पर भी रख सकते हैं, जहां इसे भरपूर धूप मिलेगी। लेकिन अगर आप एलोवेरा को बाहर उगा रहे हैं, तो इसे धूप वाली जगह पर लगाना चाहिए, जहां इसे सुबह की चार घंटे की धूप मिलनी चाहिए।

### फर्टिलाइजर

एलोवेरा को खाद्य देने का सबसे अच्छा समय है वसंत ऋतु। इसके लिए आप हाउसप्लांट फर्टिलाइजर या सक्यूलेंट-और-कैक्टस फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# गुरुवार को पति-पत्नी को नहीं करने चाहिए ये 6 काम



**गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। भगवान विष्णु पालनहार हैं और गृहस्थ जीवन में खुशियां उनके आशीर्वाद से ही आती हैं। गुरुवार उनकी पूजा के लिए सबसे शुभ माना जाता है। पक्षियों में विशिष्ट गरुड़ देव ने गुरुवार के दिन ही विष्णु जी की पूजा करके उन्हें प्रसन्न किया था और उन्हें विष्णु जी की कृपा प्राप्त की थी। आइए जानते हैं उनसे कि गुरुवार को वो कौनसे ऐसे काम पति-पत्नी को नहीं करने चाहिए, जो उनके जीवन में अशांति और परेशानी ला सकते हैं।**

### क्यों माना जाता है गुरुवार को शुभ

*गुरुवार के दिन सोना-चांदी या गहने या फिर कोई वस्त्र खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन ये चीजें खरीदने से व्यक्ति की कुंडली में गुरु ग्रह मजबूत होता है। पीले चावल समेत पीली वस्तुओं और पीले कपडे का दान भी शुभ माना जाता है।*

### गुरुवार को क्या नहीं करना चाहिए

- इस दिन घर के किसी सदस्य को भगवान विष्णु और देवी महालक्ष्मी की एक साथ पूजा नहीं करनी चाहिए।
- गुरुवार को चावल या चावल से बनी खिचड़ी का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से धन का हानि होती है और कंगाली आती है।
- गुरुवार के दिन मूंग दाल का सेवन भी अशुभ माना जाता है।
- गुरुवार के दिन साबुन या शैम्पू से बाल नहीं धोने चाहिएं। ऐसा करने से भगवान का आशीर्वाद कम हो सकता है और घर में धन की कमी हो सकती है। बाल भी नहीं कटवाने चाहिए।
- गुरुवार को महिलाएं भी अगर अपना सिर धोती हैं या बाल कटाती हैं,तो इससे बृहस्पति कमजोर होता है,जिससे पति व संतान की तरक्की में बाधा आती है।



# करें आंखों का बचाव

आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है यदि आखों से दिखना बंद हो जाए या कम हो जाए तो हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कई लोग तो ऐसे भी हैं जिन्हें कम उम्र में ही चश्मा लग जाता है। इसलिए इन बातों का जरूर ध्यान रखें ..



- हर 2 साल में आंखों की जांच जरूर करवाएं।
- धूम्रपान आंखों के लिए बेहद खतरनाक होता है, इसलिए इससे बचे।
- आंखों की बीमारियों से बचने के लिए नींद जरूरी है, नींद की कमी होने से आंखों में सूखापन आता है।
- गंदे हाथों को आंखों पर लगाने से भी संक्रमण का खतरा रहता है इसलिए हाथ को धोते रहे।
- कोशिश करें फोन, कंप्यूटर और टीवी जैसी स्क्रीन वाली चीजों के ठीक सामने ज्यादा देर तक ना बैठे।
- धूप से अपनी आंखों को बचाएं, सूरज की तेज किरणे आंखों पर पड़ने से भी आंखों में दिक्कत होने लगती है।
- इससे बचने के लिए तला हुआ खाना कम कर दें और संतुलित आहार का सेवन करें।
- दिन में तीन बार आखों को ठंडे पानी से धोएं, इससे आंखों को आराम मिलेगा।
- धूल और धुएं वाली जगह पर ज्यादा देर ना रुके। अगर आप रुकते हैं तो इससे आपकी आंखों में जलन होने लगेगी और खुजली होने लगेगी।
- इन उपाय को कर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं, यदि इन उपायों को करने के बाद भी आपकी आंखों में दिक्कत है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# टमाटर से आएगी चमक

सुंदर दिखने के लिए लोग कई प्रयास करते हैं। बाजार में मिलने वाले नए-नए क्रीम, फेस वॉश, मेकअप आदि का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन फिर भी उनके फेस पर कोई असर नहीं पड़ता है। आप भी बेजान, रूखी स्किन से छुटकारा और सुंदर दिखना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे की कैसे टमाटर के इस्तेमाल से आप अपने फेस को ग्लोइंग बना सकते हैं। टमाटर के सेवन से हमें विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम और अन्य पोषक तत्व मिलते हैं, जो हमारे शरीर के लिए काफी आवश्यक होते हैं। टमाटर न केवल खाने के लिए इस्तेमाल होता है, बल्कि सुंदरता के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। टमाटर का उपयोग हमारी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में सहायक होता हैं।



### ऐसे बनेगा टमाटर से स्क्रब

टमाटर से हम आसानी से स्क्रब बना सकते हैं सबसे पहले टमाटर को धोकर उसका रस निकाल लें फिर उसका गूदा मसल कर लें इस गूदे में चीनी और शहद मिलाकर पेस्ट बना लें फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं लगाने के 10 मिनट बाद ताजे पानी से इसे धो लें।

इसके अलावा आप एक कटोरा में बेसन, हल्दी, धनिया पाउडर और गुलाब जल डालें। फिर ऊपर से उसमें शहद और चीनी, इसके बाद टमाटर को इस मिश्रण में डाल अच्छे से मसले। फिर इसे अपने चेहरे पर लगाकर मालिश करने के 5 से 10 मिनट बाद धो लें।



### त्वचा के लिए है फायदेमंद

टमाटर में लाइकोपीन नामक तत्व होता है, जो हमारी स्किन को सूरज की तेज करने से बचाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी त्वचा को प्राकृतिक चमक देता है। एंटीऑक्सीडेंट उम्र बढ़ाने के संकेतों को काम करते हैं जिसे चेहरा जवां दिखता है। टमाटर में पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को पोषण देकर उसे मुलायम बनाते हैं।

# ऑयल फ्री हेयर के टिप्स

बालों का रोजाना धोना न केवल समय की बर्बादी लगती है,बल्कि यह हमारे बालों के लिए भी हानिकारक होता है। अक्सर, हम महसूस करते हैं कि बाल धोने के बाद भी हमारे बाल जल्दी ही तेलीय और चिपचिपे हो जाते हैं, जिससे हमें उन्हें बार-बार धोना पड़ता है, लेकिन हम रोजाना बालों की देखभाल में कुछ स्मार्ट और आसान तरीके अपनाएं, तो हम अपने बालों को लंबे समय तक ऑयल फ्री रख सकते हैं। आज हम ऐसे ही कुछ हेयर केयर रूटीन बताएंगे जिसे अपना कर आप लंबे समय तक बालों को ऑयल फ्री रख सकते हैं।



### ड्राई शैम्पू का इस्तेमाल

जब वक्त न हो बाल धोने का, तो ड्राई शैम्पू आपके बालों में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे इस्तेमाल करना भी बहुत आसान है, बस बोतल को हिलाओ, बालों की जड़ों पर स्प्रे करो और हल्के हाथों से मसाज करो। फिर देखो कैसे आपके बाल बिना पानी के भी दिखने लगते हैं खूबसूरत और फ्रेश दिखने लगते हैं। यह आपका समय भी बचाता है और बालों को स्वस्थ्य भी रखता है।

### तेलीय बालों के लिए सही शैम्पू चुनें

अगर आपके बाल जल्दी तैलीय हो जाते हैं, तो ऐसे शैम्पू चुनें जो खास तौर पर तेलीय बालों के लिए बने हों। ये शैम्पू बालों से ज्यादा तेल निकालने में मदद करते हैं, जिससे बाल लंबे समय तक साफ और ताजा रहते हैं।

### सही तरीके से बालों को ब्रश करें

बालों को ऊपर से नीचे की तरफ ब्रश करो, न कि उल्टा। उल्टा करने से खोपड़ी का तेल पूरे बाल में फैल जाता है। इसलिए, बालों को प्यार से, हल्के हाथों से सुलझाओ ताकि वे स्वस्थ रहें और अच्छे दिखें

### बालों को कम बार धोएं

रोज बाल धोने से सिर की त्वचा सूख सकती है, जिससे सिर और ज्यादा तेल बनाता है। इसलिए, हफ्ते में सिर्फ 2-3 बार ही बाल धोएं ताकि बाल हेल्दी और स्वस्थ रहें और सिर पर कम तेल लगाएं।

### सही आहार का सेवन करें

जैसा खाओ, वैसे दिखो! खाने का असर सीधे आपके बालों पर होता है। तला-भुना और ज्यादा मसालेदार खाने से दूरी बनाएं। खूब पानी पिएं और अपनी डाइट में ताज़े फल और सब्जियां शामिल करें। ये सिंपल टिप्स आपके बालों को बनाएंगे सुंदर और स्वस्थ।



# बालों में मेहंदी लगाना सही?

**बालों को मजबूत करने के लिए लोग कई प्रयास करते हैं। ऐसे में लोग कई घरेलू उपाय भी करते हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो मेहंदी को बालों में लगाते हैं, जिससे बाल मजबूत रहे। लेकिन क्या बालों पर मेहंदी लगाना सही है ? आज हम आपको इस रिपोर्ट में बताएंगे की बालों में मेहंदी लगाना सही होता है या नहीं।**

मेहंदी बालों को सुंदर बनाती है साथ ही उन्हें मजबूत करती है। इसको बालों पर लगाने से बाल चमकदार होते हैं। यही नहीं अगर आपको बाल झड़ने की दिक्कत है, तो आप मेहंदी का उपयोग कर सकते हैं। रूसी से परेशान लोगों के लिए बालों में मेहंदी लगाना बेहद फायदेमंद होता है। मेहंदी बालों के लिए एक प्राकृतिक और सुरक्षित रंग है, जो बाकी केमिकल के मुकाबले ज्यादा फायदेमंद होती है।



मेहंदी न केवल बालों को सुंदर बनती है बल्कि उन्हें मजबूत, घना और शाइनिंग प्रदान करती है,लेकिन कुछ लोगों को मेहंदी के उपयोग से एलर्जी हो सकती है, इसलिए यदि आप पहली बार मेहंदी लगा रहे हैं, तो पहले कुछ जांच कर लें। मेहंदी का अधिक उपयोग करने से बालों का रंग जल्द बदल जाता है और धीरे-धीरे बालों की क्वालिटी पर असर पड़ने लगता है। कोशिश करें आप अच्छी क्वालिटी की मेहंदी को ही अपने बालों में लगाएं। हर किसी का शरीर अलग-अलग होता है, किसी के बालों पर मेहंदी अच्छा प्रभाव डालती है, वहीं कुछ लोगों को इससे एलर्जी की शिकायत होती है। इसलिए पहली बार मेहंदी लगा रहे हो,तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# कैल्शियम की कमी से हो सकता है भारी नुकसान

आजकल कम उम्र से कमजोरी, थकान, चक्कर, जोड़ों में दर्द जैसी समस्या देखी जा रही है। क्या आप इसका कारण जानते हैं? अगर नहीं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे कैल्शियम की कमी होने से कई सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ध्यान रहे जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी कैल्शियम की कमी को पूरा कर लें, क्योंकि कैल्शियम की कमी होने से कम उम्र में ही हड्डियां कमजोर होने लगती है और हमारा शरीर थका हुआ महसूस करता है।



### *क्यों होती है कैल्शियम की कमी*

कैल्शियम की कमी होने के कई कारण हो सकते हैं। सबसे पहले कई बार संतुलित भोजन खाने के बदले लोग तला हुआ, मिर्च मसाले या मैदे से बने भोजन का सेवन करते हैं, इससे भी कैल्शियम की कमी हो सकती है। इसके अलावा बढ़ती उम्र में हार्मोनल चेंज होने से भी कैल्शियम की कमी हो सकती है। दूसरी कई बीमारियां जैसे की थायराइड, गठिया, किडनी, डायबिटीज इन सब चीजों से भी कैल्शियम की कमी होती है। इन उपायों को करने के बाद भी आपको थकावट, चक्कर, कमजोरी जैसी दिक्कत होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### *ऐसे करें कैल्शियम की कमी को पूरा*

कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए आप कई सारे उपाय कर सकते हैं, जैसे की आपको आपकी डाइट में दूध, पनीर, दही जैसे डेरी उत्पाद शामिल करने होंगे, हरी सब्जियां , दालें और मछली जैसे पदार्थों का भी आप सेवन करें, इसके अलावा आप सुबह के समय सूर्य की किरणों के सामने थोड़ी देर तक बैठे, पर्याप्त पानी पिए, सोडियम की मात्रा को कम करें इसके अलावा आप रोजाना व्यायाम, योगा, मेडिटेशन भी कर सकते हैं, इससे कैल्शियम की कमी को पूरा किया जा सकता है।

# विलेन का रोल निभाएंगे बॉबी?

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म 'एनिमल' का लोगों के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिला था। इस मूवी में दर्शकों ने जितना रणबीर के किरदार को पसंद किया, उतना ही उन्हें विलेन के किरदार में बॉबी देओल अच्छे लगे थे। अपने कुछ मिनटों के रोल से उन्होंने हर किसी को हैरान कर दिया था। इस मूवी के बाद अब उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अब खबरें आ रही है कि अभिनेता जल्द वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं। इस मूवी में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आ सकते हैं। दरअसल एक रिपोर्ट के अनुसार बॉबी देओल ने अब वाईआरएफ के साथ हाथ मिलाया है। अभिनेता वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म में आलिया भट्ट के साथ दिखाई देने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉबी देओल ने यह फिल्म साइन भी कर ली है और वह इसमें भी वह खलनायक की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार बॉबी देओल के साथ उनकी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और अभिनेता 2024 के सेकंड हॉफ यानी जून के बाद इसकी शूटिंग शुरू कर सकते हैं।



# अनुष्का ने शेयर की अपनी तस्वीर



एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के फरवरी में एक बार फिर किलकारी गूंजी है। ये कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। एक्ट्रेस ने लंदन में बेटे अकाय को जन्म दिया। मां बनने के बाद अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया से थोड़ा दूर हो गई हैं और अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजार रही हैं। इसी बीच अब 28 मार्च गुरुवार को अभिनेत्री ने अपनी एक फोटो शेयर की है। मां बनने के करीब डेढ़ महीने बाद अभिनेत्री ने अपना पहला पोस्ट साझा किया है। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो शेयर कि है, जिसमें वह व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस में नजर आ रही हैं। इस फोटो में अभिनेत्री के चेहरे पर बड़ी-सी स्माइल भी देखने को मिल रही है। अनुष्का शर्मा के इस पोस्ट पर फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं कइयों का कहना है कि वह उन्हें आईपीएल में काफी मिस भी कर रहे हैं।

# कृति खरबंदा ने शेयर की चूड़ा रस्म की खूबसूरत तस्वीरें

पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की शादी हो चुकी हैं, लेकिन इस कपल की वेडिंग फोटोज की चर्चा सोशल मीडिया पर अभी भी जारी है। आए दिन ये कपल अपनी शादी की अनदेखी फोटोज और वीडियोज शेयर करता नजर आ रहा है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। 28 मार्च को कृति खरबंदा ने इंस्टाग्राम पर अपने चूड़ा सेरेमनी की फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और यूनिक लुक में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने बेहद खास निशानी भी साझा की है। पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा ने 15 मार्च को मानेसर स्थित ग्रैंड आईटीसी भारत रिजॉर्ट में पंजाबी रीति-रिवाज से शादी रचाई थी। इस शादी में सिर्फ करीबी दोस्त और परिवारवाले मौजूद थे। शादी में एक्ट्रेस ने पिंक कलर का लहंगा पहना था। तो वहीं, अब उनकी चूड़ा सेरेमनी की फोटोज सामने आई हैं, जिसमें वह नियॉन कलर सिंपल साड़ी पहने नजर आ रही हैं।



# दिव्या ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 की विनर दिव्या अग्रवाल ने 20 फरवरी को ब्वॉयफ्रेंड अपूर्व पड़गांवकर संग सात फेरे लिए थे। इस कपल ने मराठी रीति-रिवाजों से एक-दूसरे को अपना जीवन साथी बनाया। शादी के दिनों एक्ट्रेस को लेकर खबर थीं। इन दिनों ये कपल अपनी वेडिंग लाइफ को खूब एन्जॉय कर रहा है। शादी के दौरान दिव्या अग्रवाल को लेकर खबर थी कि वह प्रेग्नेंट है। सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे थे कि उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। वहीं अब शादी के करीबी एक महीने बाद इस कपल ने अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर बात की है। इस कपल ने दिए एक इंटरव्यू में दिव्या के पति अपूर्व ने कहा, वह प्रपोजल के बाद से गर्भवती हैं। वो प्रेग्नेंट नहीं थीं। मैंने अपनी शादी के दौरान खूब खाया है। मैं जब अपूर्व से कहती थी, तो वह मुझे पानी पूरी के लिए ले जाता। मैं जब उनसे कहती तो वो मुझे आधी रात में पाव भाजी खिलाने बाहर ले जाता है। इस दौरान दिव्या ने एक मजेदार घटना भी बताई। उन्होंने कहा जब सोशल मीडिया पर मेरे प्रेग्नेंट होने की खबर फैल रही थी। तो एक दोपहर अपूर्व ने मुझे फोन किया और कहा, 'तुम प्रेग्नेंट हो और तुमने मुझे नहीं बताया। कपल ने साफ कहा है कि ऐसा कुछ नहीं है। ये केवल अफवाह है। दिव्या और अपूर्व की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। ब्रेकअप के बाद दोनों फिर मिले और जीवन साथी बन गए। दिव्या ने प्रियांक शर्मा और वरुण सूद से पहले अपूर्व को साल 2015 में डेट किया था। हालांकि उस वक्त किसी वजह से दोनों का ब्रेकअप हो गया था और एक्ट्रेस अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गई थीं। साल 2022 में वरुण से अलग होकर दिव्या ने फिर से अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड अपूर्व का हाथ थामा।



# कंगना रनोट की सफाई

फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब बॉलीवुड क्वीन कंगना रनोट राजनीति में अपनी नई पारी खेलने जा रही हैं। साल 2024 में वह बीजेपी की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाली हैं। हालांकि इस बीच ही 'फैशन' एक्ट्रेस को कई आलोचनाएं भी झेलनी पड़ रही हैं। जैसे ही कंगना ने पॉलिटिक्स में शामिल होने की जानकारी फैंस के साथ शेयर की थी, वैसे ही उनका उर्मिला मातोंडकर को लेकर दिया गया पुराना बयान वायरल हो गया था। एक्स अकाउंट पर भी उर्मिला ट्रेंड हो गयी थीं। अब हाल ही में कंगना रनोट ने उर्मिला मातोंडकर को 'सॉफ्ट पॉर्न स्टार' कहने पर अपनी सफाई पेश की है। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बारे में बातचीत करते हुए सनी लियोनी का नाम भी बीच में घसीटा है। कंगना रनोट हाल ही में टाइम्स नाउ समिट 2024 का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान उन्होंने 90 के दशक की एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को लेकर दिए गए 'सॉफ्ट पॉर्न स्टार' बयान पर एक बार फिर से ऐसी बात कही, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। मैं अपनी किसी बात की सफाई नहीं दे रही हूं। अगर वह एक्ट्रेसेज तंदूरी मुर्गी, आइटम गर्ल, शीला की जवानी जैसे शब्दों के साथ सहज हैं, तो इस शब्द से उन्हें क्यों लगता है कि इससे उनकी बेइज्जती हुई है। मुझे नहीं लगता कि मेरा मकसद उनका अपमान करना था, मेरा बस ये कहना था कि वह उस तरह के किरदार में बहुत कम्फर्टेबल हैं, जबकि मैं आइटम सांग्स वगैरह नहीं करती हूं। कंगना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि आप मुझे बताइये, क्या सॉफ्ट पॉर्न या पॉर्न स्टार कोई आपत्तिजनक टर्म्स है? नहीं, ये कोई आपत्तिजनक शब्द नहीं है, ये बस एक ऐसा शब्द है, जिसे लोगों सामाजिक तौर पर स्वीकार नहीं करते। पॉर्न स्टार्स को इंडिया में कितनी इज्जत मिलती है, ये आप सनी लियोनी से पूछ सकते हैं,उतनी इज्जत पूरे वर्ल्ड में किसी को नहीं मिल सकती है। आपको बता दें कि साल 2020 में जब कंगना रनोट ने जया बच्चन को लेकर टिप्पणी की थी, तो उर्मिला मातोंडकर उन पर बुरी तरह से बरस पड़ी थी।



**शहनाज गिल आज के समय में किसी पहचान की मोहताज नहीं है। बिग बॉस 13 में उन्होंने अपने चुलबुले और स्ट्रेट फॉरवर्ड अंदाज से फैंस का दिल बखूबी जीता था। सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने शो में बहुत पसंद किया। शहनाज गिल के लिए ये शो मील का पत्थर बना, जिन्होंने उनके के लिए बॉलीवुड के दरवाजे खोल दिए।**

# शहनाज गिल को फैंस से है शिकायत

**शहनाज** गिल की सफलता को देखकर जहां कुछ फैंस को आज के समय में अपनी पसंदीदा अभिनेत्री को देखकर गर्व महसूस होता है, तो वहीं कुछ यूजर्स का मानना है कि शहनाज गिल जब इंडस्ट्री में आई थीं तो बहुत मासूम थी, लेकिन अब उन्हें भी बॉलीवुड की हवा लग चुकी है। शहनाज गिल ने 2019 से लेकर पिछले कुछ सालों में जो बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है, उससे हर कोई हैरान है। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन किया था, जहां उन्होंने बताया कि केवल फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए ही नहीं, बल्कि खुद के लिए भी फिट होना जरूरी है। अभिनेत्री शहनाज गिल ने भी फिल्मों में काम करने से पहले ही फिटनेस का रास्ता अपनाया लिया था। हालांकि जब वह रियलिटी शो बिग बॉस 13 में आई थीं, तब वह इतनी फिट नहीं थीं। उन्होंने सेहत और फिल्मों में काम करने की जरूरतों दोनों को समझा और फिटनेस का रास्ता अपनाया। ऐसे में इंस्टाग्राम लाइव के दौरान उन्हें जब एक यूजर ने कहा कि उन्हें तो पहले वाली गोल-मटोल शहनाज पसंद है, तो इस पर शहनाज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं आपकी भावनाएं समझ सकती हूं, लेकिन मेरी भावनाएं भी हैं। उसे कौन समझेगा। शहनाज गिल ने कहा कि मुझे इस इंडस्ट्री में काम करना है। आगे शहनाज ने फिल्म 'सब फर्स्ट क्लास इन चंडीगढ़' का जिक्र करते हुए खुशी जताई कि वह फिल्म में लीड रोल कर रही हैं। शहनाज कहती हैं कि मुझे यूं तो लीड रोल से फर्क नहीं पड़ता है। मैं केवल यह देखती हूं कि वह रोल कितना प्रभावशाली है।



# फिल्म 'द फैमिली स्टार' का ट्रेलर जारी

परशुराम पेटला के निर्देशन में बन रही फिल्म 'द फैमिली स्टार' का शानदार ट्रेलर आ चुका है। फिल्म से जुड़े सभी स्टार कास्ट अपने-अपने सोशल अकाउंट ट्रेलर को जारी कर किया है। जारी हुए ट्रेलर में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की प्यार भरी नोंक-झोंक काफी दिलचस्प लग रही है। फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषा में देख सकते हैं। विजय ने अपनी सोशल अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- इस गर्मी.. केवल एक वीक में-जश्न मनाएं, हंसें, खुश हों, फिर से जिएं और सिनेमाघरों में अच्छा समय बिताएं। विजय के अलावा मृणाल ने भी अपने सोशल अकाउंट से इस ट्रेलर को शेयर किया है। ट्रेलर की शुरुआत विजय द्वारा भगवान से प्रार्थना करते हुए होती है कि वह उसके जीवन से कुछ भी न छीने और ना ही कुछ जोड़ें।' ट्रेलर में विजय को एक पूर्ण पारिवारिक व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है और मृणाल उनके जीवन में एक नए किराएदार के रूप में आती हैं। यह फिल्म रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी से भरपूर है। विजय और मृणाल के बीच मस्ती और प्यार भरी नोंक-झोंक आपका दिल छू लेगी। फैमिली स्टार में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर के अलावा धिव्यांशा कौशिक, जगपति बाबू और जबरदस्त रामप्रसाद भी हैं और इसमें गोपी सुंदर का संगीत है।



# अवनीत कौर का सादगी भरा अंदाज

एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो एक बार फिर अपने ट्रेडिशनल लुक से फैंस की धड़कनों को बढ़ाती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अवनीत कौर का सिंपल सा लुक उन पर काफी सूट कर रहा है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर का देसी लुक देखने लायक है, जिनमें वो किसी अप्सरा सी हसीन लग रहीं हैं। अवनीत कौर ने अपने इस लुक को मैचिंग हूप इयररिंग्स, रिंग्स और हील्स के साथ एक्सेसराइज किया। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अवनीत कौर ने इन्हें बिना किसी कैप्शन के सिर्फ कुछ इमोजी के साथ शेयर किया। अवनीत कौर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - सो क्यूट, सो प्रिटी, गॉर्जियस लेडी, बवाल, सो ब्यूटीफुल और आज चांद जमीन पर जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। अवनीत कौर का ये लुक किसी भी फंक्शन और वेडिंग सेरेमनी के लिए एकदम परफेक्ट है, जिसे आप भी ट्राई कर सकती हैं।



# फिर एक होंगे नवाजुद्दीन और आलिया

नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया का रिश्ता पिछले चार से लगातार चर्चा में है। साल 2020 में दोनों के रिश्ते में अनबन की खबर सामने आई थी। इसके बाद से दोनों की लड़ाई काफी बढ़ती नजर आई। ये कपल अपनी शादी को कोर्ट कचहरी तक लेकर गया। इस बीच आलिया ने सोशल मीडिया पर नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी समेत उनके परिवार को लेकर भी कई तरह के खुलासे किए थे। इतना ही नहीं आलिया ने तलाक का केस भी दायर किया था। वह अपने बच्चों के साथ अलग रहने लगी थीं। वहीं अब सालों बाद खबर है कि दोनों ने एक बार फिर अपने रिश्ता को दूसरा मौका दिया है। आलिया ने हाल ही में अपनी और नवाजुद्दीन की 14वीं शादी की सालगिरह मनाते हुए एक फैमिली वीडियो शेयर किया था, जिससे उनके मेल-मिलाप की अटकलें लगने लगीं। एक इंटरव्यू में बताया कि, दिनों में मेरे जीवन में चीजें बदल गई हैं।



# दीपिका ने पोस्ट शेयर कर दी खुशखबरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। बॉलीवुड का ये पावर कपल जल्दी ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर दीपिका इन दिनों काफी सुर्खियों में बनीं हैं। हाल ही में दीपिका और रणवीर ने एक पोस्ट शेयर कर फैंस को अपने वाले बच्चे की खुशखबरी दी थी। इस खबर के सामने आने के बाद दीपवीर के फैंस काफी खुश हैं। लेकिन इसी बीच अब सोशल मीडिया पर दीपिका का एक क्रिप्टिक पोस्ट चर्चा में बना हुआ है। इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस काफी टेंशन में आ गए हैं। दीपिका ने इसमें महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में मॉम टू बी दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर तंज कसा है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा- 'चारों ओर देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकि आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि उन्हें सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।' दीपिका ने प्रेग्नेंसी के दौरान इस पोस्ट को क्यों किया और इसे करने के पीछे आखिर क्या वजह रही है ये तो नहीं पता, लेकिन उनके इस पोस्ट ने फैंस को चिंता में जरूर डाल दिया है। आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने हाल पिछले महीने यानी फरवरी में अपने आने वाले बच्चे की घोषणा की थी।



# "जेएनयू" का नया पोस्टर जारी

फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू ) का टीजर रिलीज़ होने के बाद ही सोशल मीडिया में सुर्ख़ियों में हैं। फ़िल्म एक कंटोवर्सिअल कहानी पर बेस्ड है। फ़िल्म का नया पोस्टर जारी किया गया हैं। इस पोस्टर में आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई के लिए उठे हाथको लाल हाथों के कब्जे में दिखाया गया हैं। यह सांकेतिक रूप से वामपंथी विचारधारा के विजय को दर्शाता हैं साथ ही पोस्टर के निचले हिस्से में जय श्री राम और लाल सलाम के झंडे लहराते हुए नजर आ रहे है। इस तरह दिखाया जा रहा हैं की एक यूनिवर्सिटी परवामपंथी विचारधारा का पूरी तरह से नियंत्रण हो गया हैं । अब इस नये पोस्टर से विवाद बढ़ने के संकेत मिल रहे है क्योकि अभी हाल में ही जेएनयू में संपन्न हुए छात्र चुनावों में लेफ्ट की जीत हुई हैं। फिल्म जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के पहले दो पोस्टर दो पोस्टर भी मीडिया की सुर्ख़ियों में रहे जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी की कहानी एक विचारधारा के बीच के टकराव की कहानी हैं। फ़िल्म राष्ट्रवाद और शैक्षणिक संस्थानों में व्याप्त राजनीति की बात करती हैं। जेएनयू राष्ट्रवाद, वैचारिक सक्रियता और छात्र आंदोलनों के मुद्दों पर चर्चा और बहस पर आधारित एक रोमांचक फ़िल्म हैं।

जेएनयू के टीज़र वीडियो में फिल्म की कहानी का मूल प्लॉट दिखाई देता है, टीज़र के पहले दृश्य में संवाद सुनाई देता हैं की जे एन यू की स्टूडेंट अपने क्लासरूम में कम और समाचारों की सुर्ख़ियों में ज्यादा पाये जाते हैं क्या जेएनयू राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केंद्र हैं। साथ ही यूनिवर्सिटी में हो रहे विरोध प्रदर्शन के दृश्य, आपराधिक साजिश और राजद्रोह के आरोप और आतंकवाद समर्थन करते हुए कुछ युवाओं का समूह बहुत ही गहरे सवाल खड़े करता दिखाई दे रहा हैं।




एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009